डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की प्रकाशित, तारीख 22.05.2023 से 28.05.2023 ▸ वर्ष-40 ▸ अंक-21 ▸ कुल ₹ 10.00

मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना

मध्यप्रदेश में युवाओं को रोज़गार के लिये प्रशिक्षण के साथ मिलेगा स्टाइपेंड - मुख्यमंत्री

राज्य सरकार रोज़गार के लिए अनेक प्रयास कर रही है, एक लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। स्व-रोज़गार के हमारे प्रयास निरंतर जारी हैं। हमारा संकल्प है कि युवाओं को बेरोज़गार नहीं रहने देंगे। इस उद्देश्य से युवाओं को रोज़गार के लिए कौशल सिखाने नई योजना लागू की जा रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मंत्रिपरिषद की बैठक में युवाओं के कौशल विकास की योजना 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' को मंजूरी देते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के संबंध में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं को कौशल सीखने के साथ भुगतान भी किया जाएगा। कौशल प्रशिक्षण के लिए कंपनियों और सर्विस सेक्टर को जोड़ा जाएगा। बेरोज़गारी भत्ता बेमानी है। नई योजना, युवाओं में क्षमता संवर्धन कर उन्हें पंख देने की योजना है, जिससे वे खुले आसमान में ऊंची उड़ान भर सकें और उन्हें रोज़गार, प्रगति और विकास के नित नए अवसर मिलें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में युवाओं को प्रशिक्षण देने वाले प्रतिष्ठानों का पंजीयन 7 जून से और काम सीखने के इच्छुक युवाओं का पंजीयन 15 जून से शुरू होगा और प्लेसमेंट 15 जुलाई से आरंभ होगा। कार्य सिखाने वाले प्रतिष्ठान और राज्य शासन के बीच 31 जुलाई से अनुबंध की कार्यवाही होगी। एक अगस्त से युवा, कार्य आरंभ कर देंगे। यह क्रांतिकारी योजना युवाओं को बैसाखी पर चलना नहीं, अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाएगी। कार्य से सीखने की अवधि में युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

आठ से दस हजार रुपये तक होगा स्टाइपेंड

प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि योजना से देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित औद्योगिक तथा निजी संस्थानों को जोड़ा जाएगा। प्रतिष्ठान के पास पैन नंबर और जीएसटी पंजीयन होना आवश्यक होगा। प्रतिष्ठान अपने कुल कार्यबल के 15 प्रतिशत की संख्या तक छात्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दे सकेंगे। योजना में 12वीं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को 8 हजार रुपये, आईटीआई उत्तीर्ण को 8 हजार 500 रुपये, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रुपये और स्नातक उत्तीर्ण या उच्च शैक्षणिक योग्यता वालों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। स्टाइपेंड की 75 प्रतिशत राशि राज्य शासन की ओर से प्रशिक्षणार्थी को डीबीटी से भुगतान की जायेगी। संबंधित प्रतिष्ठान को निर्धारित न्यूनतम स्टाइपेंड की 25 प्रतिशत राशि प्रशिक्षणार्थी के बैंक खाते में जमा करानी होगी।

18 से 29 वर्ष के युवा होंगे पात्र

योजना में कम से कम एक लाख युवाओं को प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी, 18 से 29 वर्ष के युवा, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं अथवा आईटीआई या उच्च है, वे योजना में पात्र होंगे। प्रशिक्षण के बाद मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड (MPSSDEGB) द्वारा स्टेट काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (SCVT) का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। योजना से युवाओं को प्रशिक्षण के साथ स्टाइपेंड मिलेगा, कौशल उन्नयन से उनके रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे और कमाई का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा।

योजना में प्रशिक्षण के लिए 703 कार्य क्षेत्र चिन्हित

योजना में प्रशिक्षण के लिए 703 कार्य-क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। इसमें विनिर्माण क्षेत्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, प्रबंधन, मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म, ट्रेवल, असपताल, रेलवे, आई.टी. सेक्टर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बैंकिंग, बीमा, लेखा, चार्टर्ड एकाउंटेंट और अन्य वित्तीय सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठानों को जोड़ा जाएगा। मीडिया, कला, कानूनी और विधि सेवाएं, शिक्षा-प्रशिक्षण तथा सेवा क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठान भी योजना में सम्मिलित होंगे।

योजना से प्रशिक्षणार्थियों को उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक और प्रक्रियाओं में दक्षता प्राप्त होगी, जिससे उनके नियमित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। योजना से प्रमुख प्रतिष्ठानों को जोड़ने के लिए पुणे, बेंगलुरु और नोएडा में कार्यशालाएं की जाएंगी।

मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों में 25 मई से प्रारंभ होंगे प्रवेश

भोपाल, मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा से संबंधित सभी 1304 से अधिक शासकीय और निजी महाविद्यालयों में अकादमिक-सत्र 2023-24 के लिए 25 मई से प्रवेश प्रारंभ होंगे। प्रवेश प्रक्रिया में एक मुख्य चरण और तीन सीएलसी राउंड होंगे। प्रवेश प्रक्रिया epravesh.mponline.gov.in के माध्यम से पूरी तरह ऑनलाइन होगी। विद्यार्थियों को अपने दस्तावेज के सत्यापन के लिए महाविद्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। इस वर्ष स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए भी ई-सत्यापन प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। अधिभार का लाभ लेने वाले आवेदकों का भी हेल्प सेन्टर द्वारा ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। ये जानकारी उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी।

डॉ. यादव ने बताया कि ई-प्रवेश के लिये मार्गदर्शिका जारी की जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया स्टूडेंट फ्रेंडली बनाने एवं सुचारु संचालन के लिए 1200 प्राध्यापकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को प्रशासन अकादमी से ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षित प्राध्यापक मास्टर ट्रेनर के रूप में कॉलेज के अन्य स्टाफ को प्रशिक्षण दे रहे हैं। साथ ही अशासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों तथा एमपी ऑनलाइन के किओस्क संचालकों के साथ प्रवेश को लेकर महाविद्यालय स्तर पर चर्चा कर उन्हें प्रवेश सम्बन्धी जानकारी दी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने के प्रयास किए गए हैं। विद्यार्थी त्रुटि होने पर ऑनलाइन शुल्क जमा कर पूर्व महाविद्यालय के हेल्प सेंटर से सुधार कर सकेंगे और पुनः विकल्प का चयन कर सत्यापन की प्रक्रिया कर सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्तीकरण पर प्रवेश शुल्क राशि खाते में वापस ट्रांसफर की जाएगी।

मूंग खरीदी के लिए 31 मई तक होंगे पंजीयन - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में ग्रीष्मकालीन मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए पंजीयन की तारीख 31 मई तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पहले यह तारीख 19 मई तक थी।

प्रदेश में मूंग के अधिक उत्पादन वाले 32 जिलों में नर्मदापुरम्, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर, देवास, सागर, गुना, खंडवा, खरगोन, कटनी, दमोह, विदिशा, बड़वानी, मुरैना, बैतूल, श्योपुरकलां, भिंड, भोपाल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, छतरपुर, उमरिया, धार, राजगढ़, मंडला, शिवपुरी, अशोकनगर, बालाघाट और इंदौर में पंजीयन केंद्र खोले गए हैं।

- **पिछला समाह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

मुख्यमंत्री की जिला और ब्लॉक समन्वयकों से चर्चा

पेसा नियम को धरातल पर उतारने में कमी नहीं रहने दें - मुख्यमंत्री

भोपाल, पेसा नियम को धरातल पर उतारने की जवाबदारी पेसा समन्वयकों की है। सरकार और जनता के बीच पेसा समन्वयक सेतु का कार्य करें। अथक प्रयास से पेसा नियम का क्रियान्वयन हो। अनुसूचित जनजाति के लोगों को पेसा नियम की जानकारी देकर जागरूक करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन में पेसा नियम के क्रियान्वयन के लिए बनाये गये जिला और ब्लॉक समन्वयकों से चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके सहयोग से हम पेसा नियम को समाज की भलाई और कल्याण के लिए नीचे तक लागू करके रहेंगे। आपके द्वारा किए जा रहे नवाचारों से मुझे संतोष महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में जनजातियों के अधिकार उन्हें भलीभांति समझाये जायें। ग्राम सभा के दायरे में आने वाले अधिकारों को आप ढंग से समझकर जनता को जानकारी दें।

श्री चौहान ने कहा कि जनजाति समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए अभियान के रूप में कार्य करें। मैंने अपनी जिंदगी को गरीबों के कल्याण और विकास का मिशन बना लिया है। आप भी अपनी जिंदगी को मिशन बनाकर कार्य करें। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों की जिंदगी बदलने के लिए बनाई गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक अमले के साथ आप लोग जिद, जुनून और जज्बे से कार्य करें। मनोबल अच्छा रखकर अपने कार्य में जुटे रहें। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए अनेक सुविधायें प्रदान की जा रही हैं। बच्चों को निःशुल्क साइकिल, पुस्तकें, गणवेश, छात्रवृत्ति और छात्रावास आदि की सुविधायें दी जा रही हैं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में गरीबों को रहने के लिए जमीन के पट्टे भी राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं। आप लोग शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कोशिश करें।

बहनों के खातों में 10 जून को डाली जाएगी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये लाड़ली बहना योजना की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत अगले माह से बहनों के खाते में राशि डाली जाएगी। इसके लिए आवश्यक तैयारी कर ली जाए। कलेक्टर्स ध्यान देकर कार्यवाही करें कि हर हालत में 10 जून को बहनों के बैंक खाते में राशि डाल दी जाए। झाबुआ जिले में 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों में आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय खातों की कार्यवाही हो चुकी है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनन्तिम सूची पोर्टल पर उपलब्ध है। ग्राम पंचायतों में सूची को चस्पा भी कराया जाए। आवेदनों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों की ठीक ढंग से जांच करें। कोई भी पात्र बहना लाभ से वंचित न रहे। बहनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

श्री चौहान ने कहा कि गेहूं की खरीदी के बाद भुगतान में देरी न हो। पंचायतों में 25 लाख रुपये तक की राशि के कार्य पंचायतें ही करेंगी। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से 25 लाख रुपये तक के कार्य नहीं कराए जाएं। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपनी पंचायत में कार्य करने का हक है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

13 मई

सुप्रीम कोर्ट में ई-फाइलिंग 2.0 सेवा की हुई शुरुआत

● सुप्रीम कोर्ट में अब केस दाखिल करना आसान हो गया है। सुप्रीम कोर्ट में अब

ई-फाइलिंग सेवा के जरिए 24 घंटे मामले दायर किये जा सकेंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश श्री डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में ई-फाइलिंग 2.0 सेवा की शुरुआत की। मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में ई-सेवा केंद्र का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से मामले दायर करने की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि जिन वकीलों के पास ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं है या जो तकनीक से परिचित नहीं हैं उनकी सहायता के लिए दो सुविधा केंद्र भी खोले गए हैं। सभी वकील ई-फाइलिंग सेवा का उपयोग करें। मुख्य न्यायाधीश ने देशभर में ई-अदालतों और मामलों की ई-फाइलिंग सेवा के उपयोग की वकालत की है।

● अमेरिकी विमानन कंपनी बोइंग ने कहा है कि भारत में विमानों की बिक्री की अपार संभावनाएं हैं। कंपनी ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एविएशन मार्केट में से एक है। भारत में अगले दो दशक के दौरान लगभग 2200 नए विमानों की आवश्यकता होगी। इस हिसाब से हर वर्ष 110 से ज्यादा नए विमान खरीदे जायेंगे। इनमें से 1983 सिंगल जेट विमान होंगे। बोइंग कंपनी की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है जब घरेलू विमानन कंपनी गो-फर्स्ट की उड़ानों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

14 मई

सीबीएसई ने विद्यार्थियों के लिए शुरू की काउंसलिंग

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट

घोषित करने के बाद विद्यार्थियों को तनाव से बचाने के लिए काउंसलिंग शुरू कर दी है। सीबीएसई ने कहा कि छात्रों में तनाव बढ़ रहा है। इसके चलते कई छात्र अनुचित कदम उठा रहे हैं। इसे देखते हुए छात्रों और अभिभावकों के लिए साइकोलॉजिक काउंसलिंग शुरू की गई है, जो 27 मई तक चलेगी। काउंसलिंग के दौरान पहले चरण में परीक्षा और परिणामों से संबंधित मनोवैज्ञानिक समस्याओं को दूर करने तथा दूसरे चरण में विशेषज्ञ टेली काउंसलिंग करेंगे।

● अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक पारित किया गया है। यह विधेयक पारित करने वाला कैलिफोर्निया अमेरिका का पहला राज्य बन गया है। इस विधेयक को कैलिफोर्निया की सीनेटर आयशा वहाब ने पेश किया था। इस विधेयक को एसबी 403 नाम दिया गया है। इस विधेयक में मौजूदा कानून में बदलाव किये जाने और जाति को भी भेदभाव का आधार बनाया गया है। अब इस विधेयक को राज्य के अपर हाउस में भेजा जायेगा। अपर हाउस से पारित होने के बाद यह विधेयक गवर्नर के हस्ताक्षर के लिए जायेगा।

15 मई

मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही बनेंगे 928 रक्षा उत्पाद

● रक्षा मंत्रालय ने 928 कलपुर्जों और उप प्रणालियों की एक नई सूची को मंजूरी प्रदान की है, जिन्हें सिर्फ घरेलू उद्योगों से खरीदा जा सकेगा। इन वस्तुओं के आयात पर अगले पांच वर्षों में धीरे-धीरे प्रतिबंध लगा दिया जायेगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह कदम रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के सरकार के समग्र उद्देश्य के अनुरूप है। मंत्रालय के अनुसार इन 928 रक्षा उत्पादों के आयात पर लगभग 715 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। मंत्रालय द्वारा यह चौथी सूची है, जिसमें रिएलेसमेंट यूनिट्स, उप प्रणालियों और विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्म, उपकरणों और हथियारों में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जे के आयात पर रोक लगाई गई है। देश में अगले पांच वर्षों में रक्षा उत्पादन में 1.75 लाख करोड़ रुपये के टर्नओवर का लक्ष्य रखा गया है।

● कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) परीक्षा-2022 का परिणाम जारी किया है। इस

परीक्षा के जरिए देशभर में लगभग 36 हजार अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और मंत्रालयों में नियुक्ति मिली है। एसएससी ने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया आठ महीने में पूरा कर आयोग ने एक रिकॉर्ड बनाया है। आयोग ने भर्ती प्रक्रिया में बदलाव कर यह उपलब्धि हासिल की है। एसएससी ने सीजीएल-2022 के लिए सितम्बर-अक्टूबर 2022 में ऑनलाइन आवेदन लिये थे। सीजीएल-2022 के लिए 31 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

16 मई

यूजीसी ने नेशनल हायर एजुकेशन क्वालिफिकेशंस फ्रेमवर्क किया लागू

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों को नेशनल हायर एजुकेशन क्वालिफिकेशंस फ्रेमवर्क को लागू करने के निर्देश जारी किया है। इस फ्रेमवर्क में उच्च शिक्षा में लचीलापन दिया गया है, जिसके तहत पढ़ाई को बीच में छोड़ने के बावजूद उस समय तक हासिल की गई योग्यता के हिसाब से प्रमाणपत्र जारी करने की व्यवस्था की गई है। डिग्री कोर्स के दौरान पहले वर्ष में दो सेमेस्टर पूरा करने पर विद्यार्थी को अंडर ग्रेजुएट सर्टिफिकेट मिलेगा, दो वर्ष में चार सेमेस्टर पूरा करने पर अंडर ग्रेजुएट डिप्लोमा, तीन वर्ष पूरा करने पर बैचलर डिग्री और चार वर्ष में आठ सेमेस्टर पूरे करने पर ऑनर्स के साथ बैचलर डिग्री मिलेगी।

● संयुक्त राष्ट्र में सुधार का विरोध कर रहे विकसित देशों को भारत के विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने फटकार लगाई है। विदेश मंत्री ने स्टॉकहोम में यूरोपीय संघ एवं हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) में संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का विरोध कर रहे देशों पर निशाना साधते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुरानी प्रणाली से लाभ उठाने वाले देश बदलावों का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे विशेषाधिकार की स्थिति कमजोर हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इन दिनों विश्व में सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग तेजी से उठ रही है।

17 मई

भारत और चीन के बीच हुई मेजर जनरल स्तर की वार्ता

● भारत और चीन के बीच चल रहे सीमा विवाद को हल करने के लिए दोनों देशों की सेनाओं के बीच लगातार बातचीत चल रही है। इसी कड़ी में भारत और चीन के बीच मेजर जनरल स्तर की वार्ता हुई। यह वार्ता लद्दाख में दौलत बेग ओल्डी सेक्टर में हुई। वार्ता में दोनों पक्षों ने सीमा पर जारी गतिरोध को हल करने के तरीकों पर चर्चा की। वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली ने किया। भारतीय सेना ने कहा कि यह एक नियमित प्रक्रिया है। दोनों देशों के बीच मई 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद पूर्वी लद्दाख स्थित एलएसी पर गतिरोध बना हुआ है।

● अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने अमेरिका में मंदी संभावना पर चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिका सरकारी कर्ज की अदायगी में विफल होता है, तो इससे लाखों अमेरिकियों को भुगतान का संकट हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे मंदी को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में लोगों की नौकरियां और व्यवसाय प्रभावित होंगे। येलेन ने कहा कि देश में अभूतपूर्व आर्थिक और वित्तीय संकट के संभावित व्यवधानों से सरकार के संचालन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। यह वित्तीय संकट मंदी की गंभीरता को बढ़ा सकता है।

18 मई

सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर उत्पादन प्रोत्साहन योजना को मिली मंजूरी

● केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) हार्डवेयर के उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विन वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 17 हजार करोड़ रुपये की आईटी हार्डवेयर के उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को 6 वर्ष के लिए मंजूरी प्रदान की है। इस प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिलने से आईटी हार्डवेयर सेक्टर में लगभग 3.35 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी और लगभग 2500 करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को मिलने वाली खाद पर सब्सिडी जारी रखने का फैसला किया है। केंद्र सरकार खरीफ सीजन की फसल के लिए सब्सिडी में 1.08 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी।

● रूस और यूक्रेन के बीच खाद्यान्न निर्यात के लिए हुआ समझौता आगे भी जारी रहेगा। रूस ने यह समझौता जारी रखने पर सहमति प्रदान की है। यह जानकारी तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप रिसेप एर्दोगन ने दी। एर्दोगन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में हुए इस समझौते को रूस और यूक्रेन दो महीने के लिए और जारी रखने के लिए तैयार हुए हैं। अब रूसी नौसेना की घेराबंदी वाले काला सागर के जरिए यूक्रेन का खाद्यान्न निर्यात जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस समझौते के तहत युद्ध के बावजूद रूस और यूक्रेन खाद्यान्न का निर्यात पूरे विश्व में कर रहे हैं। पहले यह समझौता 18 मई को समाप्त होने वाला था।

19 मई

इसरो जुलाई में लॉन्च करेगा मिशन चंद्रयान-3

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यान को उतारने के लिए मिशन चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। इसरो ने कहा कि यदि योजना के अनुसार तैयारियां पूरी होती हैं, तो मिशन चंद्रयान-3 को जुलाई के दूसरे सप्ताह में लॉन्च किया जायेगा। इसरो ने कहा कि इस वर्ष मार्च में चंद्रयान-3 ने प्रक्षेपण से पहले सभी जरूरी परीक्षणों को पूरा किया है। इन परीक्षणों में यान को लॉन्च के दौरान कठोर कंपन और ध्वनिक वातावरण को संतुलित करने की पुष्टि की गई। मिशन चंद्रयान-3 के तहत यान लैंडिंग स्थल के आसपास के क्षेत्र में चट्टान, धूल, चंद्र भूकंपीयता, सतह प्लाज्मा वातावरण और मौलिक संरचना आदि के अध्ययन के लिए वैज्ञानिक उपकरणों को लेकर जाएगा।

● भारत ने मोचा तूफान से प्रभावित म्यांमार में मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन करुणा शुरू किया है। विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने बताया कि ऑपरेशन करुणा के तहत भारत की ओर से राहत सामाग्री लेकर तीन जहाज यंगून भेजे गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि इन जहाजों के माध्यम से आपातकालीन खाद्य सामाग्री, टेंट, आवश्यक दवाएं, पानी के पंप, पोर्टेबल जेनरेटर और कपड़े भेजे गए हैं। श्री जयशंकर ने बताया कि मोचा तूफान से प्रभावित म्यांमार में मदद पहुंचाने वाला भारत पहला देश है।

20 वर्षों के अनुभव के साथ
Join-ONE YEAR COURSE
PNST NEET CUET
9th 10th 11th 12th
PCM PCB ARTS COM.
100% Result 8am to 8pm

PNST - 40 दिन क्रैश कोर्स
बालाजी ट्यूटोरियल्स
(Since 2004)
221 वेदा विलेज्यू, भँवरकुआ इन्दौर 98930-53653
R-48557/2023

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण

में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक		ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंटी (Sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंटी (Sq Per cm)
1.	डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2.	कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3.	कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 21 22.05.2023 से 28.05.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
● सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड का गठन होगा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर में कुशवाहा समाज के संभागीय सम्मेलन में दस करोड़ रुपये की लागत से लव-कुश मंदिर और धर्मशाला निर्माण की घोषणा की। मंदिर के लिये 5 करोड़ और धर्मशाला के लिये 5 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने स्थल चयन के लिये कुशवाहा समाज को जिम्मेदारी सौंपी है, जो स्थान चयनित होगा उसी स्थल पर एक छात्रावास भी बनेगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अध्यक्ष को मंत्री का दर्जा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री सागर में अखिल भारतीय कुशवाहा समाज के संभाग स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे युवा जिनको पढ़ाई के बाद रोज़गार उपलब्ध नहीं हुआ, उनको काम सीखने के लिये स्थान तय किये जा रहे हैं, जिससे वे कार्य सीखकर किसी उद्योग-धंधे में लग सकें। काम सीखने के दौरान उन्हें 8 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशवाहा समाज मेहनती और परिश्रमी है, जो खून-पसीने की कमाई से अपनी जीविकोपार्जन करता है। समाज का इतिहास गौरवशाली है। इस समाज के अनेक साम्राज्य रहे, जिन्होंने सेवा भावना से कार्य किया और सभी समाजों का कल्याण किया। स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने के साथ ही अंग्रेजों के छक्के भी छुड़ाए। देश सेवा में सर्वस्व न्यौछावर करने में कोई कसर समाज ने नहीं छोड़ी। वास्तव में कुशवाहा समाज देशभक्त समाज है। जिसने अन्य समाजों का कल्याण भी किया है। उन्होंने कुशवाहा समाज का आह्वान किया वे अपने प्रतिभाशाली बच्चों की बेहर पढ़ाई की दिशा में प्रयास करें। मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रतिभाशाली गरीब बच्चों का प्रवेश होने पर उनकी फीस राज्य सरकार भर रही है। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिन्दी में कराने की शुरुआत की गयी है। अब मध्यप्रदेश में प्रायवेट स्कूलों से अच्छे सीएम राइज स्कूल बन रहे हैं। सरकार ने अब सरकारी स्कूल से निकले बच्चों को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिये 5 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का निर्णय लिया है। महिलाओं के उत्थान की दिशा में भी सरकार ने अनेक कार्य किये हैं। लाड़ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री कन्या विवाह और लाड़ली बहना योजना को लागू कर महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने की सार्थक पहली की गयी है। मुख्यमंत्री ने कुशवाहा समाज से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ दिलवायें। इस अवसर पर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐसे समाजों को पहचान दी है, जिन्हें आगे आने का कभी मौका नहीं मिलता था। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि माता सावित्रीबाई फुले की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने और उनकी जयंती पर शासकीय कार्यक्रम करने की दिशा में भी कार्यवाही की गयी है।

ब्लू होल से खुलेंगे पृथ्वी के राज

पृथ्वी के बारे में जानना हमेशा से एक कौतूहल का विषय रहा है। पृथ्वी का स्वरूप इतना बड़ा है कि विभिन्न विषयों पर इस पर लंबे समय से शोध हो रहे हैं। ब्लू होल के बारे में ऐसा कहा जाता है कि इससे पृथ्वी के अनेक राज खुलने में मदद मिल सकती है। वैज्ञानिकों को समुद्र की गहराई में दुनिया का सबसे बड़ा ब्लू होल मिला है। यह ब्लू होल मैक्सिको में युकाटन प्रायद्वीप के तट पर मौजूद है। शोधकर्ताओं के मुताबिक चेतुमल खाड़ी गुफा में पानी के नीचे करीब 900.2 फीट की गहराई में है और यह 1,47,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है। ब्लू होल से पृथ्वी के निर्माण के बारे में जानकारी मिल सकती है। दुनिया का सबसे बड़ा गहरा ब्लू होल दक्षिण चीन सागर में है, जिसका नाम ड्रैगन होल है। इसे 2016 में खोजा गया था। यह 980 फीट से ज्यादा गहरा है। मैक्सिको में जो ब्लू होल मिला है उसका नाम ताम जा रखा गया है। इसका अर्थ होता है गहरा पानी। मैक्सिको के नेशनल कांउसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी केंद्र के वैज्ञानिकों ने 2021 में इसकी खोज की थी, अब इसके बारे में जानकारी को सार्वजनिक किया गया है। ब्लू होल को समुद्र के नीचे पाये जाने वाले बड़े सिंक होल या खड़ी गुफाएं कहते हैं। यह तटीय क्षेत्र में पायी जाती हैं। ब्लू होल में कोरल, समुद्री कछुये और पौधे मौजूद होते हैं। इनमें ऑक्सीजन कम और सूरज की रोशनी केवल सतह पर होती है। ब्लू होल तब बनते हैं, जब समुद्र का पानी चूना पत्थर से मिलता है। चूना पत्थर बहुत ढीला होता है, इसलिये पानी आसानी से चट्टान में घुस जाता है। हिम युग में समुद्र के पानी का स्तर धीरे-धीरे गिर गया। तब इस वजह से जमीन में गहरी गुफाएं बन गईं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस 17 मई

वैश्विक हित में सूचना और संचार तकनीक का हो उपयोग

स्कूल में बच्चों को पढ़ाना हो या फिर खराब स्वास्थ्य के लिए शहर के किसी डॉक्टर की मदद से गांव में इलाज करना हो या फिर कोई महत्वपूर्ण संदेश दूर शहर में कहीं भेजना हो यह सभी अब सूचना और संचार तकनीक के माध्यम से संभव है।

दूरसंचार के माध्यम जैसे रेडियो से लेकर टेलीविजन, मोबाइल, इंटरनेट, सेटेलाइट और सोशल मीडिया के विकास की कहानी भी काफी दिलचस्प है। हर दौर में नई जिज्ञासाओं और पहले से नवीन आविष्कार की चाह ने संभावनाओं और सफलताओं के नए द्वार खोले हैं। दूरसंचार माध्यमों की शुरुआत तो टेलीग्राफ के आविष्कार के साथ ही हो गई थी, जो समय के साथ अत्याधुनिक होती गई। 1844 में सैमुअल मॉर्स ने टेलीग्राफ यानि तार के जरिए वाशिंगटन और बाल्टिमोर के बीच न्यूज भेजने का प्रदर्शन करके दिखाया। इसके बाद संदेशों और सूचनाओं को विद्युत चुम्बकीय तरंगों के जरिए भेजने का प्रयास शुरू हुआ और 1864 में स्कॉटिश भौतिक विज्ञानी जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने अपने समीकरणों के इस्तेमाल से पहली बार माइक्रोवेव प्रतिलेख की खोज की। लेकिन इस क्षेत्र में सबसे क्रांतिकारी आविष्कार जर्मन भौतिकशास्त्री हेनरिक हर्ट्ज ने 1888 में किया। जब उन्होंने विद्युत चुम्बकीय तरंगों यानि इलेक्ट्रॉनिक्स वेव को उत्पन्न किया और उसे स्थांतरित करने में सफलता प्राप्त की। बाद में इलेक्ट्रॉनिक्स वेव्स पर रेडियो, टीवी और मोबाइल का आविष्कार हुआ और देखते-देखते संचार के इन माध्यमों ने पूरी दुनिया को बदल डाला। मैक्सवेल के सिद्धांत पर ही 1893 में गुग्लेल्मा मार्कोनी ने पहली बार विद्युत चुम्बकीय तरंगों को लगभग तीन किलोमीटर भेजकर दूरसंचार के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत की। यह एक ऐसा प्रयोग था, जिसने साबित कर दिया कि दुनिया में कहीं भी लंबी दूरी तक बिना तार के संदेश भेजे जा सकते हैं। यानी मार्कोनी का वह अविष्कार हमारी आज भी ताकत बना हुआ है। लगातार चल रहे सूचना और संचार तकनीक के इस संघर्ष और सफलता के सफर की ताकत की अहमियत को याद रखने और इस क्षेत्र में निरंतर बेहतर करने के लिए ही प्रतिवर्ष विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस 17 मई को मनाया जाता है।

जो कमजोर हैं उन्हें सशक्त बनाएं

प्रतिवर्ष विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस एक विशेष थीम पर मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम Empowering the least developed countries through information and communication technologies है, जिससे आशय यह है कि सूचना और संचार तकनीक के माध्यम से कम विकसित देशों का विकास करना है। अल्प विकसित देशों पर दोहा में आयोजित हुई पांचवीं कॉन्फ्रेंस (LDC5) में 2030 के सतत विकास पर चर्चा हुई। अल्प विकसित देशों में रहने वाले लोग आज भी कम संसाधनों के संग जीवन जीते हैं, इंटरनेट के बिना जीवन यापन करने वाले करोड़ों लोग इन कम विकसित देशों के ही निवासी हैं। इसलिए इन कम विकसित देशों में रह रही युवा पीढ़ी के जीवन को बेहतर बनाने और सतत विकास के लिए उन्हें भी संचार और सूचना तकनीक से समृद्ध करने की आवश्यकता है। वर्ष 2023 का लक्ष्य भी यही है कि कम संसाधनों

में जीवन जी रहे इन देशों को सूचना और संचार तकनीक के सहयोग से सुदृढ़ कर वैश्विक दुनिया की मुख्यधारा संग जोड़ना है।

विश्व दूरसंचार दिवस की शुरुआत

वर्ष 1865 में अंतर्राष्ट्रीय टेलीग्राफ कन्वेंशन अस्तित्व में आया था। उसकी याद में पहली बार 17 मई 1969 को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार दिवस मनाया गया। नवंबर 2005 में इन्फॉर्मेशन सोसायटी की वर्ल्ड समिट में संयुक्त राष्ट्र से 17 मई को विश्व दूरसंचार दिवस मनाने के लिए कहा गया। मार्च 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प लिया कि विश्व सूचना सोसायटी दिवस 17 मई को मनाया जाएगा, उसी वर्ष के अंत में आईटीयू प्लेनिपोटेंशियरी सम्मेलन में, टर्की में, यह निर्धारित किया गया कि इस आयोजन को विश्व दूरसंचार और सूचना सोसायटी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि प्रौद्योगिकियों के महत्व पर ध्यान दिया जाए और साथ ही विभिन्न आर्थिक और सामाजिक मुद्दों को भी उठाया जाए जो शिखर सम्मेलन में उठाए गए थे।

संचार क्रांति ने सरल बनाया जीवन

एक वक्त ऐसा भी था जब सूचना पहुंचाने के लिए इंसानों को एक जगह से दूसरी जगह चलकर जाना होता था और संदेश या सूचना पहुंचाने में महीनों लग जाते थे। फिर संचार माध्यम के रूप में समाचार-पत्र आए। आजादी की लड़ाई में अखबार, रेडियो और पत्र-पत्रिकाओं ने अहम भूमिका निभाई। वहीं आज कोई भी सूचना दुनिया के किसी भी कोने में तुरंत पहुंच जाती है तो इसका श्रेय सिर्फ दूरसंचार तकनीक को है। दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाला आम आदमी दूरसंचार के नए-नए माध्यमों के जरिए हाईटेक हो रहा है। फसलों को बोने, पानी देने आदि के संबंध में सभी जानकारी से लेकर मौसम की जानकारी के साथ ही शासन की नीति से लेकर नवीनतम सूचनाओं तक को किसान इसी दूरसंचार तकनीक और इंटरनेट के जरिए प्राप्त कर रहे हैं। वहीं बच्चों के स्कूल-कॉलेज में एडमिशन फॉर्म से लेकर ऑफिस में कामकाज के तरीकों में आज काफी बदलाव आ गया है। दूरसंचार माध्यमों के बदौलत ही भारत में ई-गवर्नेंस से लेकर डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रम सफल हो पा रहे हैं। जिसका मकसद भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में परिणत करना है। दूरसंचार के साधनों ने मनोरंजन, समाचार, शिक्षा के विकेंद्रीकरण से लेकर लोगों के जीवनशैली बदलने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हर हाथ में दिखने वाला मोबाइल कभी दूर की कौड़ी लगता था। मोबाइल फोन अब लग्जरी नहीं, बल्कि देश में करोड़ों से ज्यादा लोग मोबाइल इस्तेमाल कर रहे हैं। देश में दूरसंचार घनत्व कुल जनसंख्या का करीब 88 फीसदी है। शहरी क्षेत्रों में यह घनत्व लगभग 155 फीसदी तो ग्रामीण क्षेत्रों में 58 फीसदी के करीब है। मोबाइल ने जहां शहर और गांवों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाई है। टेलीविजन दूरसंचार के सबसे सशक्त माध्यमों में से एक है जो अपनी जीवतंता और बिना देरी किए खबरों को पहुंचाने के लिए जाना जाता है। भारत की बात करें तो प्रायोगिक तौर पर टेलीविजन का प्रसारण पहली बार 15 सितंबर 1959 को दिल्ली से शुरू हुआ और 1975 तक केवल सात शहरों में ही टेलीविजन सेवा शुरू हो पाई थी। इसके बाद भारत में रंगीन टीवी और राष्ट्रीय प्रसारण 1982 में शुरू हुए। आज भारत में करोड़ों टेलीविजन सेट हैं जो देश के सौ करोड़ से ज्यादा लोगों को सूचना पहुंचा रहे हैं और उनका मनोरंजन कर रहे हैं। टेलीविजन लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ समाचार और सूचनाओं की जानकारी देने वाला बेहद सशक्त माध्यम है जिसपर लोग भरोसा करते हैं। दूरसंचार क्रांति को सफल बनाने में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है। इसमें कोई शक नहीं है कि जिन लोगों की पहुंच इंटरनेट तक है उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंटरनेट ने सिर्फ लोगों के जीवन को ही सरल नहीं बनाया है बल्कि दुनिया भर की असंख्य सूचनाओं तक उनकी पहुंच को संभव किया है। इंटरनेट सिर्फ सूचनाओं के लिहाज से ही नहीं, बल्कि सोशल नेटवर्किंग से लेकर स्टॉक एक्सचेंज, बैंकिंग, ई-शॉपिंग आदि कई चीजों के लिए अहम बन चुका है।

5G तकनीक का आरंभ

कुछ सालों पहले ही भारत में 4जी की तकनीक आई थी और अब इसके बाद 5जी नई जनरेशन के लिए आ गया है जो अल्ट्रा लो लेटेंसी (Ultra low latency) के साथ पहले की तुलना में तेज और अधिक विश्वसनीय संचार सेवाएं प्रदान करना शुरू कर चुका है।

इंटरनेट के दुरुपयोग पर भी जरूरी है रोक

कई बार गलत और भ्रामक खबरें समाज में तनाव उत्पन्न करती हैं। जिस उम्र में व्यक्ति के जीवन का लक्ष्य खुद को आगे बढ़ाना और बेहतर बनाना होना चाहिए उस उम्र में किशोर 1.5 जीबी या 2 जीबी डेटा दिनभर में खत्म करने का लक्ष्य बना बैठता है। अश्लीलता परोसने वाली वेबसाइटें समाज में व्याभिचार और दुराचार को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। साइबर क्राइम भी एक बड़ी चुनौती है जिसकी आड़ में कुछ लोग अपने स्वार्थ पूरे करने के लिए अफवाह फैलाकर साइबर युद्ध जैसे हालात उत्पन्न करने की कोशिश में लगे रहते हैं। कम्प्यूटर और मोबाइल पर ज्यादा समय बिताने से अवसाद, अनिद्रा और आंखों से संबंधित बीमारी हो सकती हैं। इंटरनेट पर समय बिताने से उत्पादकता प्रभावित होती है। मोबाइल में व्यस्त रहने से लोग परिवार के बीच कम समय दे पाते हैं, जिसकी वजह से रिश्तों में भी नकारात्मक प्रभाव दिखने लगे हैं। इंटरनेट की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए इस तरह की गतिविधियों पर लगाम लगाने की सख्त जरूरत है। साथ ही सोशल मीडिया जैसे वाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर भी खबरों की विश्वसनीयता और सार्थकता को परखने की आवश्यकता है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 1619/23/2022/चयन इंदौर, दिनांक : 4 मई 2023

पदनाम - नेत्र रोग विशेषज्ञ

चयन - सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक **09/2022 दिनांक 17.08.2022** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में **लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग** के अंतर्गत विज्ञापित पद - **नेत्र रोग विशेषज्ञ** के कुल - 29 पद (अनारक्षित-08, अ.जा.-04, अ.ज.जा.-06, अ.पि.वर्ग-08, ई.डब्ल्यू.एस.-03) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद - अनारक्षित-03, अ.जा.-01, अ.ज.जा.-02, अ.पि.वर्ग-03, ई.डब्ल्यू.एस.-01 (कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद - अस्थिबाधित-01, दृष्टिबाधित-निरंक, श्रवणबाधित-01 एवं बहु-दिव्यांग-निरंक पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 29.04.2023** को आयोजित किए गए।

2/ म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें के पत्र क्रमांक /1-जी-विज्ञप्र/सेल-संविदा/2022/1655 दिनांक 18.11.2022 में उल्लेखित रिक्ति विवरण के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 01/09/2022 दिनांक 24.11.2022 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 09/2022 दिनांक 17.08.2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, चयन परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 24.11.2022 के बिन्दु क्रमांक 3 में उल्लेखित कंडिका के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात् घोषित किया जाएगा।

3/ अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

1. नेत्र रोग विशेषज्ञ (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)

पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	8	4	6	4	3	25
इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद	3	1	2	2	1	
कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	1					
कुल पदों में से श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	1					

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग		Seat	श्रेणी
1.	8597	POORVA SHRIVASTAVA	F		UNRF	UNR
2.	8554	ADITI VIDHA	F		UNRF	UNR
3.	8564	VARUN UPADHYAY	M	प्रावधिक	UNR	UNR
4.	8565	ANKITA GOEL	F		UNRF	UNR
5.	8571	MRS PRIYANKA BILTHARIYA	F		UNR	UNR
6.	8524	VIVEK SINGHAL	M	प्रावधिक	UNR	UNR
7.	8516	RAHUL SINGH	M	प्रावधिक	SC	SC
8.	8523	SHALABH AMRAWANSHI	M		SC	SC
9.	8588	SHUBHAM NAMDEO	M	प्रावधिक	OBC	OBC
10.	8551	REVA KANASH	F		STF	ST
11.	8555	PRIYANKA YADAV	F		OBCF	OBC
12.	8550	GIRIRAJ BADONE	M	प्रावधिक	OBC	OBC
13.	8602	PRIYANKA MANDRAHA	F	प्रावधिक	SCF	SC
14.	8601	SWATI PRAJAPATI	F		SC	SC
15.	8573	BHAWANA BHALAVI	F	प्रावधिक	STF	ST
16.	8598	SHIKHA KUDAPE	F	प्रावधिक	ST	ST
17.	8584	SHEETAL MORSKOLE	F		ST	ST
18.	8519	SANCHIYKA THAKUR	F		ST	ST
19.	8606	SHAILJA PATEL	F	प्रावधिक	OBCF	OBC
20.	8525	PREETI WASKEL	F	प्रावधिक	ST	ST

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग		श्रेणी
1.	8577	PRIYANKA AGGRAWAL	F	प्रावधिक	UNR
2.	8566	AAKANKSHA PATEL	F		UNR
3.	8576	RAHUL CHOUBEY	M		UNR
4.	8501	DIVYA KHANDELWAL	F	प्रावधिक	UNR
5.	8534	VINOD BARDE	M	प्रावधिक	OBC
6.	8537	PUSHPRAJ SINGH	M	प्रावधिक	OBC
7.	8504	SHIVENDRA SA	M		SC
8.	8574	PREETI BAMHANE	F		SC
9.	8604	VIBHA PAL	F	प्रावधिक	OBC
10.	8522	SHRUTI CHAUDHARY	F		SC
11.	8512	KAVITA SAHU	F	प्रावधिक	OBC
12.	8533	RENUKA RAWAT	F		ST
13.	8600	RICHA GOUR	F		ST

टीप :-

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किए जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरे जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. कुल विज्ञापित पदों में से शुद्धिपत्र दिनांक 24.11.2022 में उल्लेखित मुख्य भाग - 87 प्रतिशत हेतु विज्ञापित कुल 25 पदों में से 03 पद (ई.डब्ल्यू.एस.-03) आवेदक उपलब्ध नहीं होने के कारण पद रिक्त रहे हैं। कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु 02 पद (अस्थिबाधित-01, श्रवणबाधित-01 पद) विज्ञापित है परन्तु दिव्यांग श्रेणी हेतु अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण (अस्थिबाधित-01, श्रवणबाधित-01 पद) कुल 02 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों में से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है। अतः कुल 02 पद दिव्यांगजनों के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं। इस प्रकार कुल 03+02 = 05 पद रिक्त रहे हैं।
5. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 एवं डब्ल्यू.पी. 27744/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

सचिव

जी-12853/48533/2023 **म.प्र. लोक सेवा आयोग, इंदौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी
जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.आ.सू. क्रमांक/03/व.ले.लि./2023-24 डिण्डौरी, दिनांक : 08.05.2023

ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाइन निविदा पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है :-

ई-टेंडर नम्बर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र (रुपये में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा खोले जाने का स्थान
2023_PWDRB_274307	कलेक्टर सेक्टर एवं अन्य विभाग के स्वीकृत डिपाजिट कार्य।	19.50	2000/-	39000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274308	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य।	19.50	2000/-	39000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274309	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य।	19.50	2000/-	39000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274310	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी के अंतर्गत आने वाले मार्गों का मरम्मत कार्य।	18.50	2000/-	37000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274311	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा के अंतर्गत आने वाले मार्गों का मरम्मत कार्य।	18.50	2000/-	37000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274312	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी के अंतर्गत आने वाले पुल/पुलियों का मरम्मत कार्य।	18.00	2000/-	36000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274313	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा के अंतर्गत आने वाले पुल/पुलियों का मरम्मत कार्य।	18.00	2000/-	36000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274314	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी के अंतर्गत आने वाले मार्गों का डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य।	19.50	2000/-	39000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274315	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा के अंतर्गत आने वाले मार्गों का डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य।	19.50	2000/-	39000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274317	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग डिण्डौरी अंतर्गत मटेरियल कलेक्शन का कार्य।	10.00	2000/-	20000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी
2023_PWDRB_274318	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग शहपुरा अंतर्गत मटेरियल कलेक्शन का कार्य।	10.00	2000/-	20000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	कार्या. कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी

(1) ऑनलाइन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 09.05.2023 से 29.05.2023 सायं 5.30 बजे तक है।
(2) ऑनलाइन बिड सबमिट करने की **अंतिम तिथि 29.05.2023 सायं 5.30 बजे तक** है।
(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 31.05.2023 से खोली जावेगी।
(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाइट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाइट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-12845/48536/2023 **लोक निर्माण विभाग भ/स संभाग डिण्डौरी**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक : 05.05.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की **दिनांक 05.05.2023 से** प्रारंभ है।

कार्य का नाम :– छिन्दवाड़ा जिले के खंड परासिया के विकासखण्ड **अमरवाड़ा एवं हर्रई** के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग एवं नवीन नलजल योजनाओं में आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी एवं सम्पवेल का निर्माण, सबमर्सिबल पम्पसेट प्रदाय, ब्रिक मेशोनरी वाल्व चेम्बर्स, पम्प हाउस, विभिन्न व्यास एवं प्रकार के राइजिंग मेन एवं डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के पाइप लाइन बिछाने एवं जोड़ने हेतु पाइप्स व स्पेशल्स तथा शतप्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन, योजना के विद्युतीकरण सहित समस्त सामग्री प्रदाय कार्य, साथ ही 90 दिन ट्रायलरन एवं कमिशनिंग सहित कार्य। (बी.ओ.क्यू. के अनुसार)

ई-टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक एवं जारी दिनांक	विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रु.) में	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	बिड ओपन करने की तिथि व समय	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2023_PHED_274048_1	26/2023-24 Dt. 05.05.2023	अमरवाड़ा	39446911/-	394470	15000	26.05.2023 5.30 PM	29.05.2023 2.00 PM	लोक निर्माण विभाग म.प्र. में नवीन केन्द्रीयकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत	270 दिन
2023_PHED_274049_1	27/2023-24 Dt. 05.05.2023	अमरवाड़ा	42229618/-	422300	15000	26.05.2023 5.30 PM	29.05.2023 2.00 PM		270 दिन
2023_PHED_274050_1	28/2023-24 Dt. 05.05.2023	हर्रई	46165722/-	461660	15000	26.05.2023 5.30 PM	29.05.2023 2.00 PM		270 दिन
2023_PHED_274051_1	29/2023-24 Dt. 05.05.2023	हर्रई	48776823/-	487770	15000	26.05.2023 5.30 PM	29.05.2023 2.00 PM		270 दिन

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, कैश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किए जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां.वि. खण्ड परासिया (म.प्र.)

जी-12838/48535/2023

कार्यालय आयुक्त
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश
विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिये छात्रवृत्ति देने के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। ये छात्रवृत्तियां शोध उपाधि उपरांत अध्ययन, शोध उपाधि एवं स्नातकोत्तर उपाधि हेतु देय हैं।

1. **पात्रता की शर्तें**

	उपाधि	पिछड़ा वर्ग
अ.	शोध उपरांत अध्ययन	संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक के साथ अथवा समतुल्य ग्रेड में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण तथा संबंधित विषय में अनुभव के साथ शोध उपाधि।
ब.	शोध उपाधि	संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक के साथ अथवा समतुल्य ग्रेड में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण तथा संबंधित विषय में 2 वर्ष का अध्यापन/शोध/व्यावसायिक अनुभव या एम.फिल उपाधि।
स.	स्नातकोत्तर	स्नातक उपाधि प्रथम श्रेणी न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक के साथ या उसके समतुल्य ग्रेड में उत्तीर्ण।

2. **आयु :** अभ्यर्थी की आयु आवेदन करने वाले वर्ष में 1 जनवरी को 18 वर्ष से अधिक एवं 35 वर्ष से कम हो। विशेष प्रकरणों में अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिल की जा सकेगी।
3. **आय सीमा :** आवेदक या उसके अभिभावक की सभी स्रोतों से सकल आय क्रीमीलेयर की सीमा से अधिक न हो।
4. आवेदक के माता-पिता अथवा अभिभावक के एक से अधिक बच्चों को छात्रवृत्ति की पात्रता नहीं होगी।
5. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र तथा आवेदित विदेशी विश्वविद्यालय का ऑफर लेटर विश्वविद्यालय की QS रैंकिंग सहित संलग्न करना आवश्यक है।
6. **छात्रवृत्ति की अवधि :** पी.एच.डी. उपरांत शोध हेतु डेढ वर्ष, पी.एच.डी. के लिये चार वर्ष, स्नातकोत्तर उपाधि हेतु दो वर्ष।
7. अंतिम रूप से चयन की पुष्टि की सूचना प्राप्त करने के एक वर्ष की समय सीमा में अभ्यर्थी को विदेश के अधिमान्य विश्वविद्यालय/संस्थान में प्रवेश प्राप्त करना होगा।
8. उक्त छात्रवृत्ति केवल विदेश में ऑन कैम्पस स्टडी हेतु देय होगी।
9. छात्रवृत्ति हेतु एक बार चयन उपरांत देश/विश्वविद्यालय में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जावेगी।
10. विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति नियम-2007 संशोधित नियम की सभी शर्तों को अभ्यर्थी को पूर्ण करना होगा। नियम वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं।
11. अभ्यर्थी के पिछड़ा वर्ग का नहीं होने या भविष्य में जाति प्रमाण-पत्र त्रुटिपूर्ण या अपात्र पाये जाने पर प्रदत्त सम्पूर्ण छात्रवृत्ति राशि की वसूली की जावेगी।
12. **आवेदित विदेशी विश्वविद्यालय की QS रैंक 1 से 500 तक होनी चाहिए। अभ्यर्थियों का चयन विश्वविद्यालय की QS रैंकिंग (मेरिट) के आधार पर ही किया जायेगा।** जिसके संदर्भ में वेबसाइट **www.topuniversities.com** पर दर्ज QS World University रैंकिंग ही मान्य होगी। आवेदित विश्वविद्यालय की QS रैंकिंग का प्रिंट आउट आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. शासकीय अथवा शासन के उपक्रमों में सेवारत अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र की अग्रिम प्रति प्रस्तुत कर सकेंगे, मगर उन्हें आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की आखिरी तिथि से 15 दिवस के अंदर नियोक्ता के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित अवधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
14. ऑनलाइन आवेदन करने हेतु **URL - www.scholarshipportal.mp.nic.in** पर **दिनांक 12.05.2023** से मध्यरात्रि **दिनांक 31.05.2023** तक किये जा सकते हैं।
15. यदि अभ्यर्थी एम.पी. स्कॉलरशिप पोर्टल पर पूर्व से रजिस्टर्ड है तो पूर्व में प्रदत्त आई.डी. का प्रयोग करके आवेदन ऑनलाइन भरा जा सकता है। यदि पूर्व से रजिस्ट्रेशन नहीं है तो नवीन रजिस्ट्रेशन कर आवेदन ऑनलाइन भर कर प्रिंट लेकर **समस्त आवश्यक दस्तावेज स्वयं द्वारा सत्यापित कर आवेदन की प्रति और सत्यापित दस्तावेज कार्यालय आयुक्त, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण म.प्र., सतपुड़ा भवन, द्वितीय तल 'घ' विंग भोपाल म.प्र. पिनकोड 462004 को पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ साधारण डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से दिनांक 09.06.2023 तक जमा किये जा सकेंगे।**
16. विज्ञप्ति जारी होने के पश्चात तथा अभ्यर्थी के चयन से पूर्व यदि योजना के स्वरूप तथा नियमों में कोई परिवर्तन होता है तो योजना का परिवर्तित स्वरूप तथा नियम ही मान्य होंगे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग, सीधी

Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email - eepwdsidhi@mp.nic.in

नि.सू.क्र. 02/2023-24 **सीधी, दिनांक : 08.05.2023**

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र-'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है :–

ग्रुप क्र.	टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि
1.	2023_PWDRB_274326	उपसंभाग सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा पी.एम.जी.एस.वाई. मार्ग से तालाब व्हाया चंदिन मंदिर बेलहा पहुंच मार्ग का निर्माण, लं. 1.64 कि.मी.। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	145.84	1. 145840 2. 12500	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित
2.	2023_PWDRB_274327	उपसंभाग सीधी अंतर्गत मुख्य मार्ग एन.एच.-39 बढ़ौरा बनिया टोला से करगिल पहुंच मार्ग का निर्माण। लं. 3.20 कि.मी.। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	373.32	1. 373320 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित
3.	2023_PWDRB_274329	उपसंभाग सीधी अंतर्गत कौंदिया उत्तर टोला (सी.एम.आई.टी. कॉलेज) से कौंदिया दक्षिण टोला मारिशन स्कूल पहुंच मार्ग का निर्माण, लं. 1.00 कि.मी.। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	149.99	1. 149990 2. 12500	1. प्रथम आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित
4.	2023_PWDRB_274331	उपसंभाग सीधी अंतर्गत रा.रा.-39 उपनी से उत्तर टोला पहुंच मार्ग, लं. 3.06 कि.मी. का निर्माण। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	230.81	1. 230810 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित
5.	2023_PWDRB_274332	उपसंभाग सीधी अंतर्गत अमहवा से सतनरा मार्ग, लं. 3.50 कि.मी. का निर्माण लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	317.07	1. 317070 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित
6.	2023_PWDRB_274334	उपसंभाग सीधी अंतर्गत बढ़ौरा बस स्टैण्ड से घाट क्रॉसिंग पी.एम.जी.एस.वाई. कुबरी पहुंच मार्ग, लं. 1.92 कि.मी. का निर्माण। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	225.13	1. 225130 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित
7.	2023_PWDRB_274335	उपसंभाग मझौली अंतर्गत मुख्य मार्ग ठोंगा मैर टोला से जमुआ नं. 02 पहुंच मार्ग, लं. 3.30 कि.मी. का निर्माण। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	234.79	1. 234790 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित
8.	2023_PWDRB_274338	उपसंभाग मझौली अंतर्गत सुलखान से सिलवार से गिजवार व्हाया बड़ेरा टोला, लं. 2.20 कि.मी. का निर्माण। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	213.82	1. 213820 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित
9.	2023_PWDRB_274339	उपसंभाग मझौली अंतर्गत सिरौला से जोबा रेल्वे स्टेशन पहुंच मार्ग, लं. 3.46 कि.मी. का निर्माण। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	366.44	1. 366440 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित
10.	2023_PWDRB_274340	उपसंभाग मझौली अंतर्गत मुख्य मार्ग से ताल विद्यालय मार्ग, लं. 2.90 कि.मी. का निर्माण। लो.नि.वि., सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	240.76	1. 240760 2. 15000	1. प्रथम आमंत्रण 2. 04 माह वर्षाकाल सहित
11.	2023_PWDRB_274342	उपसंभाग चूरहट अंतर्गत रघुनाथपुर हरिजन बस्ती मार्ग लं. 2.80 कि.मी. में मजबूतीकरण कार्य। लो.नि.वि. सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	150.53	1. 150530 2. 12500	1. द्वितीय आमंत्रण 2. 03 माह वर्षाकाल सहित
		योग :–	**2648.50**		

1. ऑनलाइन पोर्टल **http://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 12.05.2023 सुबह 10.30 से **22.05.2023** शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा-अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते हैं।
3. निविदा से संबंधित संशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जी-13004/48538/2023 **लो.नि.वि., संभाग सीधी (म.प्र.)**

17. समस्त विवादों की स्थिति में शासन का निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा।
18. किसी भी समय अपरिहार्य कारणों से उक्त योजना स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित है।

आयुक्त
जी-12863/48534/2023 **पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश**

SHRI REWA GURJAR BAL NIKETAN COLLEGE, SANAWAD
(Approved by Govt. of MP and Affiliated to DAVV, Indore)
Khargone Road, Sanawad-451111
Ph.No. 8989432589, E-mail : srg.college@gmail.com
Advertisement for Principal and Various Regular Faculty in the College
(under code 28 Norms)

Subjects :
Botany/Microbiology/Biotechnology/Bioinformatics/Commerce/Management (For BBA & MBA)/Sociology/Mathematics/Political Science/Seeds Technology/Computer/Hindi/English Literature/Chemistry/Zoology/Physics/Horticulture/Sports/Librarian

Posts :
Principal/Professor/Associate Professor/Assistant Professor/Lecturer/Lab Technician.

For other Course : B.Ed. 16 Posts
* Candidate who are eligible NET/SET/Ph.D. under Code-28 as per UGC Norms of University can apply within **15 days.**

R-48537/2023 **PRESIDENT**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी
जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.आ.सू. क्रमांक/04/व.ले.लि./2023-24 **डिण्डौरी, दिनांक : 11.05.2023**

ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाइन निविदा पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है :–

ई-टेंडर नम्बर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र (रुपये में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा खोले जाने का स्थान
2023_PWDRB_275305	कलेक्टर कैम्पस डिण्डौरी का आंतरिक मार्ग लंबाई 0.50 कि.मी., जिला न्यायाधीश कार्यालय कैम्पस डिण्डौरी का आंतरिक मार्ग लंबाई 0.45 कि.मी., डिण्डौरी रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग 0.70 कि.मी. एवं लो.नि.वि. कॉलोनी कैम्पस का आंतरिक मार्ग लं. 0.22 कि.मी. कुल लंबाई 1.87 कि.मी. का बी.टी. नवीनीकरण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	29.87	5000	50000	03 माह वर्षाकाल छोड़कर	कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर

(1) ऑनलाइन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 12.05.2023 से 22.05.2023 सायं 5.30 बजे तक है।
(2) ऑनलाइन बिड सब्मिट करने की **अंतिम तिथि 22.05.2023** सायं 5.30 बजे तक है।
(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही सब्मिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 24.05.2023 से खोली जावेगी।
(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाइट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाइट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-13030/48540/2023 **लोक निर्माण विभाग भ/स संभाग डिण्डौरी**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी

E-mail : mp.eephedkat@gmail.com, Phone No. : 07622-225752

क्रमांक 1977/का.यं./निपको./लो.स्वा.यां.परि.खण्ड/2023 **कटनी, दिनांक : 12.05.2023**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 44-50/23-24

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर जिले के बहोरीबंद विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग व नवीन नलजल योजना के कार्य, आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पंप हाउस/सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य, घर घर कनेक्शन, अन्य कार्य एवं योजना का 90 दिन ट्रायल रन सफल संचालन–संधारण के कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मों से आमंत्रित है।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्र.	विकासखंड	ग्राम की संख्या	निविदा लागत लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समय अवधि
44/23-24	2023_PHED_276176_1	BAHORIBAND	6	302.67	302670	15000	9 माह
45/23-24	2023_PHED_276177_1	BAHORIBAND	3	218.82	218820	15000	9 माह
46/23-24	2023_PHED_276178_1	BAHORIBAND	5	350.79	350790	15000	9 माह
47/23-24	2023_PHED_276179_1	BAHORIBAND	4	241.31	241310	15000	9 माह
48/23-24	2023_PHED_276180_1	BAHORIBAND	4	221.97	221970	15000	9 माह
49/23-24	2023_PHED_276181_1	BAHORIBAND	4	284.03	284030	15000	9 माह
50/23-24	2023_PHED_276182_1	BAHORIBAND	3	220.23	220230	15000	9 माह

ऑनलाइन निविदा क्रय एवं बिड की अंतिम तिथि - **29.05.2023, 18:00 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 31.05.2023, 12:00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खण्ड कटनी
जी–13153/48544/2023 **फोन नं. - 07622-225752**

कार्यालय अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा
महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

खेल परिसर के सामने, सांची रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001, दूरभाष : 07592-299254
E-mail : dean.vds@mp.gov.in, Website : www.gmcvidisha.org

क्रमांक 2594/स्था.अराज/नर्सिंग/अ.वि.वा.जी.एम.सी./23 **विदिशा, दिनांक : 16.05.2023**

विज्ञप्ति सूचना

1. मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल का ज्ञाप क्र. एफ 02/06/2018/1-55 भोपाल, दिनांक 07.04.2018 (मध्यप्रदेश स्वायत्ती चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श सेवा नियम–2018), मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक 838/स्था./अराज/2018 भोपाल दिनांक 03.10.2018 एवं कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, मध्यप्रदेश के पत्र क्र. 2387/स्था/अराज/संचिप्ति/2022 भोपाल, दिनांक 01.12.2022 तथा मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्र. सी-5-2/2018/1/3 भोपाल दिनांक 05 जून 2018 एवं पत्र क्र./सी-5-2/2018/1/3 भोपाल, दिनांक 25 जुलाई 2018 में उल्लेखित दिशा–निर्देशों के अनुपालन में अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा में वर्तमान में रिक्त 44 स्टॉफ नर्स के पदों पर प्रदेश में संविदा पर (न्यूनतम 05 वर्ष तक संविदा कर्मी के रूप में नियुक्त रहा हो) नियुक्त कर्मियों को नियमित पदों पर नियुक्त करने हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	श्रेणी	बिना वर्ग	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांग	कुल योग
1.	अनारक्षित (UR)	7	2	1	10
2.	आर्थिक रूप से कमजोर (EWS)	7	1	0	08
3.	अनुसूचित जाति (SC)	3	1	1	05
4.	अनुसूचित जनजाति (ST)	11	2	1	14
5.	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	4	2	1	07
	योग	**32**	**8**	**4**	**44**

नोट – उपरोक्त रिक्तियां केवल महिला स्टॉफ नर्स अभ्यर्थियों के लिये ही है।

2. उपरोक्त विज्ञापन की सम्पूर्ण जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप, अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा की वेबसाइट **www.gmcvidisha.org** पर उपलब्ध है तथा आवेदन की पत्र की **अंतिम दिनांक 06.06.2023 समय सायं 05.00 बजे तक** (शासकीय कार्य दिवस) कार्यालय अधिष्ठाता, अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा की आवक शाखा में जमा करा सकेंगे। आवेदकों द्वारा अपना पूर्ण रूप से निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन पत्र, समस्त दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र केवल स्वयं द्वारा एवं डाक/रजिस्ट्रड डाक द्वारा प्राप्त ही मान्य किये जायेंगे। ई–मेल द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।
3. आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा, में नर्सिंग ऑफिसर (स्टॉफ नर्स) में आवेदन हेतु आवेदित पद का नाम, श्रेणी–अनारक्षित (UR)/आरक्षित (SC/ST/OBC) श्रेणी का उल्लेख स्पष्ट एवं अनिवार्य रूप से करें। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। वेबसाइट **www.gmcvidisha.org** का समय–समय पर अवलोकन करें।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जी–13182/48545/2023 **अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय, चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा**

महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)

प्रवेश अधिसूचना- 2023-24

महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये विश्वविद्यालय अपने शिक्षण विभागों/अध्ययनशालाओं में संचालित किये जा रहे निम्नलिखित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये कार्यक्रम की अधिसूचना जारी करता है।

(I) Undergraduate Courses	B.A. 3 Yrs.	Drawing & Painting/Economics/English/Geography/History/Hindi/Music/Philosophy/Political Science/Sanskrit/Sociology/Urdu/Computer Application/Mathematics.	
	B.Sc. 3 Yrs.	Botany/Chemistry/Computer Application/Computer Science/Forensic Science/Geology/Mathematics/Microbiology/Physics/Zoology.	
	B.Com. 3 Yrs.	Commerce/Commerce with Computer Application	**B.B.A.**
(II) Postgraduate Courses	M.A. 4 Sem.	Drawing & Painting/Economics/English/Geography/History/Hindi/Music/Philosophy/Political Science/Sanskrit/Sociology.	
	M.Sc. 4 Sem.	Botany/Chemistry/Computer Science/Geology/Mathematics/Microbiology/Physics/Zoology.	
	M.Com. 4 Sem.	Commerce	**M.B.A. (Tourism)**
(III) Diploma Courses	After 12 2 Sem.	UG Diploma-Computer Hardware Engineering, Interior Designing, Internet of Things, Performing Arts, Web Designing and Development	
(III) Diploma Courses	After UG 2 Sem.	PG Diploma- Mineral Exploration & Mining Science, Cooperation (Sahkarita), Ancient Tank – Restoration & Rejuvenation, Public Administration (Lok Prashashan), Special Course in Tourism.	
(III) Certificate Courses	After 12 1 Sem.	Certificate Course in Desktop Publishing, MS Office Certification Program, Certificate Course in Photoshop, Certificate Course in Networking, Certificate Course in Computer Added Design & Drawing, Certificate Course in Digital Marketing.	

प्रवेश प्रक्रिया की विभिन्न चरणों की तिथियों, शुल्क संरचना एवं काउंसिलिंग का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://mcbu.ac.in/utd_index.php** पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/109879/2023 **कुलसचिव**

R-48547/2023

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1414

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल : mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 539/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 08.05.2023**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 29.05.2023 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2022_WRD_215482	पुरवा नहर की महिदल वितरिका के विभिन्न स्थलों के माइनर स्लूस गेट में नये गेट लगाना।	शहडोल	2.24
2.	2022_WRD_215483	क्योटी मुख्य नहर के विभिन्न साइज के मायनर एवं सब मायनर गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	शहडोल	2.28
3.	2022_WRD_215484	क्योटी नहर के सिरमोर वितरिका के दुलहरा सबमाइनर नं. 5, आर.डी. 07 कि.मी. पर नये गेटों का प्रदाय एवं स्थापना कार्य।	शहडोल	0.46
4.	2022_WRD_221446	महान परियोजना के गुलाब सागर बांध में स्थापित विभिन्न प्रकार के सबमर्सिबल पंप का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	शहडोल	0.74
5.	2022_WRD_233598	महान परियोजना के गुलाब सागर बांध की मुख्य नहर एवं खड्डी उद्वहन सिंचाई योजना के विभिन्न आर.डी. में स्थापित 11 नग माइनर गेटों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	शहडोल	0.84
6.	2022_WRD_233600	क्योटी मुख्य नहर के विभिन्न साइज के मायनर एवं सब मायनर गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। (समूह-1)	शहडोल	0.79
7.	2022_WRD_233603	बाणसागर पुरवा नहर के विभिन्न स्थलों पर गेट लगाने एवं परीक्षण का कार्य।	शहडोल	2.47
8.	2022_WRD_233604	क्योटी मुख्य नहर के विभिन्न साइज के मायनर एवं सब मायनर गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। (समूह-2)	शहडोल	0.89
9.	2022_WRD_233605	महान परियोजना के खड्डी उद्वहन सिंचाई योजना हेतु स्थापित 33/6.6 के.व्ही. सब स्टेशन में स्थापित उपकरणों के सुधार कार्य।	शहडोल	0.96
10.	2022_WRD_241574	सिंहावल नहर प्रणाली के विभिन्न आर.डी. पर स्थापित सी.आर., एच.आर. एवं स्केप गेटों का सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव (आयलिंग एवं ग्रीसिंग) का कार्य।	शहडोल	0.81
11.	2023_WRD_241578	सिंहावल नहर प्रणाली के आर.डी. 8.70 कि.मी. पर स्थापित 8 टन क्षमता के स्क्रू टाइप व्हाइस्ट 04 नग सी.आर. गेट का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	शहडोल	5.19
12.	2023_WRD_241579	बाणसागर मुख्य बांध, गैलरी एवं वर्कशाप कैंपस की विद्युत व्यवस्था, गैलरी डीवाटरिंग का कार्य।	शहडोल	0.89
13.	2023_WRD_241580	सिंहावल नहर प्रणाली के विभिन्न आर.डी. पर नये गेटों के सप्लाई एवं स्थापन से संबंधित कार्य।	शहडोल	2.23
14.	2023_WRD_241581	बुडवा टैंक एवं उसके विभिन्न माइनर में स्थापित माइनर गेटों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा नये गेट के सप्लाई एवं स्थापन का कार्य।	शहडोल	1.42
15.	2023_WRD_266936	नगपुरा नगझिरी जलाशय की बांयी नहर की विभिन्न आर.डी. की क्षतिग्रस्त लाइनिंग का मरम्मत एवं मिट्टी का कार्य।	रायसेन	14.48
16.	2023_WRD_266937	नगपुरा नगझिरी जलाशय की दांयी नहर की विभिन्न आर.डी. की क्षतिग्रस्त लाइनिंग का मरम्मत एवं मिट्टी का कार्य।	रायसेन	3.17
17.	2023_WRD_267212	सालाबर्रू जलाशय की बांयी नहर की क्षतिग्रस्त लाइनिंग आर.डी. 6900 मीटर तक पुनः निर्माण का कार्य।	रायसेन	11.60
18.	2023_WRD_270550	कोलार वृहद परियोजना के रेडियल गेट्स का वर्षापूर्व अनुरक्षण कार्य।	भोपाल	2.46
19.	2023_WRD_270552	झोलियापुर बैराज के वर्टीकल लिफ्ट स्पिलवे एवं वर्टीकल लिफ्ट आर.बी.एम.सी. एवं एल.बी.एम.सी. स्लूस गेट्स का वर्षापूर्व अनुरक्षण कार्य।	भोपाल	2.47
20.	2023_WRD_270566	लाईट/मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग क्र. 03 भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना।	भोपाल	3.72
21.	2023_WRD_270949	बड़पानी लघु जलाशय नं. 03 के स्लूस के क्षतिग्रस्त भाग का मरम्मत कार्य।	बालाघाट	8.00
22.	2023_WRD_271021	लखनादौन के ग्राम बॉदरा में प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य।	सिवनी	15.91
23.	2023_WRD_271023	लखनादौन के ग्राम बॉदरा में आंगनवाड़ी भवन एवं शौचालय शाला भवन का निर्माण कार्य।	सिवनी	13.05
24.	2023_WRD_271512	सिंध परियोजना के आर.बी.सी. न्यू सिंचाई कॉलोनी नरवर के कार्यालयीन भंडार भवन का मरम्मत एवं पुनरूद्धार कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	शिवपुरी	4.15
25.	2023_WRD_271854	ला.म.वि./या. उपसंभाग, बैतूल कार्यालय परिसर में शासकीय वाहनों के लिये पार्किंग शेड का निर्माण कार्य।	नर्मदापुरम्	1.64
26.	2023_WRD_271855	तवा कालोनी हरदा की वाटर सप्लाई पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य।	नर्मदापुरम्	1.10
27.	2023_WRD_271856	चंदौरा मध्यम सिंचाई के रेडियल गेटों का वर्षापूर्व रखरखाव एवं स्लूस गेटों में आइलिंग, ग्रीसिंग का कार्य।	नर्मदापुरम्	0.92
28.	2023_WRD_271857	गोघना टैंक के 1 नं. गेट का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	0.96
29.	2023_WRD_271858	वर्षा पूर्व उपसंभाग घोडोंगरी के 17 लघु जलाशयों के 23 गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	नर्मदापुरम्	0.92
30.	2023_WRD_271859	वर्षा पूर्व उपसंभाग मुलताई के 2 नं. स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	0.73
31.	2023_WRD_271860	तवा आर.बी.सी. इनटेक गेट क्र.02 की होइस्ट असेंबली का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	1.34
32.	2023_WRD_271861	तवा बांध के रेडियल केस्ट गेटों की इक्वेलाइजर असेंबली की कनेक्टिंग पिन बदलने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	7.15
33.	2023_WRD_271862	तवा बांध के रेडियल होइस्ट गेट और गैन्ट्री क्रेन का मरम्मत कार्य।	नर्मदापुरम्	3.31
34.	2023_WRD_271863	तवा दांयी तट नहर के चैन क्र. 753 बी.बी.सी. के सी.आर. एवं एच.आर. गेट के एक्सेडेंट पार्ट्स एवं गेट लीफ सुधार कार्य।	नर्मदापुरम्	5.33
35.	2023_WRD_272194	ढूंटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 2300 से 2730 के मध्य रेल वितरक नहर के चैन क्र. 0 से 30 के मध्य एवं बेनेगांव वितरक नहर के चैन क्र. 0 से 123 के मध्य मरम्मत कार्य।	बालाघाट	8.22
36.	2023_WRD_272196	ढूंटी बांयी तट नहर की विभिन्न वितरक नहरों के चैन क्रमांक का मरम्मत कार्य।	बालाघाट	9.56
37.	2023_WRD_272198	बोरीखेड़ा, अम्बेझरी एवं कोसुम्बा लघु जलाशय की नहरों का मरम्मत कार्य।	बालाघाट	6.23
38.	2023_WRD_272200	ढूंटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 2200 से 2300 तक मरम्मत कार्य एवं चैन क्र. 2279 पर स्थित एक्वडक्ट का मरम्मत कार्य।	बालाघाट	5.06
39.	2023_WRD_272202	आगरवाड़ा लघु जलाशय के स्लूस गेट का निर्माण कार्य।	बालाघाट	3.97
40.	2023_WRD_272204	ढूंटी बांयी तट नहर प्रणाली की मुरकुड़ा मायनर, वारापिडर नहर तथा बम्हनगांव मायनर की विभिन्न चैन क्रमांक का मरम्मत कार्य।	बालाघाट	5.95
41.	2023_WRD_272536	मुख्य अभियंता वि./यां., कार्यालय (बांध सुरक्षा भवन) में लिफ्ट क्र.01 का संचालन, सुधार एवं रखरखाव कार्य।	भोपाल	4.29
42.	2023_WRD_272734	रोशिया तालाब के डूब में आ रही 11 के.व्ही. विद्युत लाइन के शिफ्टिंग का कार्य।	धार	1.18
43.	2023_WRD_272847	उप संचालक, जल मौसम विज्ञान संभाग क्र. 01, भोपाल में हाउसकीपिंग का कार्य।	भोपाल	2.20
44.	2023_WRD_272873	परकुल मध्यम परियोजना की नहर का मरम्मत, साफ-सफाई एवं देखरेख हेतु अकुशल श्रमिकों का प्रदाय।	सागर	9.26
45.	2023_WRD_272875	टिकारी जलाशय योजना की स्पिल चैनल के वेस्ट वियर की बेड खुदाई एवं बैंक पोटेकेशन का निर्माण कार्य।	सागर	16.76
46.	2023_WRD_272922	वर्षा पूर्व माही परियोजना उपबांध के 4 नग रेडियल गेट, स्लूस सर्विस एवं इमरजेंसी गेट, स्टॉप लोग गैन्ट्री क्रेन का सुधार कार्य।	धार	2.03
47.	2023_WRD_272923	वर्षा पूर्व माही परियोजना मुख्य बांध के 8 नग रेडियल, 03 नग स्लूस सर्विस एवं इमरजेंसी, मोनो रेल आर.डी. 525 मीटर पर मुख्य नहर के 02 नग एस्केप गेट का सुधार कार्य।	धार	3.78
48.	2022_WRD_272970	उमरिया जिले के बांधों एवं जलाशयों के जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। (पार्ट-02)	रीवा	0.91
49.	2022_WRD_272973	सोहागपुर विकासखंड के 19 नग बांधों एवं जलाशयों के 22 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	रीवा	1.61
50.	2023_WRD_272975	राजेन्द्रग्राम विकासखंड के स्थित 28 नग जलाशयों में स्थापित 35 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	रीवा	2.77
51.	2023_WRD_272978	रीवा जिले के बांधों एवं जलाशयों में स्थापित जल द्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। (पार्ट-02)	रीवा	2.39
52.	2023_WRD_272981	सतना जिले के बांधों एवं जलाशयों में स्थापित जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। (पार्ट-02)	रीवा	2.39
53.	2023_WRD_272985	गोहपारू विकासखंड के स्थित 28 नग जलद्वारों में स्थापित 30 नग जलाशयों में मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। (पार्ट-02)	रीवा	2.33
54.	2023_WRD_272989	सिंगरौली जिले के 9 नग बांधों एवं जलद्वारों में स्थापित 12 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। (पार्ट-02)	रीवा	1.44
55.	2023_WRD_273225	तवा परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की चैन 121, 214 एवं 244 के सी.डी. मरम्मत कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	नर्मदापुरम्	5.68
56.	2023_WRD_273328	तिलगारीपडा बैराज के 4 नग जलद्वार का प्रदाय, फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	8.82
57.	2023_WRD_273329	नागनखेड़ी बैराज के 6 नग जलद्वार का प्रदाय, फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	11.97
58.	2023_WRD_273330	जालोद बैराज के 3 नग जलद्वार का प्रदाय, फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	6.61
59.	2023_WRD_273331	विभिन्न संभागों के जलाशयों के 30 नग जलद्वारों का प्रदाय एवं फेब्रिकेशन का कार्य।	भोपाल	14.92
60.	2023_WRD_273332	मयाला बैराज अलीराजपुर के 06 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रिकेशन का कार्य।	भोपाल	14.45
61.	2023_WRD_273333	कास्ट आयरन वेजेज की कास्टिंग मशीनिंग असेंबली प्रदाय एवं फेब्रिकेशन का कार्य।	भोपाल	0.93
62.	2023_WRD_273334	विभिन्न संभागों के जलद्वारों के लिए डब्ल्यू.डब्ल्यू. 90 हेड स्टॉक (63 एमएम डाया नट) का प्रदाय, कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेंबली का कार्य।	भोपाल	13.65
63.	2023_WRD_273335	गंजनपुरा बैराज स्टाप डेम के 04 नग जलद्वार साइज का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	5.11
64.	2023_WRD_273336	गागोरनी बैराज स्टाप डेम के 10 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	8.78
65.	2023_WRD_273337	भमलावद बैराज स्टाप डेम के 03 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	5.81
66.	2023_WRD_273341	विसलदेही बैराज स्टाप डेम जल संसाधन संभाग बैतूल के 06 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	6.82
67.	2023_WRD_273343	खरेली बैराज के 03 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	6.63
68.	2023_WRD_273361	देदला बैराज के 04 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य।	भोपाल	7.95
69.	2023_WRD_273564	गांधीसागर बांध स्थल एवं जलग्रहण क्षेत्र में वर्षा मापन केन्द्रों पर जल स्तर पट्टी पुनः रिमार्किंग का कार्य।	मंदसौर	1.25
		कुल योग-		**336.33**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003

निविदा आमंत्रण सूचना

नि.आं.सू. क्र./01/एन.एच.एम./2023-24/135 भोपाल, दिनांक : 10.05.2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **(www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services)** टेण्डर सरल क्रमांक 1 से 14 तीन लिफाफा पद्धति से एवं 15 से 28 तक दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र ''अ'' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :

ई-निविदा सूचना क्रमांक - 01/2023-24 दिनांक 10.05.2023

स. क्र.	टेण्डर नं. 2023_DHS	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	जमा धरोहर राशि रु.	टेण्डर दर राशि रु.	समय सीमा वर्षाकाल सहित
1.	2023_DHS_270229	उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन **सेवासनी** विकासखण्ड साँची जिला रायसेन का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में मय 1 जी, 1 एच टाइप आवास गृहों का उन्नयन/निर्माण कार्य।	233.81	233810/-	15000/-	12 माह
2.	2023_DHS_270230	उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन **नकतरा** विकासखण्ड साँची जिला रायसेन का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में मय 1 जी, 1 एच टाइप आवास गृहों का उन्नयन/निर्माण कार्य।	233.81	233810/-	15000/-	12 माह
3.	2023_DHS_270231	उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन ग्राम **सोडरपुर** विकासखण्ड गैरतगंज जिला रायसेन का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में मय 1 जी, 1 एच टाइप आवास गृहों का उन्नयन/निर्माण कार्य।	233.81	233810/-	15000/-	12 माह
4.	2023_DHS_270232	उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन ग्राम **चांदपुर** विकासखण्ड गैरतगंज जिला रायसेन का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में मय 1 जी, 1 एच टाइप आवास गृहों का उन्नयन/निर्माण कार्य।	233.81	233810/-	15000/-	12 माह
5.	2023_DHS_270233	उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन ग्राम **समनापुर** विकासखण्ड गैरतगंज जिला रायसेन का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में मय 1 जी, 1 एच टाइप आवास गृहों का उन्नयन/निर्माण कार्य।	233.81	233810/-	15000/-	12 माह
6.	2023_DHS_270234	जिला रायसेन विकासखण्ड सांची **ग्राम वरूखार, चिलवाहा एवं महूजागीर** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	180.93	180930/-	12500/-	12 माह
7.	2023_DHS_270235	जिला रायसेन विकासखण्ड गैरतगंज **ग्राम हिनोतिया, बाडेर एवं अंधियारी** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	180.93	180930/-	12500/-	12 माह
8.	2023_DHS_270236	जिला सीहोर विकासखण्ड नसरूल्लागंज **ग्राम इटावा खुर्द, मोंगयाखेडा एवं भादाकुई** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	180.93	180930/-	12500/-	12 माह
9.	2023_DHS_270237	जिला सीहोर विकासखण्ड नसरूल्लागंज **ग्राम बसंतपुर, धोलपुर एवं डावा** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	180.93	180930/-	12500/-	12 माह
10.	2023_DHS_270238	जिला रायसेन विकासखण्ड साँची ग्राम **परवरिया एवं नार** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	120.62	120620	12500/-	09 माह
11.	2023_DHS_270239	जिला सीहोर विकासखण्ड आष्टा **ग्राम गोविंदपुरा एवं पाडलिया** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	120.62	120620	12500/-	09 माह
12.	2023_DHS_270240	जिला सीहोर विकासखण्ड इछावर **ग्राम गुराडी एवं सोहनखेडा** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	120.62	120620	12500/-	09 माह
13.	2023_DHS_270241	जिला सीहोर विकासखण्ड सीहोर ग्राम **जहांगीरपुरा एवं बमुलिया** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	120.62	120620	12500/-	09 माह
14.	2023_DHS_270242	जिला भोपाल विकासखण्ड फंदा **ग्राम चोपड़ा कला एवं बंगरसिया** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	120.62	120620	12500/-	09 माह
15.	2023_DHS_270243	जिला होशंगाबाद विकासखण्ड बनखेड़ी **ग्राम कोठरी** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
16.	2023_DHS_270244	जिला होशंगाबाद विकासखण्ड सिवनी मालवा **ग्राम हतनापुर** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
17.	2023_DHS_270245	जिला होशंगाबाद विकासखण्ड होशंगाबाद **ग्राम जासलपुर** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
18.	2023_DHS_270246	जिला रायसेन विकासखण्ड सिलवानी **ग्राम सियलवाडा** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
19.	2023_DHS_270247	जिला राजगढ़ विकासखण्ड नरसिंगढ़ **ग्राम सराना** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
20.	2023_DHS_270248	जिला राजगढ़ विकासखण्ड सारंगपुर **ग्राम कुडलासा** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग देवास (म.प्र.)

website : www.mppwd.gov.in, e-mail : eepwddewas@nic.in, eepwddewas@gmail.com
Phone No. : 07272-220397, 07272-220585

निविदा सूचना क्र. 05/2023-24/एस.एस.सी./2034 देवास, दिनांक : 11.05.2023

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	जिला	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	कार्य की समयावधि
1.	देवास	2023_PWDRB_274283_1	स्टेट हाईवे ग्राम खल बस स्टैण्ड से खल टण्पर मार्ग लम्बाई 2.30 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य।	151.05	6 माह वर्षाकाल सहित
2.	देवास	2023_PWDRB_274284_1	ग्राम धुंध्याखेड़ी से पिपलिया घाघरिया मार्ग लम्बाई 0.70 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य।	133.64	6 माह वर्षाकाल सहित
3.	देवास	2023_PWDRB_274285_1	ग्राम हरणगांव मुख्य मार्ग से हायर सेकेण्डरी स्कूल मार्ग लम्बाई 1.66 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य।	160.65	6 माह वर्षाकाल सहित
4.	देवास	2023_PWDRB_274286_1	बागली अंतर्गत सीतापुरी से भड़क मार्ग लम्बाई 3.30 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य।	243.98	8 माह वर्षाकाल सहित
5.	देवास	2023_PWDRB_274287_1	ग्राम रामपुरा से आगराखुर्द व्हाया झूलादड़ मार्ग लम्बाई 5.70 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य।	427.78	12 माह वर्षाकाल सहित
6.	देवास	2023_PWDRB_276285_1	देवास अंतर्गत भनोली से ग्राम नकलन मार्ग लम्बाई 2.70 कि.मी. का निर्माण कार्य मय पोल शिफ्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य।	221.64	8 माह वर्षाकाल सहित
		योग -		1338.74	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 26.05.2023 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। भौतिक रूप से लिफाफा एवं अन्य दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-13044/48541/2023 लोक निर्माण विभाग, संभाग देवास

कार्यालय अधिष्ठाता बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर शिवाजी वार्ड, तिली रोड, सागर (म.प्र.)

फोन नं. 07582-236270, फैक्स नं. 07582-236457

क्रमांक 2593/भर्ती/बी.एम.सी./2023 सागर, दिनांक : 12.05.2023

प्रेस नोट

म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2-53/2017/1/55 दिनांक 12.01.2018 द्वारा मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय सागर द्वारा सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति क्रमांक 2593/भर्ती/बी.एम.सी./2023 सागर, दिनांक 12.05.2023 जारी की गई है। इस हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदन दिनांक 29.05.2023 समय शाम 04.00 बजे तक** कार्यालय बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में जमा किये जायेंगे।

पदों की जानकारी, विज्ञप्ति का विवरण एवं आवेदन का प्रारूप बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर म.प्र. की वेबसाइट **www.bmcsagar.edu.in** पर एवं चिकित्सा महाविद्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जी-13096/48543/2023 बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)

21.	2023_DHS_270250	जिला राजगढ़ विकासखण्ड ब्यावरा **ग्राम नादनपुर** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
22.	2023_DHS_270251	जिला राजगढ़ विकासखण्ड खिलचीपुर **ग्राम दिलायरी** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
23.	2023_DHS_270252	जिला विदिशा विकासखण्ड विदिशा **ग्राम गाडरवाडा** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
24.	2023_DHS_270253	जिला विदिशा विकासखण्ड गंजबासौदा **ग्राम रीछाई** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
25.	2023_DHS_270254	जिला विदिशा विकासखण्ड कुरवाई **ग्राम भौरासां** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
26.	2023_DHS_270255	जिला हरदा विकासखण्ड टिमरनी **ग्राम बासपानी** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
27.	2023_DHS_270256	जिला बैतूल विकासखण्ड बैतूल **ग्राम हिवरखेडी** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह
28.	2023_DHS_270258	जिला बैतूल विकासखण्ड घोड़ाडोंगरी **ग्राम सूखाढाना** में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य।	60.31	60310/-	10000/-	06 माह

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 15.05.2023 प्रातः 10.30 से **दिनांक 29.05.2023 सायं 17.30 तक** क्रय किये जा सकते हैं।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-13049/48542/2023 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल

समिति के बैंक खाते में उपार्जन राशि आते ही कृषक के ऋण खाते में समायोजित करें

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के डिफॉल्टर किसानों के लिये लागू की गई मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाये। किसानों को योजना का लाभ मिलने में विलम्ब न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषकों के समर्थन मूल्य पर विक्रय के बाद जिस दिनांक को कृषक की लिकिंग राशि बैंक के समिति खाते में प्राप्त होती है, उस राशि को उसी दिन कृषक के ऋण खाते में समायोजित की जाना सुनिश्चित किया जाये। ऐसा किये जाने से किसान पर ब्याज अधिभारित नहीं होगा। साथ ही किसान को सभी योजनाओं का लाभ बैंक में राशि प्राप्त होने के दिनांक से यथावत मिलेगा।

मुख्यमंत्री की मंशानुरूप मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित द्वारा इस आशय के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। प्रदेश के सभी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

सरकार ने हाल ही में मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना शुरू की है, जिसमें ऐसे सभी किसान जो फसल ऋण की राशि जमा नहीं करवा पाने के कारण डिफॉल्टर हो गए हैं उनका ब्याज सरकार भर रही है। इसके लिए प्रदेश की सभी कृषक प्राथमिक सहकारी संस्थाओं में फॉर्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मध्यप्रदेश में किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

नदी के संरक्षण-संवर्धन पर 5 साल में खर्च होंगे 1741 करोड़ रुपये

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पुण्य-सलिला क्षिप्रा नदी के संरक्षण-संवर्धन पर 'अविरल प्रवाह योजना के प्रस्तुतिकरण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा है कि क्षिप्रा प्रदेश की पवित्र और ऐतिहासिक नदी है। यह मोक्षदायिनी है। लोगों की आस्था की प्रतीक क्षिप्रा को स्वच्छ और पवित्र बनाए रखना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षिप्रा नदी को पुनः प्रवाहमान करना है। सबसे पहले नदी में गंदा पानी मिलने से रोकना होगा। इसके लिए लॉन्ग टर्म प्लानिंग कर रोडमैप तैयार करें। प्लानिंग में जन-समुदाय को भी शामिल कर सहयोग प्राप्त किया जाये। रोडमैप बना कर शीघ्र मेरे समक्ष प्रस्तुत किया जाए। जानकारी दी गई कि नदी के संरक्षण-संवर्धन के लिए 5 साल में 1741 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है।

बैठक में मुख्यमंत्री को नदी के संरक्षण-संवर्धन के तरीकों की जानकारी भी दी गई। साथ ही नदी के आस-पास के क्षेत्र को भी हरा-भरा रखने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया।

प्रधानमंत्री स्वनिधि और आवास योजना में जल्द करें ऋण वितरण

भोपाल, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव की अध्यक्षता में सेंट्रल बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में स्टेट लेवल बैंकिंग कमेटी की बैठक हुई। श्री यादव ने बैंकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों को लोन देने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

श्री यादव ने कहा कि जो ऋण स्वीकृत हुए हैं उनको तुरंत वितरित कराएं। उन्होंने दोनों योजनाओं के सभी ऋण प्रकरणों पर बैंक प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की। श्री भरत यादव ने विभागीय अधिकारियों को भी बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर लोन वितरण की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में हो रहे हैं किसान-कल्याण के कार्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सागर में मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के शुभारंभ अवसर पर किसानों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुये।

सागर, हमारी सरकार किसानों की सरकार है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में किसान-कल्याण के कार्य हो रहे हैं। पुरानी सरकार ने कर्ज माफी के नाम पर किसानों को ठगा और उन्हें डिफॉल्टर बना दिया। उन्होंने 10 दिन में किसानों की कर्ज माफी की घोषणा की और सवा साल में 48 हजार करोड़ के कर्जे में से सिर्फ 6 हजार करोड़ का कर्जा माफ किया। यह किसानों के साथ बड़ा धोखा था। किसानों के सर पर कर्ज की गठरी लाद दी गई और वे डिफॉल्टर हो गए। इससे उन्हें फसल ऋण मिलना बंद हो गया। हमारी सरकार ऐसे प्रत्येक किसान की ब्याज की राशि भरेगी, जिससे वे डिफॉल्टर न रहें और उन्हें जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण योजना का लाभ मिल सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर में मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 का विधिवत शुभारंभ करते हुये कहीं।

इसी के साथ प्रदेश की सभी 4536 कृषक प्राथमिक सहकारी समितियों में योजना के आवेदन-पत्र भरने का कार्य शुरू हो गया। मुख्यमंत्री ने पंचम लाल पटेल सहित कुछ किसानों के कर्ज माफी के फार्म भी स्वयं भरे और उन्हें ब्याज माफी प्रमाण-पत्र दिये। कृषक श्री पंचमलाल पटेल की 8782 रुपये की और श्री जुगरेन्द्र चिरार की 40 हजार 303 रुपये की ब्याज राशि माफ की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्राथमिक सहकारी समितियों में उन सबके नाम की सूची प्रकाशित की गई है, जो ब्याज की राशि न भर पाने के कारण डिफॉल्टर हो गए हैं। किसान अपनी सोसाइटी में जाएं, सूची देखें और निःशुल्क आवेदन भरें। वे आवेदन की पावती भी प्राप्त करें। ऐसे सभी किसानों के ब्याज की राशि सरकार भरेगी और इसी के साथ डिफॉल्टर किसानों को भी जीरो प्रतिशत ब्याज पर अगली फसल के लिए फसल ऋण मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि ऐसे किसान जिनकी फसलों को नुकसान हुआ था, उनके अल्पकालिक फसल ऋण को मध्यकालिक फसल ऋण में परिवर्तित कर दिया गया था। ऐसे किसानों के ब्याज की राशि भी सरकार भरवा रही है। यह राशि लगभग 2123 करोड़ रुपये है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाओं में गत 3 वर्ष में 2 लाख 31 हजार 322 करोड़ रुपये की राशि किसानों के खातों में डाली है। इसमें 94 हजार 394 करोड रुपये फसल उपार्जन की, 47 हजार 188 करोड़ रुपये की राशि खेती के लिये बिजली प्रदाय के अनुदान की, 15 हजार 541 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की, 7 हजार 963 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना की, 4 हजार 82 करोड़ रुपये फसल मुआवजा की, 115 करोड़ रुपये सोलर पंप पर अनुदान की और 4375 करोड़ रुपये की कृषि अधोसंरचना विकास की राशि शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सदैव किसानों के साथ खड़ी है। कोविड जैसे संकट काल में भी सरकार ने निरंतर किसान-कल्याण के कार्य किए और बड़ी राशि उनके खाते में डाली। हाल ही में हुए फसल नुकसान की राशि भी किसानों को दी गई है। यदि कोई किसान मुआवजे से छूट गये हैं तो उसका भी सर्वे करवा कर उचित मुआवजा दिया जाएगा।

भारतीय संस्कृति में विवाह समझौता नहीं, आत्माओं का पवित्र बंधन है

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सीधी एवं खंडवा में आयोजित विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा संबोधित करते हुये।

भोपाल, भारतीय संस्कृति में विवाह कोई समझौता नहीं, बल्कि आत्माओं का पवित्र बंधन है। बेटियां हमारे लिये देवियां हैं, उनका विवाह पवित्र संस्कार है। एक समय था जब बेटियों को दुनिया में आने से रोका जाता था और बेटियों का विवाह बोझ माना जाता था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना से नवदम्पतियों को अपनी गृहस्थी चलाने में सहयोग मिल रहा है। राज्य सरकार ने सामग्री के स्थान पर राशि देने की व्यवस्था की है, जिससे नवदम्पति अपनी आवश्यकता के अनुकूल जरूरी सामान खरीद सकें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन से जनपद पंचायत सीधी एवं बालाघाट जिला खंडवा में हो रहे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के विवाह समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुये कहीं। दोनों जिलों में लगभग 300 जोड़े विवाह-सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री ने बेटियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनकी कामना है कि बेटियां सुखी, निरोगी और प्रसन्न रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों के विवाह का क्षण उल्लास और आनंद का क्षण है। लाखों बेटियों का मामा होने के नाते मेरा प्रसन्न होना स्वाभाविक है। प्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से बहनों के खाते में हर महीने एक हजार रुपये की राशि पहुंचाई जाएगी। बेटियों और बहनों के कल्याण के लिए ऐसी कई योजनाएं संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों में सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थित जन-प्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन को उनकी सहभागिता और दिए जा रहे सहयोग के लिए बधाई दी।

मध्यप्रदेश में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएं - प्रमुख सचिव

नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश में जल, वायु एवं भूमि आधारित पर्यटन गतिविधियां शुरू करने की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में 22 विशाल जल संरचनाएं हैं, जहां वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज संचालित की जा सकती हैं। ये बातें प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने पचमढ़ी स्थित एमपीटी ग्लेन व्यू होटल में साहसिक एवं जल-पर्यटन में संभावनाओं पर आधारित कार्यशाला में कहीं।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में 5 जल संरचनाओं पर यह गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने पूरे प्रदेश से आए एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स, एडवेंचर्स एक्टिविटीज का संचालन करने वाली संस्थाओं के संचालकों एवं होटल मालिकों को प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं एवं नवाचारों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधाओं की दृष्टि से सभी व्यवस्था, बुकिंग्स एवं टूर ऑपरेटर्स की उपलब्धताओं को ऑनलाइन किया जाना समय की मांग है।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) के प्रबंध संचालक श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन की दृष्टि से कॉम्बो पैक है। यह एक ऐसी थाली है, जिसमें सब कुछ है। अब तेजी से परिस्थितियां बदल रही हैं और मध्यप्रदेश एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित हो चुका है। नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने कहा कि नर्मदापुरम जिला खासकर पचमढ़ी प्रदेश में एडवेंचर्स एक्टिविटीज का गढ़ है। कार्यशाला में पहुंचे पेशेवरों के सुझावों की मदद से सुविधाओं एवं नई गतिविधियां शुरू की जाएंगी। जिले में पचमढ़ी, चूरना, तवा, मढ़ई इत्यादि प्रमुख पर्यटन स्थल मौजूद हैं। यहां प्रत्येक वर्ष होने वाली मैराथन, साइकिलिंग जैसी गतिविधियां देशभर में लोकप्रिय हैं। चूरना, तवा, सोहागपुर एवं पचमढ़ी के बीच साइकिलिंग गतिविधि को बढ़ावा दिया जाएगा।

भारत स्काउट एंड गाइड ज्वॉइंट डायरेक्टर श्री एबी छेत्री, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ATOAI) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री तेजबीर सिंह आनंद, आईआईटीटीएम (एनआईडब्ल्यूएस) गोवा के प्रोफेसर (पर्यटन) एवं नोडल अधिकारी प्रो. सुतीशना बाबू एस. सहित देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के टूर और ट्रैवल ऑपरेटर उपस्थित रहे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में बहनें हो रही हैं आत्मनिर्भर - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान देवास में आयोजित मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करते हुये।

देवास, मध्यप्रदेश में एक सामाजिक क्रांति हो रही है, जिसमें बहनें आत्मनिर्भर हो रही हैं और उनका परिवार और समाज में सम्मान बढ़ रहा है। आजीविका मिशन में जहां स्व-सहायता समूह के रूप में संगठित महिलाओं को वित्तिन आर्थिक गतिविधियों के लिए सरकार सहायता दे रही है, वहीं लाड़ली बहना जैसी योजना से उन्हें आगामी 10 जून से प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि दी जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देवास जिले के सोनकच्छ में लाड़ली बहना सम्मेलन-सह-मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना वितरण समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया। साथ ही मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के अधिकार पत्र और अन्य योजनाओं का लाभ वितरित किया।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में बेटियों के साथ अन्याय समाप्त कर उन्हें वरदान बनाया गया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में सरकार हर गरीब कन्या का विवाह करवाती है। मुख्यमंत्री ने इस योजना में अभी तक दी जाने वाली राशि 49 हजार को बढ़ाकर 51 हजार किये जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना केवल योजना नहीं, भाई-बहन का पवित्र रिश्ता है। मध्यप्रदेश में हर क्षेत्र में बहनों को सशक्त बनाया जा रहा है। स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण, पुलिस और शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण, सम्पत्ति की रजिस्ट्री में स्टॉम्प शुल्क में छूट जैसी योजनाओं ने बहनों को सशक्त बनाया है। हमारा प्रयास है कि हर बहन की आमदनी कम से कम 10 हजार रुपये महीना हो। बहनों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाना मेरी जिंदगी का मकसद है। देवास जिले में 2 लाख 80 हजार बहनों के फार्म लाड़ली बहना योजना में भरे गये हैं। बहनों संबंधी योजनाओं की मॉनीटरिंग के लिये हर गांव एवं वार्ड में लाड़ली बहना सेना बनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में गांव-गांव, वार्ड-वार्ड में शिविर लगाये जा रहे हैं, जिनमें जाकर अधिकारी और जनप्रतिनिधि जनता के कार्य कर रहे हैं। अब किसी को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिये इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उनके गांव, वार्ड के शिविर में ही उनके कार्य हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत एक अप्रैल से प्रदेश में सभी शराब के अहाते बंद कर दिये गये हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि अवैध शराब की बिक्री को सख्ती से रोका जाये।

बिजली बिलों का समाधान शिविर लगाकर किया जाए

भोपाल, बिजली बिलों का समाधान शिविर लगाकर किया जाए, समय-सीमा निर्धारित कर शिविर लगाए जाएं। अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को गति दी जाए तथा संबंधित कॉलोनियों के रहवासियों को कॉलोनियों के अवैध से वैध होने की जानकारी दी जाए। वर्षाकाल में सड़कों के रख-रखाव की कार्ययोजना बनाई जाए तथा विभिन्न क्षेत्र की सड़कों की जिम्मेदारी उच्चाधिकारियों को सौंपी जाये। सड़कों की स्थिति पर नजर रखने तथा प्रभावित सड़कों की त्वरित मरम्मत के लिए राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाये। जनजातीय विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावासों की व्यवस्था पर अधिकारी नजर रखें तथा प्रभारी मंत्री भी इन छात्रावासों का आवश्यक रूप से दौरा करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में हुई मंत्रीगण, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा सचिवों की बैठक में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राशन वितरण में गड़बड़ी करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाये। एक से अधिक राशन दुकान चलाने वालों की भी समय-सीमा में जांच हो और आवश्यकता होने पर दुकानों का संचालन स्व-सहायता समूहों को सौंपा जाए। राजस्व संबंधी दाखिल, खारिज, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के कार्यों में विलंब न हो। समय पर किसानों को खाद उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को फसल खरीद का भुगतान सात दिन से अधिक लंबित न रहे। उद्यानिकी फसलों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत सम्मिलित करने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाये। मुख्यमंत्री ने पशुओं के लिए उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस के जिला और विकासखंड स्तर पर संचालन तथा पशु चिकित्सकों की उपलब्धता की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सिवनी और बालाघाट जिलों में लम्पी वायरस पर समय रहते नियंत्रण के लिए पशुपालन विभाग को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे तालाबों में मछली पालन का अधिकार मछुआरों का है, यह सुनिश्चित किया जाए कि छोटे तालाबों पर दबंग कब्जा न करें।

लोक अदालत में नगरीय निकायों को मिला 55 करोड़ 46 लाख रुपये का राजस्व

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि 13 मई को हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में नागरिकों ने विभिन्न करों के अधिभार में दी गई छूट का भरपूर लाभ उठाया है। परिणामस्वरूप नगरीय निकायों को एक ही दिन में राजस्व और गैर-राजस्व करों के रूप में 55 करोड़ 46 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

लोक अदालत में नगरपालिक निगमों को 49 करोड़ 34 लाख रुपये, नगर पालिका परिषदों को 4 करोड़ 53 लाख रुपये तथा नगर परिषदों को एक करोड़ 60 लाख रुपये का राजस्व मिला है।

नगर निगमों में सर्वाधिक राजस्व 24 करोड़ 63 लाख रुपये इंदौर नगर निगम को प्राप्त हुआ। वहीं भोपाल नगर निगम दूसरे स्थान पर रहा, जिसे 10 करोड़ 84 लाख रुपये कर के रूप में प्राप्त हुए।

राष्ट्रीय जल पुरस्कार

मध्यप्रदेश को मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार

भोपाल, केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश को जल-संसाधन के बेहतर उपयोग, जल-संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2022 की सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में प्रथम स्थान के लिए चुना गया है। पुरस्कार समारोह शीघ्र ही होगा, जिसमें प्रदेश को ट्रॉफी और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश के सभी नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण के साथ सामंजस्य से विकास की ओर सतत आगे बढ़ते रहने में भारत आज विश्व का मार्गदर्शक है। जल-संरचनाओं का संरक्षण, संवर्धन एवं उचित प्रबंधन, पर्यावरण-संरक्षण का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह बहुत गौरव की बात है कि समूचा मध्यप्रदेश इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में विभिन्न घटकों-जल जीवन मिशन एवं जल शक्ति अभियान की उपलब्धियों, जल-संसाधन के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास, वॉटर पॉलिसी, सिंचाई के परंपरागत तरीकों के स्थान पर माइक्रो इरीगेशन तकनीकी का प्रयोग, नवीन माइक्रो इरीगेशन प्रोजेक्ट्स का क्रियान्वयन, जल उपयोग की दक्षता, जल-संरचनाओं का पुनरुद्धार, सीवेज एवं औद्योगिक अपशिष्ट पानी को उपचारित कर पुनः उपयोग आदि क्षेत्रों में प्रयासों एवं उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाता है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा अब 8 लाख रुपये

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में 'अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए वार्षिक आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये करने की सहमति प्रदान की गई। आय सीमा में वृद्धि से अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के व्यापक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना-2023 के 3 वर्षीय बजट एवं वित्तीय प्रावधानों के (वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक) अंतर्गत 41 हजार 923 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं :-

- मंत्रिपरिषद ने शासन संधारित मंदिरों की कृषि भूमियों के प्रबंधन के संबंध में 22 अप्रैल, 2023 को जारी विभागीय आदेश का अनुसमर्थन किया। आदेश अनुसार जिन शासन संधारित मंदिरों के पास 10 एकड़ तक कृषि भूमि संलग्न है, उनसे होने वाली आय का उपयोग पुजारी स्वयं के लिये कर सकेंगे।
- ऐसे शासन संधारित मंदिर, जिनमें 10 एकड़ से अधिक कृषि भूमि संलग्न है, से होने वाली आय का उपयोग पुजारी स्वयं के लिए कर सकेंगे। शेष कृषि भूमियों को जिला कलेक्टर को सूचित करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर कृषि प्रयोजन के लिये नीलामी कर सकेंगे। नीलामी से प्राप्त होने वाली आय मंदिर के खाते में जमा करायी जायेगी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो के दृष्टिगत वर्ष 2023-24 के लिए अग्रिम भण्डारण एक फरवरी से 31 मई की अवधि में 10 लाख 80 हजार टन मात्रा किए जाने का निर्णय लिया गया।
- उल्लेखनीय है कि रासायनिक उर्वरकों (यूरिया, डीएपी, कॉम्प्लेक्स एवं पोटाश) की अग्रिम भण्डारण योजना में राज्य में डीएपी, कॉम्प्लेक्स, पोटाश एवं यूरिया उर्वरकों की व्यवस्था के लिये मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ को राज्य नोडल एजेंसी घोषित किया गया है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा लागू की गई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटराईजेशन के लिए केंद्र प्रायोजित परियोजना में प्रदेश की 4534 पैक्स का कम्प्यूटराईजेशन कराये जाने की स्वीकृति दी गई।
- इस योजना का अनुमोदन सूचना प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं की समीक्षा एवं अनुमोदन के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति की बैठक में 10 फरवरी 2023 को किया गया था।
- साधिकार समिति की अनुशंसा अनुसार परियोजना के क्रियान्वयन के लिये सहकारिता विभाग को अधिकृत किया गया है।
- परियोजना में आवश्यक हार्डवेयर का क्रय GeM पोर्टल से केंद्र सरकार द्वारा जारी GFR 2017 एवं अन्य निर्देश अनुसार किये जाने की अनुमति दी गई। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा भारतनेट योजना अनुसार प्रदेश की 4534 पैक्स के मुख्यालयों पर ऑप्टिकल फाइबर आधारित इंटरनेट कनेक्टिविटी प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जायेगी।
- परियोजना के लिये अनुमानित व्यय राशि 145 करोड़ रुपये, जिसमें केंद्रांश का 87 करोड़ रुपये और राज्यांश के 58 करोड़ रुपये शामिल हैं, की स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना के आगामी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्णय लेने के लिए साधिकार समिति अधिकृत की गयी है।
- मंत्रिपरिषद ने केंद्र सरकार द्वारा समेकित बाल-संरक्षण योजना 'मिशन वात्सल्य' को नवीन नॉर्म्स अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की। केंद्र सरकार द्वारा समेकित बाल-संरक्षण योजना 'मिशन वात्सल्य' नवीन नॉर्म्स अनुसार वर्ष 2023-24 से आगामी वर्षों के लिये संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की।
- वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक समेकित बाल-संरक्षण योजना 'मिशन वात्सल्य' में स्वीकृत 676 संविदा पदों को प्रतिवर्ष 3 प्रतिशत मानदेय वृद्धि के साथ और 394 नियमित पदों को निरन्तर किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम-2019 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। प्रदेश में 44 जिलों के रेत समूहों का 'ई-निविदा' के स्थान पर 'ई-निविदा-सह-नीलामी' प्रक्रिया द्वारा समूहवार ठेके से निर्वतन किया जायेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना में युवाओं को लॉ फर्म और वकीलों से संबद्ध किया जाएगा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्टेट बॉर काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल से भेंट के दौरान कहा कि युवाओं के कौशल उन्नयन से उन्हें बेहतर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लागू की जा रही मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना में युवाओं को प्रतिष्ठित लॉ फर्म तथा वकीलों से भी संबद्ध किया जाएगा। इस अप्रेंटिसशिप से वे वकालत तथा विधि से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता अर्जित कर सकेंगे और रोज़गार के साथ युवाओं के स्वावलंबन के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही वकील पंचायत बुला कर संवाद किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल ने वकीलों के कल्याण संबंधी मांगें प्रस्तुत कीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मांगों पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री से मिलने वाले स्टेट बार काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्री विजय चौधरी, राजेश व्यास, संजय गुप्ता, प्रेमसिंह भदौरिया सहित अन्य अभिभाषक शामिल थे।

युवा स्वयं के साथ भावी पीढ़ी के लिये करें ईको फ्रेंडली वातावरण का निर्माण

भोपाल, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में युवा नेतृत्व के विकास के लिये 'लाइफ स्टाइल फॉर इनवायरमेंट' (LiFE) जल्दी ही शुरू होगा। श्री डंग ने प्रत्येक जिले के युवाओं से प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि विश्व में अंधाधुंध विकास के कारण उपजे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने की दिशा में यह छोटा सी सही पर एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रशिक्षित युवा न केवल अपनी, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिये भी पर्यावरण फ्रेंडली वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

श्री डंग ने बताया कि युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रदेश में 2100 युवाओं को लाइफ वॉलेंटियर्स के रूप में प्रशिक्षण दिया जायेगा। लाइफ वॉलेंटियर का चयन प्रदेश के प्रत्येक जिले से किया जायेगा। आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने के साथ एक जून, 2023 को अधिकतम आयु 29 वर्ष और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक होनी चाहिये। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई, 2023 है। प्रशिक्षण के बाद वॉलेंटियर्स को प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।

पंजीयन एवं नियम निर्देशिका के लिये आवेदक www.epco.mp.gov.in, www.swa.mp.gov.in, www.ecoclub.mp.gov.in, www.climatechange.mp.gov.in वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं। प्रत्येक जिले से प्राप्त आवेदनों की सूची संबंधित कलेक्टर को भेजी जायेगी। कलेक्टर अपने जिले के पर्यावरण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं को भी स्व-विवेक से नामांकित कर सकेंगे। प्रदेश के प्रत्येक जिले से अधिकतम 35 वॉलेंटियर का चयन किया जायेगा।

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण रूपेण निःशुल्क रहेगा। प्रतिभागियों को यात्रा एवं दैनिक भत्ते की निश्चित राशि ऑनलाइन उनके खाते में भेजी जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान भोजन और ठहरने की व्यवस्था एप्को द्वारा की जायेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्थान, समय और तिथि की सूचना जिला प्रशासन और चयनित प्रतिभागियों को ई-मेल या उनके व्हाट्सएप नम्बर पर दी जायेगी।

मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान

जनता की समस्याओं का किया जायेगा शत-प्रतिशत निराकरण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, आम जनता के आवेदनों को कार्यालय में लंबित रखने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए ही मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान प्रारंभ किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर देखा जाए कि जनता के आवेदन कागजों में दब तो नहीं गए हैं। निराकरण में देर करने वाले शासकीय सेवक दंडित किए जाएंगे। संभागीय कमिश्नर्स अपने संभाग के जिलों में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में हो रहे आवेदनों के निराकरण की प्रतिदिन जानकारी प्राप्त करें। यह अभियान एक महायज्ञ है। जनता की समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण कर लंबित कार्यों को शून्य की स्थिति में लाया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा जन-सेवा अभियान के अंतर्गत प्रदेश में हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने जिलों और संभागों में जनता के आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानी और कमिश्नर कलेक्टर से चर्चा कर निर्देश दिए।

प्रदेश में 10 मई से प्रारंभ मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के द्वितीय चरण में 7 दिन में प्राप्त 25 लाख 27 हजार आवेदनों में से 19 लाख 27 हजार को मंजूरी दे दी गई है। कुल प्राप्त आवेदनों में 76 प्रतिशत से अधिक आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश के शाजापुर, रतलाम, नीमच, देवास और विदिशा में आवेदनों के निराकरण 90 से 97 प्रतिशत हैं। मुख्यमंत्री ने शाजापुर, रतलाम और खरगोन कलेक्टर के तत्परता से कार्य के अनुभवों को भी सुना।

श्री चौहान ने विभिन्न जिलों में उपस्थित विधायकों से भी अभियान की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उज्जैन जिले के विधायक श्री बहादुर सिंह ने बताया कि अभियान शुरू होने से लोगों के कार्य जल्दी हो रहे हैं। नागरिकों को घर-घर जाकर भी स्वीकृत-पत्र और आवश्यक प्रमाण-पत्र बांटे जाएंगे। मंदसौर विधायक श्री यशपाल सिंह ने कहा कि जन-सेवा अभियान से आम नागरिकों को राहत मिल रही है।

मुख्यमंत्री के अन्य निर्देश

- कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक जनता की शिकायतों को प्राथमिकता से हल करें।
- थानों में आम जनता द्वारा दर्ज शिकायतों पर तत्परता से कदम उठाए जाएं।
- नदियों से रेत निकालने की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाए।
- किसानों से उपार्जित अनाज के बाद राशि के भुगतान में देर न की जाए।
- आगामी 21 जून से हवाई जहाज से तीर्थ-दर्शन की शुरुआत हो रही है।
- तीर्थ-दर्शन योजना से जनता को लाभार्थित करने के लिए जानकारी दी जाए।

मध्यप्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदल रही हैं महिलायें - मुख्यमंत्री

निवाड़ी, एक समय था जब मध्यप्रदेश में बेटियों को बोझ माना जाता था, अब वे वरदान बन गई हैं। प्रदेश की बहनें अब स्वयं एवं परिवार की तकदीर और प्रदेश की तस्वीर बदल रही हैं। लाड़ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री कन्या-विवाह-निकाह, स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण, पुलिस और शिक्षकों की भर्ती में महिला आरक्षण, आजीविका मिशन, स्टाम्प शुल्क में बहनों के लिये छूट और अब लाड़ली बहना जैसी योजनाओं से यह संभव हो पाया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में लाड़ली बहना सम्मेलन-सह-मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार वितरण समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने 95 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमि-पूजन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना के प्रमाण-पत्र भी वितरित किये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना बहनों की जिंदगी बदलने की योजना है। योजना में आगामी 10 जून से हर माह की 10 तारीख को बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपये की राशि आयेगी। आजीविका मिशन में महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर बहन को माह में कम से कम 10 हजार रुपये की आमदनी हो। हर गांव में लाड़ली बहना सेना बनाई जा रही है, जो महिला कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ायेगी। अपनी किस्मत अपने हाथ से बनायेंगी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान निवाड़ी में लाड़ली बहना सम्मेलन और मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार वितरण समारोह में हितलाभ वितरित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में हर गरीब को रहने के लिये जमीन मिलेगी और उस पर मकान भी सरकार बनवायेगी। पृथ्वीपुर की धरती पर ही हमने इसका आगाज किया था। इस कार्यक्रम में 2705 व्यक्तियों को आवासीय भू-अधिकार पट्टे दिये जा रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हर घर तक नल द्वारा जल पहुंचाने की योजना पूर्णता की ओर है। निवाड़ी जिले में 11 गांव अभी शेष हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि इस माह के अंत तक हर घर में पाइप-लाइन से नल से जल पहुंचाया जाये।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अधिकारी और जन-प्रतिनिधि गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर रहे हैं तथा उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में बनाये गये श्रीमहाकाल महालोक की तरह ही ओरछा में भी श्रीरामराजा महालोक बनाया जायेगा। उन्होंने घोषणा की कि आगामी जुलाई माह से ओरछा में कॉलेज खुल जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले के जेर में औद्योगिक क्षेत्र बन रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में

मुरैना, पन्ना, सिंगरौली, नीमच, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर एवं धार जिलों में

एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की ख़बरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय ख़बरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

लिंडा याकारिनो

ट्विटर की नई सीईओ

माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर की नई सीईओ लिंडा याकारिनो होंगी। एलन मस्क ने एनबीसी यूनिवर्सल की ग्लोबल एडवरटाइजिंग चेयरमैन लिंडा को कंपनी का सीईओ बनाने की घोषणा की।59 वर्षीय लिंडा 2011 में एनबीसी से जुड़ी थी। उन्होंने कंपनी के लिए वन प्लेटफॉर्म क्रिएट किया था। उनके वन प्लेटफार्म ने एनबीसी के प्रीमियम वीडियो ईकोसिस्टम को बदल दिया। यह प्लेटफॉर्म एडवरटाइजर्स को सभी स्क्रीन और फॉर्मेट में ऑडियंस तक रीच करने में मदद करता है।

अमेरिका में

पिता-पुत्र को मिला पुलित्जर पुरस्कार

अमेरिका के पत्रकार पिता-पुत्र को पत्रकारिता का नोबल माने जाने वाले पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने पुलित्जर विजेताओं की घोषणा की है जिसके अनुसार पत्रकार जॉन आर्चीबाल्ड और उनके बेटे रैमसे आर्चीबाल्ड को संयुक्त रूप से पुरस्कार दिया जाएगा। जॉन इससे पहले 2018 में भी पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं।

पुर्तगाल में

31 साल का बॉबी सबसे उम्रदराज डॉग बना

पुर्तगाल के 31 साल के बॉबी नामक डॉग ने दुनिया का सबसे उम्रदराज डॉग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। 1992 में जन्मा बॉबी 11 मई को 31 साल का हो गया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होने के बाद उसके लिए पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी का मेन्यू डॉग फूड ही रखा गया, तमाम श्वान प्रेमियों ने बॉबी को मिले रिकॉर्ड्स के साथ फोटो शेयर की।

ब्रिटेन में

41 लाख रुपये में बिकी 60 वर्ष पुरानी घड़ी

इंग्लैंड में 60 वर्ष पुरानी रोलेक्स सबमरीनर घड़ी चर्चा का विषय बन गई है। पेशे से रॉयल नेवी के सर्च-रेस्क्यू डाइवर रहे साइमन बार्नेट ने 1963 में इस घड़ी को 70 पाउंड यानी करीब सात हजार रुपये में खरीदा था। साइमन इसे अपने बचाव मिशनों के दौरान इस्तेमाल करते थे। 2019 में उनकी मृत्यु के बाद उनके बेटे पीटर बार्नेट को घड़ी विरासत में मिली। कुछ वर्षों तक इसका इस्तेमाल करने के बाद पीटर ने घड़ी को बेचने की सोची। नीलामी में जब बोली लगनी शुरू हुई तो एक खरीदार ने 40,000 पाउंड यानी करीब 41 लाख रुपये में इस घड़ी को खरीदा। नीलामकर्ता एलिजाबेथ टैलबोट ने घड़ी को काफी दुर्लभ करार दिया। पीटर ने कहा कि पिता की निशानी को बेचना उनके लिए काफी कठिन फैसला था, लेकिन आर्थिक कारणों से उन्हें यह निर्णय लेना पड़ा।

स्टीव जॉब्स का

चेक 88 लाख में हुआ नीलाम

एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स द्वारा 1976 में दस्तखत किया हुआ 175 डॉलर (करीब 14 हजार रुपये) का चेक लगभग 88 लाख रुपये में नीलाम हुआ है। यह वही साल था जब एप्पल की स्थापना हुई थी। इसमें एप्पल के आधिकारिक दफ्तर का पता लिखा हुआ है। इसे 8 जुलाई 1976 को जारी किया गया था। यह चेक अब बंद हो चुकी एक मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म क्रैम्पटन, रेमके और मिलर को दिया गया था, जिसने जेरॉक्स और अन्य टेक कंपनियों को सेवाएं दी थीं।

शांति टेरेसा लकड़ा और जिंसी चेरी

वैश्विक नर्सिंग पुरस्कार के लिए नामित

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आदिम जनजातियों के साथ काम करने वाली नर्स शांति टेरेसा लकड़ा और आयरलैंड मूल की केरल में जन्मीं जिंसी जेरी दुनिया भर में नर्सिंग स्टॉफ को सम्मानित करने वाले वैश्विक पुरस्कार के 10 फाइनलिस्ट में शामिल हैं। पोर्ट ब्लेयर के जी.बी. पंत अस्पताल की लकड़ा को 2011 में अंडमान निकोबार के आदिवासी समुदाय के लिए उनकी अविश्वसनीय सेवाओं के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

सेंट जॉन चर्च

400 साल पुराना चर्च रेनोवेट होते ही जगमगाया

यूरोप के द्वीप माल्टा में वालेटा के 400 साल पुराने सेंट जॉन चर्च का रेनोवेशन कार्य पूरा हो गया है। विश्व धरोहर में शामिल इस चर्च का 16 साल तक रेनोवेशन का काम चला था। अब इसकी कारीगरी बनावट देखते ही बन रही है। आगामी 24 जून तक इस चर्च में 17वीं सदी की टेपेस्ट्री को प्रदर्शित किया जा रहा है। अंतिम बार 1990 में पोप जॉन पॉल द्वितीय के माल्टा दौरे के दौरान इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था।

ऑस्ट्रेलिया में

दुनिया का पहला जेनेटिकली मॉडिफाइड केला उगाया गया

ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला जेनेटिकली मॉडिफाइड केला उगाया है। वैज्ञानिकों ने इस इस केले को टेस्टिंग के बाद अप्रूवल के लिए भेजा है। वैज्ञानिकों ने पनामा रोग ट्रॉपिकल रेस-4 (टीआर-4) नामक फंगस से बचाने के लिए इसे तैयार किया है। मॉडिफाइड केले के पौधे पर इस बीमारी का असर सिर्फ 2% तक होने की आशंका है। यह कामयाबी क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर जेम्स डेल के नेतृत्व में मिली है।

दुनिया में पहली बार

ब्रिटेन में पैदा हुआ सुपर बेबी

दुनिया का पहला सुपर बेबी ब्रिटेन में पैदा हो गया है। यह सुपर पॉवर वाला बेबी है इसे भविष्य में किसी तरह की जेनेटिक बीमारी नहीं होगी। क्योंकि इसमें माता-पिता के अलावा तीसरे व्यक्ति का भी डीएनए जोड़ा गया है। डीएनए की खासियत को बनाए रखने के लिए इसमें आईवीएफ तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इस बेबी को जिस तकनीक से बनाया गया है, उसे माइटोकॉन्ड्रियल डोनेशन ट्रीटमेंट कहते हैं।

बीरी सांती

राष्ट्रीय पंचायत एसोसिएशन की महासचिव बनीं

मॉडलिंग की दुनिया से राजनीति में कदम रखने वाली अरुणाचल की बीरी-सांती को राष्ट्रीय पंचायत एसोसिएशन का महासचिव नियुक्त किया गया है। सांती ऑल अरुणाचल पंचायती राज परिषद के साथ ही कामले जिला परिषद की भी अध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय जिला पंचायत एसोसिएशन जिला पंचायतों का संगठन है जो ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

किंग चार्ल्स - तृतीय

राज्याभिषेक के बाद पहला आधिकारिक पोट्रेट जारी

किंग चार्ल्स-तृतीय के 6 मई को हुए राज्याभिषेक के बाद उनका पहला आधिकारिक पोट्रेट जारी किया गया है। किंग का यह पोट्रेट बकिंघम पैलेस के ग्रोन रूम में लिया गया। तस्वीर में किंग चार्ल्स इम्पीरियल स्टेट क्राउन और रोब ऑफ स्टेट पहने हुए नज़र आ रहे हैं। उनकी तस्वीर ब्रिटिश फोटोग्राफर ह्यूगो बर्नांड ने ली है। उल्लेखनीय है कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मौत के आठ माह बाद किंग की ताजपोशी की गयी है।

अमेरिका ने

सीरिया में राष्ट्रीय आपातकाल बढ़ाया



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद की सरकार के खिलाफ प्रतिबंधों को बरकरार रखते हुए वहां के लिए घोषित राष्ट्रीय आपातकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। व्हाइट हाउस से दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय आपात अधिनियम की धारा 202 (डी) के अनुसार बाइडेन ने सीरिया सरकार के संबंध में घोषित राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि बढ़ायी है।

विशाल गौड़

कॉर्नेल मैनेजमेंट स्कूल के डीन नियुक्त

भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर और आइआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र विशाल गौड़ को कॉर्नेल विश्वविद्यालय में सैमुअल कर्टिस जॉनसन ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट का ऐनी और एल्मर लिंडसेथ डीन नामित किया गया है। वे 1 जुलाई 2023 से अपना पद संभालेंगे।

ऑपरेशन शक्ति

25वीं वर्षगांठ पर स्मारक सिक्का जारी

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर राजस्थान के पोखरण में हुए देश के द्वितीय परमाणु परीक्षण 'ऑपरेशन शक्ति' की 25वीं वर्षगांठ पर केंद्र सरकार ने 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया। मुद्रा शास्त्री सुधीर लुनावत के अनुसार सिक्के का कुल वजन 35 ग्राम है। इसमें 50 प्रतिशत चांदी, 40 प्रतिशत तांबा, 5 प्रतिशत निकल और 5 प्रतिशत तांबे का मिश्रण है। इसके एक तरफ अशोक स्तंभ के साथ मूल्यवर्ग और दूसरी तरफ 25वीं वर्षगांठ का प्रतीक चिन्ह अंकित है।

सचित मेहरा

कनाडा के सत्तारूढ़ पार्टी का अध्यक्ष बना भारतवंशी

कनाडा में भारतीय मूल के सचित मेहरा को देश की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया गया है। 46 वर्षीय मेहरा ने लिबरल पार्टी की पूर्व अध्यक्ष मीरा अहमद को हराया है। कनाडा में लिबरल पार्टी की सरकार है, सचित कनाडा के विन्निपेग शहर के निवासी हैं। उनके माता-पिता 1960 में कनाडा आ गए थे। सचित का परिवार ईस्ट इंडियन रेस्टोरेंट कंपनी चलाता है।

पुर्तगाल में

इच्छा मृत्यु को अब कानूनी मान्यता

लंबी लड़ाई के बाद यूरोपीय देश पुर्तगाल की संसद ने कुछ शर्तों पर इच्छा मृत्यु को कानूनी मान्यता दे दी है। अब 18 साल से अधिक उम्र का व्यक्ति इसके लिए अर्जी दे सकता है, बशर्ते कि वह असहनीय पीड़ा या लाइलाज बीमारी से जूझ रहा हो। बता दें कि देश के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी. सॉसा इस बिल का विरोध करते रहे हैं, इससे पहले वे चार बार संसद की मंजूरी के बावजूद इस बिल को लौटा चुके हैं।

शेरपा गाइड ने

26वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की

नेपाल के शेरपा गाइड पासंग दावा शेरपा ने 26वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। इस तरह की उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के दूसरे शख्स बन गए हैं। एक सरकारी पर्यटन अधिकारी विष्णन कोइराला ने बताया कि 46 वर्षीय पसांग दावा शेरपा ने 8,849 मीटर (29,032 फीट) की चोटी फतह की है।

गीता राव गुप्ता

अमेरिका में एम्बेसडर-ऐट-लार्ज नियुक्त हुईं भारतवंशी

अमेरिकी सीनेट ने भारतीय-अमेरिकी गीता राव गुप्ता को महिलाओं से जुड़े वैश्विक मुद्दों के लिए एम्बेसडर-ऐट-लार्ज नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। मंत्रालय के अनुसार हम अमेरिकी विदेश नीति के जरिये महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए गीता के भरपूर प्रयास की आशा करते हैं। गीता की नियुक्ति के समर्थन में 51 वोट पड़े। नियुक्ति से पूर्व उन्होंने कहा था, वे अपनी सुरक्षा से संबंधित खतरों का सामना कर रही हैं। उन्हें रोजाना हिंसा का डर सताता है।

स्मृति शेष

प्रख्यात रंगकर्मी मोहन महर्षि का निधन

देश के जाने-माने रंगकर्मी अभिनेता एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पूर्व निदेशक मोहन महर्षि का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 1955 में उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो से रंगकर्म यात्रा की शुरुआत की थी। वे 1983-86 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक रहे। 1992 में उन्हें संगीत नाटक अवॉर्ड से नवाजा गया था। उनके नाटक विद्योत्तमा, सांप-सीढ़ी और आइंस्टीन सरहे गए थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंदौर

(इण्डो-जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India

291–बी, 302–ए, सेक्टर–ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)–452015
ई–मेल: trg@igtr-indore.com, Ph.: 0731–4210700, 4210709, 4210743

यासी यादी के आदिवासी के लिए शुल्क फीस निःशुल्क

यासी यादी के आदिवासी के लिए आयु में 3 वर्ष की छूट

प्रवेश सूचना–2023-24

ए.आई.सी.टी.ई./एन.सी.व्ही.टी. स्वीकृत डिप्लोमा/आई.टी.आई पाठ्यक्रम

इंजीनियरिंग क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर

सभी कोर्सेस में SC/ST छात्रों को ट्यूशन फीस निःशुल्क एवं उम्र में 3 साल की छूट

इंडो जर्मन टूल रूम, इन्दौर में निम्न कोर्सेस संचालित किये जा रहे है, सभी कार्सेस AICTE अथवा NCVT से मान्यता प्राप्त है। इन सभी कोर्स की उद्योगों में बहुत मांग है तथा रोजगार की संभावना भी अत्यधिक है।

	क्र.	कोर्स का नाम	कोर्स की अवधि	न्यूनतम पात्रता	कोर्स की मान्यता	
GROUP "A"	1	एडवास डिप्लोमा इन टूल एण्ड हाई मैकिंग (ADTDM)	4 साल	गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण (सामान्य 60%) (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग 50%) दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 19 वर्ष	AICTE	समूह 'A' के लिए स्कैन करें
	2	डिप्लोमा इन मेकाट्रोनिक्स (DIM)	3 साल			
	3	डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस (DICS)	3 साल			
GROUP "B"	4	डिप्लोमा इन वोकेशन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी (D Voc)	3 साल	10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष		
	5	सर्टिफिकेट कोर्स इन मशीनिष्ट ट्रेड	2 साल	गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष	NCVT (ITI)	समूह 'B' के लिए स्कैन करें
	6	सर्टिफिकेट कोर्स इन फिटर ट्रेड	2 साल			
	7	सर्टिफिकेट कोर्स इन वेल्डर ट्रेड	1 साल			

- क्रमांक 1 से क्रमांक 3 (ग्रुप–A) के लिए आवेदन फॉर्म 24/04/2023 से कॉलेज में आकर या क्यू आर कोड स्कैन करके जमा कर सकेंगे।
- क्रमांक 1 से क्रमांक 3 (ग्रुप–A) के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक 25/06/2023 को होगी एवं प्रवेश 10वी के मेरिट एवं प्रवेश परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर 03/07/2023 से शुरु होंगे।
- क्रमांक 4 से क्रमांक 7 (ग्रुप–B) के लिए प्रवेश कॉलेज लेवल कांउसिलिंग आधार पर 24/04/2023 से शुरु होंगे।
- क्रमांक 5 से क्रमांक 7 के कोर्सेस में प्रवेश के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
- अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.igtr-indore.com देखे एवं कॉलेज में आकर जानकारी प्राप्त करें। कोर्स के फॉर्म वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। • प्रशासन एवं परिस्थिति के अनुसार किसी भी दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है।

deepak

सम्पर्क : सोमवार से शनिवार सुबह 9.30 से शाम 5:00 तक

291/बी-302/ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर- 452015

आप 9009000276, 7415816011 अथवा 9977703559 पर Whatsapp द्वारा भी जानकारी प्राप्त कर सकते है

R-48554/2023

केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)

सिपेट CIPET

सी.एस.टी.एस. भोपाल

(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)

जी सेक्टर, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जे.के. रोड, भोपाल 462023 (म.प्र.)

: 0755-4028622/23, ई-मेल : bhopal@cipet.gov.in / cipet.bhopal@gmail.com, वेबसाइट : www.cipet.gov.in

AITCE से मान्यता प्राप्त

सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) 2023

उत्कृष्ट प्लेसमेन्ट रिकॉर्ड

ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट : https://cipet23.onlineregistationform.org/CIPET/ पर उपलब्ध है।

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	प्रवेश योग्यता
1.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी)	3 वर्ष	कक्षा 10 उत्तीर्ण।
2.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डी.पी.टी)	3 वर्ष	कक्षा 10 उत्तीर्ण।
3.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एन्ड टैस्टिंग (पीजीडी-पीपीटी)	2 वर्ष	विज्ञान में 3 वर्ष की डिग्री
4.	पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाइन विथ कैड / कैम (पीडी-पीएमडी विथ कैड/कैम)	1½ वर्ष	मैकेनिकल/प्लास्टिक्स/पॉलीमर/टूल/टूल एवं डाई मेकिंग/ उत्पादन /मैक्ट्रोनिक्स/ऑटोमोबाइल/पेट्रोकेमिकल्स/ ऑप्टोमिक /कृषिटूरीज्म इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या बी.पी.एच.टी./बी.पी.टी./या समकक्ष।

क्रम संख्या 1 व 2 पाठ्यक्रमों को NBA से मान्यता प्राप्त है।

सिपेट प्रवेश परीक्षा (CAT) की महत्वपूर्ण तिथियाँ	अभिलाषुक आवेदन करने की प्रारंभ तिथि – 24.02.2023 अभिलाषुक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 28.05.2023 सिपेट प्रवेश परीक्षा 2023 की तिथि (कैट :2023) – 11.06.2023 पाठ्यक्रमों की शुरुआत तिथि – अगला प्रबंध सत्राह 2023

उम्र की सीमा नहीं।
छात्रवृत्ति (शासन के नियमानुसार)
छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावास

नोटः प्रवेश योग्यता परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार भी उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

विज्ञापन क्रमांक : CIPET/BPL/ADVT/23-24/11

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – 9713109460, 9726835057, 8887987463, 7869955238, 9425929097, 9131520467 9478355969, 9893344859

Vinayak

R-48553/2023

MAHARANA PRATAP COLLEGE, BHOPAL

(Approved by NCTE & MP Govt & Affiliated to Barkatullah University Bhopal),
Phone: 9229658661, Email: rsbcollege59@gmail.com

REQUIRED

MPC is one of the best and fastest transforming institutes of central India. Applications are invited from eligible candidates for requirement under college code 28 for below mentioned positions in the Department of Education (B.Ed).

Assistant Professor For Teaching B.Ed. - 03 Posts
Assistant Professor for Teaching Fine Art - 01 Post

Qualifications, Experience and salary as per norms. The number of vacancies is subject to change and Institute reserves full rights for it. Interested candidates may apply along with CV, testimonials and four recent passport size photographs to Chairman "Maharana Pratrap College, A-6 Vidya Nagar Opposite Barkatullah University Bhopal - 462024 or email rsbcollege59@gmail.com to within 15 days

Chairman

Vinay Jat

R-48555/2023

SHRI DADAJI INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE

Estd.2004 Approved by AICTE, New Delhi; Affiliated to RGTU, Bhopal & DAVV, Indore, Recognised by DTE, Bhopal

Indore Road, Khandwa (M.P.)
Email: principal@sdits.org

APPOINTMENTS

Applications are invited for the following posts for MBA, MCA and Computer Science Engg. courses. Interested candidates may apply with resume and attested documents within 5 days to the Principal.

Post - Professor, Associate Professor & Asst. Professor
Qualification - As Per AICTE & UGC Norms

Principal SDITS, Khandwa

R-48559/2023

Vidyodaya Mahavidyalaya

Affiliated to DAVV, Indore

Dhar Road Opposite Telephone Exchange, MANAWAR, Dist. Dhar (M.P.) 454446

REQUIRES

Applications are invited for the following posts, under college code-28, Eligibility and Salary as per UGC/AICTE and MP Govt. norms.

* Associate/Asst. Professor (Geography , Biotechnology, Physics, Commerce, Botany, Maths, Hindi Chemistry, English, Management, Computer, Economics, Soil Conservation and Water Management , Home Science

* Sports officer, Librarian

Note:- Qualification for S.C.W.M. (M.Sc. In Soil Science/Agronomy/Seed Technology/Agroforestry)

Apply within 15 days with complete resume

Contact : Mo.No.. 8269984222, 9826537056 Secretary
email: vidyodaya_society@rediffmail.com

R-48558/2023

APPOINTMENT

YASH COLLEGE OF EDUCATION

Approved by Dept. of M.P. Higher Educ. Bhopal.
Affiliated to Devi Ahilya University, Indore (M.P.)
Address - Petlawad Road, Badnawar Dist-Dhar (M.P.)
Ph. No. 9425074596, 9827222333
Application Are invited for the following post

Course : M.A. (Poli.Sci./Soci.), M.Sc. (CS) & B.Ed.

Assistant Professor

1. **Political Science -01**
2. **Sociology -01**
3. **Computer Science -01**
4. **Sanskrit (For B.Ed.) -01**

Minimum Qualification As per NCTE/UGC/State Govt. Norms. Interested candidate apply with in 10 days with their C.V., Testimonials, Passport size Photograph through yashcollege08@gmail.com or walk in college campus between 11am to 4pm.

Secretary

R-48560/2023

CORRIGENDUM

In the advertisement of Sri Sathya Sai College for women Bhopal Rozgar Aur Nirman 01.05.2023 to 07.05.2023 following amendments are notified.

1. **For college Professor - WORD 'CAS' (Career Advancement Scheme) Be treated as deleted .**
   AND
   Words - Home Science, Physics, Botany and Law are added.
   AND
2. **Words- One Posts of Assistant professor, Computer Science is added.**

Revised last date for submission of applications will be 03.06.2023.

Admin

R-48556/2023

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

MPBDC

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 – A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
Telephone No. : 0755- 4853297, 0755- 4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in
No. : 723/GM/MPBDC/SOC/2023/NIT-28 Bhopal, Dated : 16.05.2023

NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender from the Consultants for the Works of Supervision & Quality Control of building works for the following packages :-

1. Package No. 009/SQC for Gwalior division.
2. Package No. 010/SQC for Rewa Division.
3. Package No. 011/SQC for Ujjain Division.

The Date of Purchase, submission, etc. are mentioned in the Key Dates. Tender documents can be viewed and purchased online only from 18.05.2023 (18:00 hrs.) to 05.06.2023 (15:30 hrs.) from website **www.mptenders.gov.in**. The Bidders have to submit the bids online only. The amendment/Corrigendum (if any) shall only be published on website of **www.mptenders.gov.in** only. If the holiday is declared by Govt. of M.P. on the day of opening; the same will automatically be shifted to subsequent working days.
MPBDC reserves the right to accept/reject any/all tenders without assigning any reason thereof.

M.P. Madhyam/109906/2023 **MANAGING DIRECTOR**

R-48548/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 218/MTN/2023

(Flood Damage-SR)

No./7376/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 15.05.2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work -** Special Repair of Roads/ Culverts (Flood Damage)
- **SSR Applicable -** SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Dewas	1	3512000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **16.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/109878/2023 **(TENDER)**

R-48546/2023

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाबेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), फोन नं. 0734-2527715
मोबा. : 9406808103, Email: mpphcl_ujjain@yahoo.in
क्र. 668, 669 /पय/मप्रपुलिहाडेकार्लि/23/ उज्जैन, दिनांक :19.5.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 05/2023-24 एवं 06/2023-24

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 05/2023-24 दिनांक 19.05.2023 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य अस्पताल भवन, मनासा जिला नीमच, अस्पताल भवन महिदपुर जिला उज्जैन एवं रीजनल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, रतलाम एवं निविदा क्रमांक 06/2023-24 दिनांक 19.05.2023 के अंतर्गत सी.एम. राइज स्कूल गुलाना जिला शाजापुर में विभिन्न निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_MPPHC_276719, 2023_MPPHC_276720, 2023_MPPHC_276721, 2023_MPPHC_277861 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 19.05.2023 17.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/109977/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48551/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. - 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER EL-69

No./7614/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 18.05.2023

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/ Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/ CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in**. Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Burhanpur	3	5816238.00
2.	Khandwa	2	2714684.00
3.	Mandsaur	1	4393171.00
4.	Narmadapuram	1	1049009.00
5.	Neemuch	3	6319779.00
6.	Ujjain	2	6367806.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website **from 19.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/109933/2023 **(TENDER)**

R-48549/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011
No./7611/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 18.05.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 1103 (PMGSY-III-Bridge)

(PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

S.No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridges	Total PAC (In Rs.)
1.	Chhindwara	2	4	33304310.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **18.05.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **05.06.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/109934/2023 **(TENDER)**

R-48550/2023

OFFICE OF THE DIRECTOR INSTRUCTIONS

Rajmata Vijayaraje Scindia Krishi Vishwa Vidyalaya
Raja Pancham Singh Marg, Behind LNUPE, Gwalior-474002 (M.P.)
No./IPRO/DI/2023-24/417 Dated : 17.05.2023

ADMISSION NOTICE (2023-24)

Admission to Master and Ph.D. degree programme (2023-24) of Rajmata Vijayaraje Scindia Krishi Vishwa Vidyalaya, Gwalior and Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur will be through an Online Joint Entrance Examination to be conducted on 03.07.2023 by MP Online, Limited, Bhopal. Candidates may apply online w.e.f. 17.05.2023. Details are available on **www.rvskvv.net**, **www.jnkvv.org** and **kvv.mponline.gov.in**

Director Instructions

R-48552/2023

संस्कारों का सृजन भारतीय शिक्षा पद्धति की पुरातन पहचान

भोपाल, बच्चे वह नहीं सीखते, जो हम कहते हैं, बल्कि वह सीखते हैं जो हम उनके सामने करते हैं। संस्कारों का सृजन भारतीय शिक्षा पद्धति की पुरानी पहचान है। हमारा देश विचार प्रधान देश है। अपने संस्कारों से श्रेष्ठ समाज का निर्माण करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा क्षेत्र में भारत की ज्ञान परंपरा एवं संस्कार पद्धति को शामिल करने के लिए दिशा दी है। हमारा देश अपने मूल्यों एवं जीवन दर्शन के आधार पर पुनः खड़ा होगा। विश्व भर के लोग हमारी शिक्षा पद्धति को समझेंगे, हमारे देश के दर्शन के पीछे चलेंगे। ये बातें स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय (राजयोग भवन) भोपाल में आयोजित सात दिवसीय 'संस्कार सृजन समर कैंप' के समापन अवसर में कहीं।

सात दिवसीय 'संस्कार सृजन समर कैंप' में चित्रकला, नृत्य, गीत गायन आदि गतिविधियां हुईं।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./7764/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 19.05.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 219/MTN/2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable :** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

1. **Table No. 1 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Ashoknagar	1	8916293.00
2.	Betul	1	3322601.00
3.	Chhatarpur	3	28636583.00
4.	Chhindwara	1	20320133.00
5.	Damoh	1	9151985.00
6.	Dhar	2	13045919.00
7.	Gwalior	2	10225806.00
8.	Jhabua	2	50841818.00
9.	Katni	2	12266838.00
10.	Khargone	1	2512685.00
11.	Narsinghpur	2	20136661.00
12.	Panna	3	22986663.00
13.	Raisen	1	3212334.00
14.	Sagar	1	18354122.00
15.	Seoni	1	16787413.00
16.	Shajapur	5	47653084.00
17.	Sheopur	1	24721751.00
18.	Shivpuri	2	12456451.00
19.	Singrauli	7	44325837.00
20.	Tikamgarh	1	20203567.00
21.	Ujjain	2	8329953.00
22.	Vidisha	2	19651247.00

2. **Table No. 2 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	2	17945436.00
2.	Alirajpur	1	3324635.00
3.	Anuppur	2	20134384.00
4.	Betul	1	7791434.00
5.	Bhind	1	33413860.00
6.	Burhanpur	1	13418728.00
7.	Chhindwara	2	43593186.00
8.	Harda	1	8739371.00
9.	Indore	4	33946666.00
10.	Jhabua	2	32832471.00
11.	Khargone	2	39121909.00
12.	Mandla	1	44689668.00
13.	Raisen	1	1977079.00
14.	Rajgarh	1	13787980.00
15.	Rewa	1	1194810.00
16.	Sidhi	3	19828096.00
17.	Ujjain	1	7766902.00

3. **Table No. 3 : Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	1	8260513.00
2.	Betul	1	25663599.00
3.	Chhatarpur	4	37283381.00
4.	Dhar	1	12261658.00
5.	Indore	1	9096692.00
6.	Jabalpur	1	13726623.00
7.	Jhabua	1	7305123.00
8.	Katni	1	8072299.00
9.	Khargone	1	3350280.00
10.	Narmadapuram	1	6313711.00
11.	Rajgarh	1	13104674.00
12.	Rewa	1	4528839.00
13.	Shivpuri	1	9017311.00
14.	Sidhi	3	16906413.00
15.	Ujjain	1	4078226.00
16.	Vidisha	1	9446033.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **26.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/109974/2023 **(TENDER)**

R-48561/2023

मध्यप्रदेश के अनुकूल हो राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या (स्कूल शिक्षा 2023) NCF-SE रूपरेखा के विभिन्न बिंदुओं पर सुझावों के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा मध्यप्रदेश के अनुकूल हो। प्रदेश की विविधता, विशेषताएं, शौर्य, भौगोलिक स्थिति, कृषि विशेषता, संस्कृति, इतिहास एवं जनजातीय विरासत आदि का शिक्षा की आवश्यकताओं के अनुरूप राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा में समावेश हो।

श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पक्ष में बेहतर सहभागिता करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति करोड़ों लोगों के सुझावों से तैयार व्यापक मंथन है। श्री परमार ने कहा कि बालकों में साथी बेटियों के प्रति विश्वास और श्रद्धा का भाव व्यवहारिक जीवन में संस्कार युक्त प्रयोगों से आएगा।

नर्मदा नदी के किनारे बसे नगरों की सीवरेज परियोजना की समीक्षा

भोपाल, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास और मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव ने नर्मदा नदी के किनारे बसे मंडलेश्वर, ओंकारेश्वर, नेमावर, चित्रकूट, डिण्डोरी, अमरकंटक और महेश्वर सहित भैरूंदा सीवरेज परियोजना की समीक्षा की। श्री यादव ने कहा कि मां नर्मदा नदी के किनारे बसे नगरों में मलजल का उचित प्रबंधन विभाग की प्राथमिकता है।

प्रबंध संचालक ने अधिकारियों और संविदाकारों को निर्देशित किया कि साइट पर श्रमिकों की पर्याप्त उपलब्धता रखें। निर्माण घटकों के अनुसार श्रमिकों की तैनाती करें, आवश्यकता पड़ने पर नाइट शिफ्ट में भी काम करवायें। श्री यादव ने कार्य में गति लाने और तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समस्त परियोजनाओं की 15 दिवस उपरांत पुनः समीक्षा की जायेगी। समीक्षा बैठक में प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत, उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री पी.सी. जैन, मौजूद रहे।

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि

भोपाल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि के निर्देश दिए है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल क्रीड़ा अंशदान से आयोजित होने वाली शालेय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में यह वृद्धि दर लागू होगी। इन प्रतियोगिताओं में जो छात्र छात्राएं शामिल होंगे, उन्हें इसी सत्र से बढ़ा हुआ दैनिक भत्ता एवं गणवेश राशि मिलेगी। जारी आदेश के अनुसार क्रीड़ा अंशदान राशि से आयोजित होने वाली जिला एवं संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए दैनिक भत्ता राशि 90 रुपये से बढ़ाकर 135 रुपये एवं गणवेश राशि 450 रुपये से बढ़ाकर 675 रुपये की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि 100 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये एवं गणवेश राशि 500 रुपये से बढ़ाकर 750 रुपये की गई है।

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

पेंच राष्ट्रीय उद्यान ने दी है सिवनी जिले को देशभर में पहचान

सिवनी, मध्यप्रदेश के जबलपुर संभाग का एक जिला है। सतपुड़ा पर्वत के उत्तर-दक्षिण में स्थित इस जिले का गठन 1 नवम्बर, 1956 को प्राथमिक रूप से जनजातीय बहुल जिले के रूप में किया गया था। सिवनी जिले के उत्तर में जबलपुर, नरसिंहपुर और मंडला, पूर्व में बालाघाट, दक्षिण में भंडारा, नागपुर और पश्चिम दिशा में छिंदवाड़ा जिला स्थित है।

ऐसा माना जाता है कि सिवनी जिले का नाम 'सेओना' या 'सियोना' नामक वृक्ष के नाम पर किया गया। यह वृक्ष इस जिले में बहुतायत में पाया जाता था। इस वृक्ष का उपयोग ढोलक बनाने में किया जाता है।

पेंच राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिजर्व जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल है। इस पार्क को 1983 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। नोबल पुरस्कार विजेता प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक रुडयार्ड किपलिंग ने सिवनी के आसपास के जंगलों से प्रेरणा लेते हुए पुस्तक 'द जंगल बुक' लिखी थी। इसलिए इस जिले को मोगली लैंड के नाम से भी जाना जाता है। सिवनी जिले को मध्यप्रदेश का लखनऊ भी कहा जाता है। इरी नामक रेशम के उत्पादन और ऐतिहासिक इमारतों के कारण यह तुलना की गई है।

सिवनी में गोदावरी नदी की सहायक नदी वैनगंगा का उद्गम स्थल है। जिले की जीवन रेखा कही जाने वाली वैनगंगा नदी ग्राम मुंदारा से निकलती है। गांव के पास स्थित रजोला ताल के एक कुंड से वैनगंगा नदी निकलती है।

इतिहास

सिवनी जिले का इतिहास बहुत पुराना नहीं है लेकिन ऐसा माना जाता है कि पहले सिवनी बहुत छोटा गांव था। यहां पर बरार के वाकाटक राजवंश का राज था। पिंडारई के हजारी गोंड के पास एक ताम्रपत्र था, जिसमें वाकाटक वंश के गांवों का जिक्र मिलता है। इनके बाद सिवनी में 12वीं शताब्दी तक कलचुरियों के शासन का उल्लेख मिलता है। अन्य ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार मंडला के गोंड राजाओं के 52 गढ़ों में एक महत्वपूर्ण स्थल सिवनी भी रहा है। पूर्व में सिवनी की सत्ता का केंद्र छपारा रहा था। जो सन् 1774 में छपारा से बदलकर सिवनी मुख्यालय हो गया था। इसी समय दीवानगढ़ी का निर्माण हुआ और सन् 1853 में मराठों के पतन एवं रघु तृतीय की मृत्यु निःसंतान होने के कारण यह क्षेत्र ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रभाव में आ गया। सन् 1857 की क्रान्ति के पश्चात् कम्पनी का समस्त शासन ब्रिटिश हुकूमत के अधीन हो गया। मुख्यालय में दीवान साहब का सिवनी ग्राम, मंगलीपेठ एवं भैरोगंज ग्राम मिलकर सिवनी नगर बना इसके बाद सन् 1867 में सिवनी नगर पालिका का गठन हुआ। वर्ष 1904 में बंगाल-नागपुर भैरोगेंज रेलवे का आगमन सिवनी में हुआ। सन् 1938 में बिजली घर के निर्माण ने नगर में एक नये युग का सूत्रपात किया। वर्ष 1939 से 1945 के मध्य द्वितीय विश्व युद्ध ने अंग्रेजी साम्राज्य की जड़ें हिला दीं। नागपुर से जबलपुर एन.एच.-7 के मध्य स्थित सिवनी न केवल प्रमुख व्यापारिक केन्द्र था, बल्कि जंगल अधिक होने के कारण अंग्रेजों के लिए सुरक्षित स्थान भी था। आजादी के बाद सिवनी सन् 1956 में पुनः जिला बना।

अर्थव्यवस्था

सिवनी जिले की मुख्य फसल गेहूं और चावल है। सिवनी जिले का लखनादौन कालीमूंछ चावल के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यह जिला इमारती लकड़ी का मुख्य स्रोत है। साथ ही यहां वनोपज हर्रा, बहेड़ा, आंवला एवं महुआ भी बहुतायत में होता है। महुए का अधिक उत्पादन होने के कारण सन् 1902 में यहां डिस्टरी का निर्माण हुआ था।

बांस आधारित फर्नीचर एवं अगरबत्ती काड़ी निर्माण यहां के प्रमुख उद्योग हैं। सिवनी में संगमरमर खनिज के रूप में प्रमुखता से पाया जाता है।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवम्बर 1956
2. संभाग- जबलपुर
3. जिला मुख्यालय- सिवनी
4. क्षेत्रफल- 8758 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 1379131
6. लिंग अनुपात- 982
7. जनघनत्व- 157 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 72.12 %
9. तहसीलें - 9 (सिवनी नगर, सिवनी ग्रामीण, लखनादौन, केवलारी, घंसौर, छपारा, बरघाट, कुरई और धनौरा)
10. विकासखंड - 8
11. ग्राम पंचायत- 645
12. ग्राम- 1587
13. नगर पंचायत- 2
14. नगर पालिका- 1
15. विधानसभा क्षेत्र- 4 (सिवनी, बरघाट, केवलारी, लखनादौन)
16. लोकसभा क्षेत्र- 1 (बालाघाट)
17. भाषा एवं बोली- हिन्दी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- सिद्धघाट, वैनगंगा नदी पर स्थित सिवनी जिले का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, जो ग्राम पंचायत बिछुआ रैयत (गंगाटोला) अंतर्गत सिवनी-मण्डला राज्यमार्ग के पास स्थित है। यहां वैनगंगा नदी के मध्य में सिद्धबाबा (शिव जी) का मंदिर है, जो बड़ी-बड़ी चट्टानों पर स्थित है। अपनी विशेष स्थलाकृति के कारण सिद्धघाट सिवनी का भेड़घाट भी कहलाता है।
- सिवनी जिले की तहसील लखनादौन का ग्राम मठधोखरा प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है। यहां दो पहाड़ों के बीच में एक गहरी गुफा है, जिसमें भगवान शिव की मूर्ति एवं बहुत ही प्राचीन शिवलिंग स्थित है। कहा जाता है कि लखनादौन को राजा लखनकुंवर ने बसाया था।
- लखनादौन तहसील में ही आदेगांव किला स्थित है। इसकी नींव 18वीं शताब्दी में नागपुर के रघुजी भोंसले के गुरु नर्मदा भारती द्वारा मराठा शासनकाल में डाली गई थी। किले में कालभैरव का मंदिर है।
- सिवनी जिले के घनौरा में रिछारिया बाबा का बहुत ही प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है। यहां पर दीपावली के बाद 15 दिन का बहुत बड़ा मेला लगता है। मुख्य मंदिर में काले पत्थर की भगवान विष्णु की अष्टभुजी मूर्ति स्थापित है।
- सिवनी की वैनगंगा नदी पर छपारा ब्लॉक में भीमगढ़ संजय सरोवर बांध बनाया गया है। यह मिट्टी से निर्मित एशिया का सबसे बड़ा बांध है।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)

5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-011

(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./7767/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 19.05.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 220/MTN/2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable :** SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

1. Table No. 1 : Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	1	20605580.00
2.	Alirajpur	1	20174984.00
3.	Ashoknagar	1	5014421.00
4.	Balaghat	1	14807739.00
5.	Burhanpur	1	1903788.00
6.	Chhatarpur	1	14228491.00
7.	Chhindwara	2	21865516.00
8.	Dewas	3	28432256.00
9.	Dhar	7	83949905.00
10.	Dindori	1	3330550.00
11.	Guna	3	18579594.00
12.	Gwalior	1	601458.00
13.	Indore	3	55846199.00
14.	Jabalpur	2	29816681.00
15.	Jhabua	1	6571561.00
16.	Katni	2	18595293.00
17.	Khargone	2	12295513.00
18.	Mandsaur	1	5213021.00
19.	Narsinghpur	1	3857754.00
20.	Panna	4	33939702.00
21.	Raisen	1	3755909.00
22.	Rewa	2	17853318.00
23.	Sagar	3	34610682.00
24.	Satna	3	40773233.00
25.	Sehore	2	5782327.00
26.	Seoni	2	24065075.00
27.	Shivpuri	1	4276724.00
28.	Sidhi	3	30805351.00
29.	Singrauli	5	55722334.00
30.	Tikamgarh	1	34532378.00
31.	Ujjain	1	8996708.00
32.	Vidisha	3	21120163.00

2. Table No. 2 : Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Balaghat	5	55048946.00
2.	Betul	1	21265958.00
3.	Chhindwara	1	7493190.00
4.	Dhar	2	12134281.00
5.	Khargone	5	52212549.00
6.	Mandla	3	49584808.00
7.	Narsinghpur	1	7925689.00
8.	Raisen	1	754439.00
9.	Rajgarh	1	10201184.00
10.	Sagar	1	1311129.00
11.	Satna	2	19522860.00
12.	Sidhi	3	38920936.00
13.	Tikamgarh	1	33021460.00
14.	Umaria	1	10958615.00
15.	Vidisha	2	21675342.00

3. Table No. 3 : Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Balaghat	1	4734975.00
2.	Betul	1	10770469.00
3.	Bhopal	2	12157127.00
4.	Chhindwara	2	11956315.00
5.	Dhar	1	16029293.00
6.	Khargone	1	18794560.00
7.	Raisen	1	4776982.00
8.	Sagar	1	15148852.00
9.	Sehore	1	3712373.00
10.	Shajapur	1	9365923.00
11.	Sheopur	1	815546.00
12.	Sidhi	2	13897063.00
13.	Vidisha	3	20664315.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **26.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/109975/2023 **(TENDER)**

R-48562/2023

ऑडियो गाइड की मदद से जानें संग्रहालयों का इतिहास

भोपाल, मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के 7 संग्रहालय में क्यूआर कोड बेस्ड ऑडियो गाइड की शुरुआत की गई है। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने ऑनलाइन माध्यम से इंदौर के लाल बाग पैलेस में क्यूआर बेस्ड ऑडियो गाइड्स की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इतिहास से तकनीक को जोड़ते हुए पर्यटन विभाग की यह नई पहल है। यह नवाचार भावी युवा पीढ़ी को मध्यप्रदेश के समृद्ध इतिहास से रोचक तरीके से परिचय कराएगा। यह ऑडियो गाइड निःशुल्क है। हमारा प्रयास रहेगा कि अन्य राज्य संरक्षित स्मारक एवं संग्रहालयों में भी इस प्रकार की ऑडियो गाइड की सुविधा भविष्य में प्रदान की जाए।

अपर प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री विवेक श्रोत्रिय के साथ सभी अतिथियों ने लाल बाग पैलेस का भ्रमण किया। सभी ने अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर ऑडियो गाइड सुनी और सराहना की। श्री श्रोत्रिय ने बताया कि भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय और जनजातीय संग्रहालय इंदौर का लालबाग पैलेस, ग्वालियर का गुजरी महल पुरातत्व संग्रहालय, धुबेला का महाराजा छत्रसाल संग्रहालय और उज्जैन की वेधशाला एवं त्रिवेणी संग्रहालय में क्यूआर कोड बेस्ड ऑडियो गाइड की शुरुआत की गई है। इसके पहले भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में यह सुविधा प्रदान की जा चुकी है, जिसका सकारात्मक प्रतिसाद मिला है।

सलाहकार, पुरातत्व (मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड) श्री ओ.पी. मिश्रा ने कहा कि यह पहला अवसर है जब मध्यप्रदेश के 7 संग्रहालय में ऑडियो गाइड की सुविधा दी जा रही है। इससे संग्रहालय में प्रदर्शित पुरावशेषों के बारे में दीर्घावार जानकारी पर्यटकों को आसानी से मिल सकेगी। इतिहास को लेकर पर्यटकों की रुचि में वृद्धि होगी। टूरिज्म बोर्ड द्वारा सागो संस्था की मदद से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में पहले से ही यह तकनीक संचालित की जा रही है। साथ ही लाल बाग पैलेस इंदौर में यह तकनीक टेस्टिंग मोड पर है। सागो बडी एप के जरिये पर्यटक अपने मोबाइल में क्यूआर कोड स्कैन कर इतिहास को ऑडियो फॉर्मेट में सुन सकेंगे। संग्रहालयों में क्यूआर कोड लगाये गए हैं, जिसे स्कैन कर इतिहास, विस्तृत विवरण एवं संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

सागो बडी एप (Sago Buddy App)

सागो ट्रेवल बडी एक यात्रा एप है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा यात्रा सूचनाओं को मिला कर यात्रियों/पर्यटकों के अनुभव को बढ़ाया जा सकता है। इसमें यात्रियों की अवश्यकता, रुचि, आयु अनुसार विभिन्न भाषाओं में श्रव्य टूर उपलब्ध है। सागो जीपीएस सूचना, क्यूआर कोड, इमेज सर्च और एग्जिबिटनंबर जैसे सुविधा से सूचना उपलब्ध करवाता है।

ऐसे करें एप डाउनलोड

मोबाइल में प्ले स्टोर पर जाकर सागो बडी एप को डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड करने के बाद आपको भाषा का चयन करना होगा। इसके बाद सागो बडी एप में क्यूआर कोड स्केन करने से पर्यटन स्थल से संबंधित संपूर्ण जानकारी ऑडियो फॉर्मेट में सुनी जा सकेगी।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

सामान्य ज्ञान

1. निम्नलिखित में बौद्ध धर्म में कौन सा आर्य सत्य नहीं है?
अ. दुःख
ब. दुःख समुदाय
स. दुःख भंजन
द. दुःख निरोध गामिनी प्रतिपदा
उत्तर- स. दुःख भंजन

2. निम्नलिखित में से तुषारी किसको कहा जाता है?
अ. कुषाण ब. हूण
स. यवन द. शक
उत्तर- अ. कुषाण

3. गाथा निम्नलिखित में से किस धर्म से संबंधित है?
अ. पारसी ब. हिन्दू
स. बौद्ध द. जैन
उत्तर- अ. पारसी

4. विश्व रेडक्रॉस दिवस कब मनाया जाता है?
अ. 8 मई ब. 6 मई
स. 5 मई द. 1 मई
उत्तर- अ. 8 मई
व्याख्या- इसे वर्ल्ड रेडक्रॉस या रेड क्रीसेंट डे भी कहा जाता है।

5. फ्यूगो ज्वालामुखी कहां स्थित है?
अ. तुर्की
ब. सउदी अरब
स. ग्वाटेमाला
द. इंडोनेशिया
उत्तर- स. ग्वाटेमाला

6. रंग घर कहां स्थित है?
अ. असम ब. त्रिपुरा
स. मेघालय द. मिजोरम
उत्तर- अ. असम
व्याख्या- रंग घर असम के शिवसागर में स्थित एक दो मंजिला भवन है। जिसके विकास के लिए असम सरकार ने एक योजना प्रस्तुत की है।

7. सलीम दुर्रानी किस खेल से संबंधित थे?
अ. क्रिकेट ब. वॉलीबॉल
स. हॉकी द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. क्रिकेट

8. भारत में राष्ट्रीय आय का आकलन सबसे पहले किसने किया था?
अ. सरदार पटेल
ब. महालनोबिस
स. दादाभाई नौरोजी
द. बी.के.आर. राव
उत्तर- स. दादाभाई नौरोजी

9. अमेरिका में सोलर डेकाथलॉन बिल्ड चैलेंज में किस IIT ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है?
अ. आईआईटी रूड़की
ब. आईआईटी कानपुर
स. आईआईटी बॉम्बे
द. आईआईटी दिल्ली
उत्तर- स. आईआईटी बॉम्बे

10. किस देश में वैज्ञानिकों ने ग्रेट पिरमिडों के अंदर छिपे हुये मार्ग की खोज की है?
अ. फ्रांस ब. भारत
स. मिस्र द. यूके
उत्तर- स. मिस्र

11. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने किस राज्य में 1300 वर्ष पुराने बौद्ध स्तूप की खोज की है?
अ. गोवा ब. ओडिशा
स. बिहार द. मध्यप्रदेश
उत्तर- ब. ओडिशा

12. एंटोमोलॉजी किससे संबंधित है?
अ. मनुष्य का व्यवहार
ब. कीड़े
स. चट्टानों का निर्माण
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- ब. कीड़े

13. आंसुओं में कौन सा पदार्थ घुला होता है?
अ. सामान्य नमक
ब. समुद्र
स. स्टार्च
द. ग्लूकोज
उत्तर-अ. सामान्य नमक

14. वनस्पति तेलों को वनस्पति घी में किस प्रक्रिया द्वारा परिवर्तित किया जाता है?
अ. ऊष्मा उपचार
ब. हाइड्रोजनीकरण
स. ऑक्सीजन द्वारा
द. एंजाइमों द्वारा
उत्तर- ब. हाइड्रोजनीकरण

15. फैदम क्या है?
अ. एक मछली ब. एक तार
स. एक माप द. एक धातु
उत्तर- स. एक माप

16. सूती और ऊनी रेशों में किस प्रकार अंतर प्राप्त किया जाता है?
अ. छूकर
ब. हाइड्रोजनीकरण करके
स. ऑक्सीकरण द्वारा
द. जला कर
उत्तर- द. जला कर

17. विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है?
अ. 5 दिसम्बर ब. 14 दिसम्बर
स. 22 दिसम्बर द. 2 दिसम्बर
उत्तर- द. 2 दिसम्बर

18. इनमें से कौन सर्च इंजन नहीं है?
अ. Google गूगल
ब. Yahoo याहू
स. Baidu बीडू
द. विस्टा
उत्तर- द. विस्टा

19. निम्नलिखित में से कौन इनपुट इकाई है?
अ. माउस ब. की-बोर्ड
स. स्कैनर द. इनमें से सभी
उत्तर- द. इनमें से सभी

20. कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न परिणाम क्या कहलाता है?
अ. मेमोरी ब. डाटा
स. आउटपुट द. इनपुट
उत्तर- स. आउटपुट

21. मध्यप्रदेश एकीकरण किस वर्ष हुआ?
अ. 1954 ब. 1955
स. 1957 द. 1956
उत्तर- द. 1956

22. लार किसके पाचन में उपयोगी है?
अ. प्रोटीन ब. स्टार्च
स. फाइबर द. वसा
उत्तर- ब. स्टार्च

23. मुद्रा आपूर्ति किसके द्वारा नियंत्रित की जाती है?
अ. वित्त आयोग
ब. भारतीय रिजर्व बैंक
स. व्यापारिक बैंक
द. W T O
उत्तर- ब. भारतीय रिजर्व बैंक

24. राज्य की कार्यपालिका शक्ति किसमें निहित होती है?
अ. मुख्यमंत्री ब. राष्ट्रपति
स. राज्यपाल द. मंत्रिपरिषद्
उत्तर- स. राज्यपाल

25. निम्नलिखित में से किसे राज्यों में विधान मण्डल का भाग नहीं माना जाता है?
अ. राज्यपाल ब. विधानसभा
स. विधान परिषद् द. मुख्यमंत्री
उत्तर- द. मुख्यमंत्री

26. स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि आयोग की स्थापना निम्नलिखित में किस वर्ष हुई?
अ. 1950 ई. ब. 1955 ई.
स. 1951 ई. द. 1952 ई.
उत्तर- ब. 1955 ई.

27. सूर्यग्रहण के दौरान निम्नलिखित में से क्या होता है?
अ. सूर्य और चन्द्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है।
ब. सूर्य तथा पृथ्वी के बीच चंद्रमा आ जाता है।
स. सूर्य तथा पृथ्वी के बीच ठीक आधी दूरी पर चंद्रमा आ जाता है।
द. पृथ्वी और चंद्रमा के बीच सूरज आ जाता है।
उत्तर- ब. सूर्य तथा पृथ्वी के बीच चंद्रमा आ जाता है।

28. 'ऊर्जा मेजर' अथवा 'बिग बीयर' एक प्रकार है?
अ. तारा ब. ग्रह
स. उपग्रह द. नक्षत्र मण्डल
उत्तर- द. नक्षत्र मण्डल

29. दो प्राथमिक रंग लाल व नीले के मिश्रण से निम्नलिखित में से कौन सा सेकेंडरी रंग प्राप्त होता है?
अ. सफेद ब. पीला
स. मैजेंटा द. काला
उत्तर- स. मैजेंटा

30. विकिरण की कण प्रकृति की पुष्टि किससे की जाती है?
अ. व्यक्तिकरण
ब. प्रकाश वैद्युत प्रभाव
स. विवर्तन
द. ध्रुवीकरण
उत्तर- ब. प्रकाश वैद्युत प्रभाव

31. फोटॉन निम्नलिखित में से किसकी मूलभूत यूनिट/मात्रा है?
अ. प्रकाश ब. गुरुत्वाकर्षण
स. विद्युत द. चुम्बकत्व
उत्तर- अ. प्रकाश

32. निम्नलिखित में से विद्युत प्रतिरोध को मापता है?
अ. एमीटम्र ब. ओम मीटर
स. पोटेंशियो मीटर द. वोल्टा मीटर
उत्तर- ब. ओम मीटर

33. करमाल बण्ट निम्नलिखित में से किसकी बीमारी है?
अ. धान की ब. मटर की
स. राई की द. गेहूं की
उत्तर- द. गेहूं की

34. आनुवांशिकी उत्परिवर्तन होता है?
अ. डी.एन.ए. ब. आर.एन.ए.
स. क्रोमोसोम द. राइबोसोम
उत्तर- स. क्रोमोसोम

35. ज्ञानयोग, कर्मयोग तथा राजयोग नामक रचनायें (पुस्तकें) निम्न में से किसकी हैं?
अ. स्वामी विवेकानंद
ब. महात्मा गांधी
स. राजा राममोहन राय
द. दयानंद सरस्वती
उत्तर- अ. स्वामी विवेकानंद

36. टीगुप दर्रा भारत को किस देश के साथ जोड़ने वाला पर्वतीय मार्ग है?
अ. अफगानिस्तान ब. चीन
स. पाकिस्तान द. म्यांमार
उत्तर- द. म्यांमार

37. भारत का दूसरा बड़ा नदी बेसिन कौन सा है?
अ. महानदी बेसिन ब. नर्मदा बेसिन
स. गोदावरी बेसिन द. कावेरी बेसिन
उत्तर- स. गोदावरी बेसिन

38. खजुराहो का 'कन्दरिया महादेव मंदिर' निम्न में से किसने बनवाया?
अ. परमार ब. चेदि
स. राष्ट्रकूट द. चंदेल
उत्तर- द. चंदेल

39. 'अकबरनामा' किसकी रचना है?
अ. अब्दुल रहीम ख़ानेवाना
ब. अबुल फजल
स. शाहजहां
द. फैजी
उत्तर- ब. अबुल फजल

40. वांडीवाश का युद्ध निम्नलिखित में से किसके बीच हुआ?
अ. फ्रेंच तथा ब्रिटिश
ब. अंग्रेज तथा डच
स. ब्रिटिश तथा अंग्रेज
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. फ्रेंच तथा ब्रिटिश

41. भारतीय संविधान के अनुसार कार्यपालिका का प्रमुख होता है?
अ. राष्ट्रपति
ब. प्रधानमंत्री
स. केंद्रीय गृह मंत्री
द. केंद्रीय वित्त मंत्री
उत्तर- अ. राष्ट्रपति

42. दुनिया के प्रमुख हीरा व्यापार केंद्र के रूप में प्रसिद्ध एण्टवर्प नामक जगह कहां पर स्थित है?
अ. लक्जमबर्ग ब. बेल्जियम
स. फ्रांस द. नीदरलैंड
उत्तर- ब. बेल्जियम

43. 'कयाल' क्या है?
अ. तराई मैदान
ब. गंगा डेल्टा
स. दक्कन का पठार
द. केरल के लैगून
उत्तर- द. केरल के लैगून

44. 'नागिन' झील किस राज्य में स्थित है?
अ. जम्मू और कश्मीर
ब. मध्यप्रदेश
स. उत्तराखण्ड
द. हिमाचल प्रदेश
उत्तर- अ. जम्मू और कश्मीर

45. निम्नलिखित नृत्य शैलियों में से किसका उद्गम पूर्वी भारत से है?
अ. कथकली ब. कुचिपुड़ी
स. भरतनाट्यम द. मणिपुरी
उत्तर- द. मणिपुरी

46. निम्नलिखित में से किस त्योहार में सूर्य की पूजा होती है?
अ. बुद्ध पूर्णिमा ब. छठ
स. टोली द. दीपावली
उत्तर- ब. छठ

47. जल का शुद्धतम् रूप है?
अ. नल का जल ब. आसुत जल
स. वर्षा का जल द. भौम जल
उत्तर- स. वर्षा का जल

48. उर्वरक के अत्यधिक प्रयोग से होता है?
अ. मृदा प्रदूषण ब. जल प्रदूषण
स. वायु प्रदूषण द. उपर्युक्त सभी
उत्तर- द. उपर्युक्त सभी

49. मनुष्य के जीवन में कितने दांत दो बार विकसित होते हैं?
अ. 4 ब. 12
स. 20 द. 28
उत्तर- स. 20

- पूर्वी जैन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं।)

नि:शुल्क खाद्यान्न न मिलने पर सीएम हेल्पलाइन 181 पर करें शिकायत

भोपाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने भोपाल में आयोजित एक बैठक में नि:शुल्क खाद्यान्न एवं अन्य विषयों की समीक्षा करते हुये कहा कि नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण प्रणाली में मिलने वाले गेहूँ एवं चावल न मिलने पर उपभोक्ता इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज करा सकते हैं। बैठक में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था के लिये तैनात सतर्कता समितियों को सुदृढ़ एवं सशक्तिकृत बनाने के लिये बजट में प्रावधान करने पर विचार किया गया है। अध्यक्ष नागरिक आपूर्ति निगम कुंवर प्रद्युम्न सिंह लोधी, उपाध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल, प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव, संचालक खाद्य श्री दीपक सक्सेना एवं प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री तरुण पिथोड़े उपस्थित थे।

एन्यूटी मॉडल पर सुसज्जित होंगी दुकानें

खाद्य मंत्री ने बताया कि भवनविहिन, जीर्णशीर्ण एवं अपर्याप्त भण्डारण क्षमता वाली उचित मूल्य दुकानों को चिन्हित कर एन्यूटी मॉडल पर नई दुकान सह-गोदाम का निर्माण कराया जाएगा। प्रमुख सचिव श्री उमराव ने बताया कि प्रथम चरण में 500 करोड़ रुपये की लागत से 3500 उचित मूल्य दुकानों का निर्माण होगा। प्रति दुकान के निर्माण पर 13 लाख 50 हजार रुपये की लागत आयेगी। नान द्वारा निविदा के माध्यम से दुकानों का निर्माण पीपीपी मोड पर होगा, जिसमें 20 प्रतिशत राशि नान एवं 80 प्रतिशत राशि निजी निवेशक द्वारा लगाई जाएगी।

बैठक में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा से उचित मूल्य दुकानों पर खाद्यान्न भण्डार के लिये निर्मित किये जाने वाले गोदाम निर्माण की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 17 हजार 700 दुकानों में गोदाम सह भवन निर्माण का प्रस्ताव पंचायत एवं ग्रामीण विकास को भेजा जायेगा।

मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना

श्री सिंह ने बताया कि खाद्यान्न वितरण में युवाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिये मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना में 14 जिलों में चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शेष 38 जिलों में चयन प्रक्रिया प्रचलन में है। इसके लिये बैंक में 390 प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं एवं 128 रिक्त सेक्टर्स में पुनः आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

सामान्य हिन्दी

1. जब कर्ता एक काम समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त हो जाए तो उस पहली क्रिया को क्या कहते हैं?
अ. सहायक क्रिया
ब. संयुक्त क्रिया
स. पूर्वकालिक क्रिया
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- स. पूर्वकालिक क्रिया

2. किसका प्रयोग सदैव एक वचन में होता है?
अ. नदी ब. प्रत्येक
स. साधु द. घर
उत्तर- ब. प्रत्येक

3. जो तर्क द्वारा माना जा चुका हो इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है?
अ. तर्क सिद्ध ब. तर्क सम्मत
ब. तर्क शास्त्र द. तर्क साध्य
उत्तर- ब. तर्क सम्मत

4. 'मोहन पिता जी को पत्र लिख रहा है, वाक्य में क्रिया का कौन सा भेद प्रयोग हुआ है?
अ. प्रेरणार्थक ब. नाम धातु
स. अकर्मक द. सकर्मक
उत्तर- द. सकर्मक क्रिया

5. इनमें से कौन सी अच्छे निबंध की विशेषता नहीं है?
अ. कसावट
ब. विषयानुकूलता
स. प्रभावशाली भाषा
द. रुकावट
उत्तर- द. रुकावट

6. किस प्रकार के पत्र में शब्दों का बंधन होता है?
अ. तार
ब. फैक्स
स. पोस्ट कार्ड
द. अन्तर्देशीय पत्र
उत्तर- अ. तार

7. अर्द्ध सरकारी पत्र से क्या तात्पर्य है?
अ. एक सरकारी अधिकारी द्वारा दूसरे सरकारी अधिकारी को लिखा गया औपचारिक पत्र।
ब. एक सरकारी अधिकारी द्वारा दूसरे सरकारी अधिकारी को लिखा गया अनौपचारिक पत्र।
स. एक व्यक्ति द्वारा सरकारी कार्यालय को लिखा गया पत्र।
द. सरकारी कार्यालय द्वारा निजी कंपनी को लिखा गया पत्र।
उत्तर- ब. एक सरकारी अधिकारी द्वारा दूसरे सरकारी अधिकारी को लिखा गया अनौपचारिक पत्र।

8. 'श्रद्धेय, गुरूवर इस सम्बोधन के आधार पर यह किसके द्वारा किसे लिखा जा रहा पत्र माना जा सका है?
अ. शिक्षक द्वारा प्राचार्य को
ब. एक शिक्षक द्वारा दूसरे शिक्षक को
स. छात्र/छात्रों द्वारा शिक्षक को
द. एक कार्यालय द्वारा दूसरे कार्यालय को
उत्तर- स. छात्र/छात्रों द्वारा शिक्षक को

9. किस शैली के अनुसार निबंध में विषय को अनेक खंडों में विभाजित कर विस्तारपूर्वक समझाया जाता है?
अ. व्यास शैली ब. धारा शैली
स. विक्षेप शैली द. समास शैली
उत्तर- अ. व्यास शैली

10. पत्र के अंगों का उचित क्रम है?
अ. सम्बोधन, प्रारंभ, कलेवर, अंत
ब. प्रारंभ, सम्बोधन, अंत, कलेवर
स. प्रारंभ, सम्बोधन, कलेवर, अंत
द. प्रारंभ, अंत, सम्बोधन, कलेवर
उत्तर- स. प्रारंभ, सम्बोधन, कलेवर, अंत

11. भाषा नियमों द्वार नियंत्रित ..... का माध्यम भर नहीं है बल्कि यह हमारी सोच को भी निर्मित करती है?
अ. कला ब. संप्रेषण
स. संस्कृति द. सुंदरता
उत्तर- ब. संप्रेषण

12. भाषा सीखने के प्रमुख चरण हैं?
अ. समझना ब. पढ़ना
स. लिखना द. उपर्युक्त सभी
उत्तर- द. उपर्युक्त सभी

13. भाषा कौशल का एक प्रकार नहीं है?
अ. संचार ब. लेखन
स. श्रवण द. वाचन
उत्तर- अ. संचार

14. निम्नलिखित में से कौन सा निबंध का अंग नहीं है?
अ. विस्तार ब. चरित्र चित्रण
स. भूमिका द. उपसंहार
उत्तर- ब. चरित्र चित्रण

15. निम्न वाक्यों में से कौन सा विधानार्थक वाक्य है?
अ. क्या हमने खाना खाया
ब. शायद हमने खाना खाया
स. हमने खाना नहीं खाया
द. हमने खाना खाया
उत्तर- द. हमने खाना खाया

16. किसी पत्र-पत्रिका के संपादक को निम्न में से किस प्रकार का पत्र नहीं लिखा जा सकता है?
अ. स्पष्टीकरण संबंधी पत्र
ब. अधिसूचना पत्र
स. सुझाव या शिकायत संबंधी पत्र
द. शिकायती पत्र
उत्तर- ब. अधिसूचना पत्र

17. *सरदार पटेल* को लौह पुरुष कहा जाता है। इटैलिक शब्द कौन सी संज्ञा है?
अ. जाति वाचक ब. द्रव्य वाचक
स. व्यक्ति वाचक द. भाव वाचक
उत्तर- स. व्यक्ति वाचक

18. *मैं सीता को पत्र* लिखूंगी। इटैलिक पद का कारक बताएं?
अ. कर्ता कारक ब. कर्म कारक
स. करण कारक द. सम्प्रदान कारक
उत्तर- ब. कर्म कारक

19. गृह स्वामी और .... प्रतीक्षा करते रहे। सही विकल्प का चयन करें?
अ. गृह स्वामिनी ब. ग्रह स्वामिनि
स. गृह स्वामिन द. स्वामिमनी
उत्तर- अ. गृह स्वामिनी

20. *जयचंदों* से देश को बचाइए! इटैलिक संज्ञा का भेद बताइए?
अ. व्यक्ति वाचक संज्ञा
ब. जाति वाचक संज्ञा
स. भाव वाचक संज्ञा
द. समूह वाचक संज्ञा
उत्तर- ब. जाति वाचक संज्ञा

21. संप्रदान कारक का उदाहरण है?
अ. कनुप्रिया जा रही है
ब. गांव वाले नौका से शहर पहुंचे
स. न्यायाधीश ने अपराधी को दंड दिया
द. अनिल मथुरा से आज ही आया है
उत्तर- स. न्यायाधीश ने अपराधी को दंड दिया

22. *हम* पढ़ने जा रहे हैं। इटैलिक सर्वनाम का भेद है?
अ. पुरुष वाचक सर्वनाम
ब. निश्चय वाचक सर्वनाम
स. अनिश्चय वाचक सर्वनाम
द. संबंध वाचक सर्वनाम
उत्तर- अ. पुरुष वाचक सर्वनाम

23. निज वाचक सर्वनाम उसे कहते हैं, जो?
अ. निज हो
ब. पुरुष के बारे में बताए
स. अपनेपन का बोध कराए
द. अन्य पुरुष के बारे में बताए
उत्तर- स. अपनेपन का बोध कराए

24. 'तुम' कौन सा सर्वनाम है?
अ. अन्य पुरुष वाचक
ब. मध्यम पुरुष वाचक
स. निज वाचक
द. संकेत वाचक
उत्तर- ब. मध्यम पुरुष वाचक

25. सार्वनामिक विशेषण किसे कहेंगे?
अ. जो सर्वनाम हो
ब. जो सर्वनाम की विशेषता बताएं
स. जो सर्वनाम विशेषण का काम करे
द. दोनों का काम करें
उत्तर- स. जो सर्वनाम विशेषण का काम करे।

26. *कौन* आदमी आया है। (इटैलिक वाक्य में विशेषण) पद है?
अ. सार्वनामिक ब. गुण वाचक
ब. प्रश्न वाचक द. संबंध वाचक
उत्तर- अ. सार्वनामिक विशेषण

27. उसे *सौ* रुपये दीजिए। (इटैलिक विशेषण का प्रकार है)?
अ. गुण वाचक विशेषण
ब. संख्या वाचक विशेषण
स. परिमाण वाचक विशेषण
द. सार्वनामिक विशेषण
उत्तर- ब. संख्या वाचक विशेषण

28. *'श्रेष्ठतम'* पुरस्कार जीत कर लाओ (इटैलिक शब्द विशेषण की किस अवस्था में है)?
अ. मूलावस्था ब. उत्तरावस्था
स. उत्तमावस्था द. उच्चावस्था
उत्तर- स. उत्तमावस्था

29. *कोई* आदमी चिल्ला रहा है। (इटैलिक शब्द क्या है)?
अ. संज्ञा
ब. सर्वनाम
स. विशेषण
द. सार्वनामिक विशेषण
उत्तर- द. सार्वनामिक विशेषण

30. गीता ठंडा पानी पीती है। इस वाक्य में विशेष्य है?
अ. गीता ब. ठंडा
स. पानी द. पीती है
उत्तर- स. पानी

31. 'स्वर्ग' शब्द से विशेषण बनेगा?
अ. स्वर्गिक ब. गगन
स. स्वर द. सुखी
उत्तर- अ. स्वर्गिक

32. आप थोड़ी-सी चाय पी लें। (इस वाक्य में विशेषण पद है)?
अ. आप ब. थोड़ी-सी
स. चाय द. पी लें
उत्तर- ब. थोड़ी-सी

33. *पीला* फूल देखो। इटैलिक का लिंग है?
अ. पुल्लिंग
ब. स्त्रीलिंग
स. दोनों
द. कोई नहीं
उत्तर- अ. पुल्लिंग

34. कौन सा शब्द इंद्र का पर्यायवाची नहीं है?
अ. देवेन्द्र ब. सुरेश
स. निशाचर द. पुरंदर
उत्तर- स. निशाचर

35. किसानों ने अपने परिश्रम से बंजर जमीन को ..... बना दिया?
अ. उपजाऊ ब. रेतीली
स. अलौकिक द. पथरीली
उत्तर- अ. उपजाऊ

36. 'सिंह' का जो शब्द पर्यायवाची नहीं है, उसे चुनिए?
अ. केसरी ब. शेर
स. हस्ती द. वनराज
उत्तर- स. हस्ती

37. 'सरिता' शब्द के लिए कौन सा शब्द पर्यायवाची है?
अ. अमर ब. गोरस
स. तटिनी द. दृविज
उत्तर- स. तटिनी

38. 'इंद्राणी' शब्द के लिए कौन सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
अ. शची ब. शतावरी
स. इंद्रवधू द. अभिलाषा
उत्तर- द. अभिलाषा

39. मिथ्या शब्द के लिए सही विलोम शब्द है?
अ. सत्य ब. शांति
स. भोगी द. आत्मिक
उत्तर- अ. सत्य

40.'विच्छेद' शब्द का विलोम होगा?
अ. अविच्छेद ब. संधि
स. अश्रील द. श्वेत
उत्तर- ब. संधि

41. 'अंधे की लकड़ी' मुहावरे का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?
अ. श्रवण अपने माता-पिता के लिए अंधे की लकड़ी था।
ब. अंधे की लकड़ी पकड़कर चलना चाहिए।
स. अंधा व्यक्ति लकड़ी पकड़कर चलता है।
द. तुम्हें अंधे व्यक्ति की लकड़ी पकड़नी चाहिए।
उत्तर- अ. श्रवण अपने माता-पिता के लिए अंधे की लकड़ी था।

42. असम्भव काम को करने की बात करने वाले के लिए कौन सा मुहावरा उपर्युक्त रहेगा?
अ. आकाश में उड़ना
ब. आकाश के तारे तोड़ना
स. आकाश-पाताल एक करना
द. आकाश के तारे गिनना
उत्तर- ब. आकाश के तारे तोड़ना

43. मोहन की बातों पर ध्यान मत दो क्योंकि वह तो ..... काम करता है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित मुहावरा चुनिए।
अ. आग में घी डालने का
ब. आग बुझाना
स. आग उगलना
द. आग सुलगाने का
उत्तर- अ. आग में घी डालने का

44. नीलम ने मिठाई खाई। इस वाक्य में कर्म कौन सा है?
अ. नीलम ब. मिठाई
स. खाई द. कोई नहीं
उत्तर- ब. मिठाई

45. वह पानी *पी रहा* है। इटैलिक क्रिया का भेद है?
अ. अकर्मक ब. सकर्मक
स. द्विकर्मक द. प्रेरणार्थक
उत्तर- ब. सकर्मक

46. लड़कियां गाना गा चुकी हैं। इस वाक्य में सहायक क्रिया कौन सी है?
अ. गाना ब. गा
स. चुकी है द. गा चुकी हैं
उत्तर- स. चुकी है

47. सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं?
अ. जिसमें कर्म हो
ब. जिसमें कर्म न हो
स. दोनों स्थिति में
द. कोई भी न हो
उत्तर- अ. जिसमें कर्म हो

48. अब आप खाना खा सकते हो। इस वाक्य में मुख्य क्रिया क्या है?
अ. खाना ब. खा
स. सकते हो द. खा सकते हो
उत्तर- ब. खा

49. तुम यहां आकर *बैठ जाओ* इटैलिक क्रिया का भेद बताओ?
अ. सहायक क्रिया
ब. मुख्य क्रिया
स. संयुक्त क्रिया
द. सकर्मक क्रिया
उत्तर- स. संयुक्त क्रिया

50. किसी काम के करने या होने का बोध कराने वाले पद को कहते हैं?
अ. क्रिया ब. कर्म
स. संज्ञा द. विशेषण
उत्तर- अ. क्रिया

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

दिव्यांगों के लिए प्रदेश में बनेगा शिकायत पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन से होगा लिंक

भोपाल, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने बताया कि दिव्यांगजन अपने पेंशन प्रकरण, बीमा, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जैसी तमाम आवश्यकताओं को पूरा करने में आ रही समस्याओं की दिव्यांग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप पोर्टल का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी दिव्यांगों की मदद करने में कोताही बरतता है तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

श्री पटेल ने कहा कि राज्य शासन द्वारा दिव्यांगजनों की शिकायतें सुनने के लिए अलग से एक पोर्टल बनाया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन की तरह काम करने वाले इस पोर्टल पर केवल दिव्यांग ही शिकायत कर सकेंगे। यह पोर्टल सीएम हेल्पलाइन पोर्टल से लिंक होगा। शिकायत दर्ज कराने के लिए अलग से एक नंबर भी जारी किया जाएगा।

नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और अटल पेंशन योजना के 8 साल पूरे

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के हाल ही में 9 मई, 2023 को आठ साल पूरे हो गए हैं। ये योजनाएं लोगों को सोशल सिक्योरिटी और किफायती बीमा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन तीनों योजनाओं की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 9 मई, 2015 में पश्चिम बंगाल के कोलकाता से की थी। सरकार ने असंगठित वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने के लिए दो बीमा योजनाएं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू की थी। वहीं सरकार ने वृद्धावस्था में होने वाली अत्यावश्यकता को कवर करने के लिए अटल पेंशन योजना शुरू की थी। ये तीनों योजनाएं नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित हैं, जो अप्रत्याशित घटना और वित्तीय अनिश्चितताओं से मानव जीवन को सुरक्षित करने की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हैं। इन योजनाओं ने देशभर में लाखों लोगों के लिए वित्तीय समावेशन, जीवन सुरक्षा और पेंशन लाभ सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 26 अप्रैल, 2023 तक पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 16.2 करोड़, 34.2 करोड़ और 5.2 करोड़ नामांकन किए गए हैं।

भारत सरकार की पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई योजनाओं से लाखों भारतीयों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इन योजनाओं ने न केवल सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है बल्कि देश भर में वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जीवन बीमा और पेंशन विकल्पों के माध्यम से सरकार ने लोगों को अप्रत्याशित घटनाओं से खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने और सुरक्षित भविष्य की योजना बनाने के लिए भारत को सशक्त बनाया है। पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के आठ साल पूरे होने से सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय समावेशन की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इन योजनाओं ने लाखों परिवारों को आत्मविश्वास और मन की शांति भी प्रदान की है। भारत की आबादी के एक बड़े हिस्से को जीवन बीमा और पेंशन का लाभ देकर, सरकार ने एक सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) एक साल की जीवन बीमा योजना है, जो किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु पर कवरेज प्रदान करती है। इसका साल-दर-साल नवीकरण किया जाता है। यह योजना 436 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम के बदले किसी भी कारण से मृत्यु के मामले में दो लाख रुपये का जीवन बीमा

प्रदान करती है। पीएमजेजेबीवाई में अब तक कुल 16 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। इस योजना ने 6.64 लाख परिवारों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है और बीमा दावों के रूप में इन परिवारों को 13,290 करोड़ रुपये मिले हैं।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) की बात करें तो यह एक साल की दुर्घटना बीमा योजना है, जो दुर्घटना के कारण मृत्यु या विकलांगता के लिए कवरेज की पेशकश के लिए साल-दर-साल नवीकरणीय है। यह योजना 20 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम के बदले दो लाख रुपये का आकस्मिक मृत्यु सह विकलांगता कवर प्रदान करती है। पीएमएसबीवाई के तहत अब तक कुल 34 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। पीएमएसबीवाई योजना के तहत 1.15 लाख से अधिक परिवारों को 2,302 करोड़ रुपये के दावे प्राप्त हुए हैं।

अटल पेंशन योजना

हर व्यक्ति अपने आने वाले कल के बारे में सोचता है, ताकि आने वाले समय में वह आरामदायक जीवन जी सके। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत, लाभार्थी को 60 वर्ष की आयु के बाद, लाभार्थी द्वारा किए गए योगदान के आधार पर एक हजार से पांच हजार तक की गारंटीकृत न्यूनतम मासिक पेंशन प्राप्त होगी। इसी के साथ एपीवाई की अब तक 5 करोड़ से अधिक लोगों ने सदस्यता ली है। इस योजना का उद्देश्य भारत के सभी नागरिकों, विशेष तौर पर असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को वृद्धावस्था आय सुरक्षा प्रदान करना है। आज यह योजना भारत सरकार की एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना बन चुकी है। अटल पेंशन योजना पूरे देश में व्यापक रूप से लागू है, जिसमें सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया गया है। अब तक एपीवाई में प्रबंधन के तहत कुल परिसंपत्ति (एयूएम) 28,434 करोड़ रुपये से भी अधिक आंकी गई है और इस योजना ने अपने शुभारंभ से लेकर अब तक 8.92% का निवेश रिटर्न अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 में नए नामांकन में 20% की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में नए नामांकन में 25% की वृद्धि दर्ज की गई थी।

इस योजना में व्यक्ति जितना जल्दी निवेश करता है उसे उतनी जल्दी इस योजना का लाभ मिलता है। आप इसको इस तरह से समझ सकते हैं कि यदि आप 18 साल की उम्र में इस योजना में निवेश करते हैं तो आपको प्रतिमाह 210 रुपये जमा करने होंगे और योजना समाप्त होने के बाद आपको 60 वर्ष की उम्र के बाद 5 हजार रुपये मासिक पेंशन मिलना शुरू हो जाएगी। वहीं यदि आप 1000 रुपये की मासिक पेंशन पाना चाहते हैं तो आपको 42 रुपये मासिक जमा कराने होंगे।

प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध सरकार

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में वित्त मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि इसने 6 लाख 64 हजार परिवारों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है, जिन्हें 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक का दावा प्राप्त हुआ है। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत एक लाख 15 हजार से अधिक परिवारों को दो हजार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक के दावे प्राप्त हुए हैं। मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दावा प्रक्रिया के सरलीकरण के परिणामस्वरूप दावों का तेजी से निपटान हुआ है। इन योजनाओं की पहुंच को अधिकतम करने के लिए लक्षित दृष्टिकोण के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पूरे देश के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक लक्षित दृष्टिकोण अपनाया है और योजना के तहत पूरे देश में पात्र लाभार्थियों को कवरेज प्रदान करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभियान चलाए जा रहे हैं।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?
(अ) हरभजन सिंह
(ब) अनिल कुंबले
(स) कपिल देव
(द) रविचंद्रन अश्विन

2. महान एथलीट उसेन बोल्ट ने आखिरी बार किस ओलिंपिक में हिस्सा लिया था?
(अ) बीजिंग ओलिंपिक
(ब) लंदन ओलिंपिक
(स) रियो ओलिंपिक
(द) टोक्यो ओलिंपिक

3. भारत ने किस खिलाड़ी की कप्तानी में पाकिस्तान में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती थी?
(अ) अजित वाडेकर
(ब) मोहम्मद अजहरूद्दीन
(स) सुनील गावस्कर
(द) सौरव गांगुली

4. नोवाक जोकोविच ने वर्ष 2022 में कौन-सा ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है?
(अ) विम्बलडन
(ब) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(स) अमेरिकी ओपन
(द) फ्रेंच ओपन

5. फ्रांस ने कितने बार फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप जीता है?
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं

6. इस वर्ष अगस्ता मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता है?
(अ) जॉन रहेम (ब) टाइगर वुड्स
(स) हिदेकी मातसुयामा
(द) स्कॉटी शिफलर

7. वर्ष 2030 में एशियाई खेलों की मेजबानी किस देश को दी गई है?
(अ) जापान (ब) इंडोनेशिया
(स) सउदी अरब (द) कतर

8. अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) का मुख्यालय किस देश में है?
(अ) रूस (ब) कजाकिस्तान
(स) स्विट्जरलैंड (द) भारत

9. इनमें से किस पूर्व क्रिकेटर को पाकिस्तान क्रिकेट टीम का निदेशक बनाया गया है?
(अ) वसीम अकरम
(ब) जॉटी रोड्स
(स) इंजमाम उल हक
(द) मिकी आर्थर

10. वर्ष 2022 में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक वर्ल्ड चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी?
(अ) ब्रिटेन (ब) अमेरिका
(स) बेल्जियम (द) नीदरलैंड

11 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान हैं?
(अ) योगेश्वर दत्त
(ब) सुशील कुमार
(स) रवि कुमार दाहिया
(द) इनमें से कोई नहीं

12. अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(अ) वर्ष 1924 (ब) वर्ष 1925
(स) वर्ष 1930 (द) वर्ष 1934

13. इंग्लैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मौजूदा कप्तान हैं?
(अ) जॉर्डन पिकफोर्ड
(ब) काइल वॉकर
(स) बुकायो साका
(द) हैरी केन

14. वर्ष 2015 में किस देश ने आईसीसी वन डे वर्ल्डकप का खिताब जीता था?
(अ) इंग्लैंड (ब) वेस्टइंडीज
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) न्यूजीलैंड

15. ताई जू यिंग किस देश की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी हैं?
(अ) हांगकांग (ब) जापान
(स) थाइलैंड (द) ताइवान

16. शुभंकर शर्मा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) क्रिकेट (ब) एथलेटिक्स
(स) गोल्फ (द) हॉकी

17. किस खिलाड़ी के नाम वनडे क्रिकेट वर्ल्डकप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड है?
(अ) विराट कोहली
(ब) मार्टिन गुप्टिल
(स) कुमार संगाकारा
(द) इयान मोर्गन

18. इस वर्ष खेले गए महिला प्रीमियर लीग का खिताब किस टीम ने जीता है?
(अ) मुंबई इंडियंस
(ब) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
(स) दिल्ली कैपिटल्स
(द) गुजरात जाइंट्स

19. वर्ष 2022 में किस क्लब ने इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब जीता था?
(अ) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(ब) मैनचेस्टर सिटी
(स) लिवरपूल
(द) टॉटनहम हॉटस्पर

20. इनमें किस खेल से संबंधित खेल परिसर को वेलोड्रम कहा जाता है?
(अ) साइक्लिंग (ब) मुक्केबाजी
(स) तैराकी (द) तीरंदाजी

21. वर्ष 2019 में किस देश ने होपमैन कप टेनिस प्रतियोगिता जीती है?
(अ) रूस (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) स्लोवाकिया (द) स्विट्जरलैंड

22. अचंत शरत कमल ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार

23. पैरा एथलीट दीपा मलिक ने किस वर्ष पैरालिंपिक खेलों में रजत पदक जीता है।
(अ) एथेंस 2004
(ब) बीजिंग 2008
(स) लंदन 2012
(द) रियो 2016

24. फीफा वर्ल्डकप-2022 में किस खिलाड़ी को बेस्ट यंग प्लेयर चुना गया है?
(अ) एंजो फर्नांडिज
(ब) जूड बेलिंघम
(स) गावी
(द) ऑरेलिन टचिमैनी

25. इनमें से किस देश ने अब तक आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी नहीं जीती है?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) इंग्लैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) वेस्टइंडीज

उत्तर

1. (ब), 2. (स), 3. (द), 4. (अ), 5. (ब), 6. (अ), 7. (द), 8. (स), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (द), 14. (स), 15. (द), 16. (स), 17. (ब), 18. (अ), 19. (ब), 20. (अ), 21. (द), 22. (स), 23. (द), 24. (अ), 25. (ब)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

आईसीसी ने विवादास्पद नियम सॉफ्ट सिग्नल को किया खत्म

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में तीन बड़े बदलाव किए हैं। आईसीसी ने मैच के दौरान मैदानी अंपायर द्वारा दिये जाने वाले विवादास्पद नियम सॉफ्ट सिग्नल को खत्म करने का फैसला किया है। आईसीसी ने कहा कि संदेहास्पद कैचों के लिए अब मैदानी अंपायर को टीवी अंपायर को रेफर करने के लिए सॉफ्ट सिग्नल देने की जरूरत नहीं होगी। यह नियम एक जून 2023 से लागू होगा।

आईसीसी की पुरुष क्रिकेट समिति के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि मैदानी अंपायर अब किसी भी संदेहास्पद कैच के लिए सीधे टीवी अंपायर से सलाह लेंगे। उन्होंने कहा कि समिति ने इस पर विचार किया और इस नतीजे पर पहुंची है कि अब क्रिकेट में सॉफ्ट सिग्नल नियम की जरूरत नहीं है। इस नियम से कई बार भ्रम की स्थिति बन जाती थी।

आईसीसी ने इसके अलावा हाई रिस्क पोजिशन पर खिलाड़ियों के लिए हेलमेट लगाना अनिवार्य कर दिया है। सौरव गांगुली ने बताया कि जब तेज गेंदबाज, गेंदबाजी कर रहा हो तब बल्लेबाज को, जब विकेटकीपर स्टंप्स के नजदीक खड़े होकर कीपिंग करे, तो विकेटकीपर को और जो क्षेत्र रक्षक बल्लेबाज के बेहद नजदीक फील्डिंग करते हैं, उन्हें हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हाई रिस्क पोजिशन में हेलमेट का उपयोग अनिवार्य होना उचित है।

इसके साथ ही आईसीसी ने फ्री हिट के नियमों में भी बदलाव किए हैं। अब बल्लेबाज फ्री हिट पर बोल्ड होने के बावजूद रन बना सकता है।

नए नियम के तहत यदि अब फ्री हिट पर गेंद स्टंप्स पर लगती है और बल्लेबाज उस दौरान भागकर रन लेता है तो उस रन को वैध रन माना जाएगा। इस रन को बाय माना जाएगा और टीम के स्कोर में जोड़ा जाएगा।

क्या है सॉफ्ट सिग्नल नियम

मैच के दौरान मैदानी अंपायर अगर कोई कैच टीवी अंपायर के पास रेफर करता है, तो उसे सॉफ्ट सिग्नल के जरिए यह बताना होता था कि उसकी राय क्या है, उसकी नजर में डिसीजन आउट है या नॉट आउटा भले ही मैदानी अंपायर कैच को लेकर अस्पष्ट हो। मैदानी अंपायर ने सॉफ्ट सिग्नल में जो निर्णय दिया है, उसे टीवी अंपायर तब तक नहीं बदल सकता, जब तक उसके पास निर्णय करने के लिए पुख्ता सबूत न हो। अगर टीवी अंपायर भी कैच को लेकर स्पष्ट नहीं है, तो इस स्थिति में मैदानी अंपायर के सॉफ्ट सिग्नल को अंतिम निर्णय मान लिया जाता है।

खेल चर्चा

दक्षिण अफ्रीका ने बनाई वन-डे विश्वकप में जगह

केपटाउन, दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम ने इस वर्ष भारत में खेले जाने वाले आईसीसी वन-डे विश्वकप में जगह बना ली है। बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच खेली गई वन-डे सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इस मैच के रद्द होने का फायदा दक्षिण अफ्रीका को मिला। दक्षिण अफ्रीका आईसीसी वन-डे विश्वकप में जगह बनाने वाली आठवीं टीम बन गई है। इस विश्वकप के लिए दक्षिण अफ्रीका से पहले रैंकिंग के आधार पर भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और बांग्लादेश क्वालिफाई कर चुके हैं। आईसीसी वन-डे विश्वकप का आयोजन इस वर्ष भारत में होना है। इस विश्वकप में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। विश्वकप के लिए शेष दो टीमें विश्वकप क्वालिफायर टूर्नामेंट के जरिए तय होंगी। यह टूर्नामेंट जून-जुलाई में जिम्बाब्वे में खेला जायेगा। इस टूर्नामेंट में पूर्व विश्व चैम्पियन श्रीलंका और वेस्टइंडीज की टीमें भी खेलती हुई नजर आयेंगी।

एफबीके खेलों में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा जून माह में नीदरलैंड्स के हेंगलो में आयोजित होने वाले फैनी ब्लैंकर्स कोएन गेम्स (FBK) में हिस्सा लेंगे। एफबीके गेम्स एक डच एथेलेटिक्स मीट है, जो प्रतिवर्ष फैनी ब्लैंकर्स कोएन स्टेडियम में आयोजित की जाती है। यह प्रतियोगिता एलीट लेवल वर्ल्ड एथेलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड का हिस्सा है। एफबीके खेलों के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर नीरज चोपड़ा की इस प्रतियोगिता में भाग लेने की जानकारी दी है। इस सत्र में नीरज दूसरी बार किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इससे पहले नीरज ने दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया और स्वर्ण पदक भी जीता था।

फखर जमान बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज फखर जमान को अप्रैल माह के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। आईसीसी ने जमान के नाम की घोषणा की। आईसीसी ने जमान के अलावा न्यूजीलैंड के मार्क चेपमैन और श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या को नामांकित किया था। जमान ने अप्रैल माह में न्यूजीलैंड के खिलाफ वन-डे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच मैचों में 363 रन बनाये। इनमें दो बेहतरीन शतक भी शामिल हैं। आईसीसी ने महिला वर्ग में थाईलैंड की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नारूमोल चाइवई को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। चाइवई की कप्तानी में थाईलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ वन-डे सीरीज 3-0 से जीती थी। इस सीरीज में चाइवई प्लेयर ऑफ द सीरीज चुनी गई थीं।

एफआईएच प्रो लीग के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग में यूरोप चरण के मैचों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। 24 सदस्यीय भारतीय टीम की कमान अनुभवी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है। भारतीय टीम में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की वापसी हुई है। पाठक के अलावा टीम में पी.आर. श्रीजेश भी गोलकीपर के रूप में खेलेंगे। यूरोप चरण के मैच 26 मई से शुरू होंगे। इस दौरान भारतीय हॉकी टीम को बेल्जियम, ब्रिटेन, नीदरलैंड्स और अर्जेंटीना से दो-दो मुकाबले खेलने हैं। नवनियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम पहली बार मैदान में उतरेगी।

एंडी मरे ने जीता एक्स-एन-प्रोवेंस क्रेडिट टूर्नामेंट

पेरिस, ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने एक्स-एन-प्रोवेंस क्रेडिट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में मरे ने अमेरिका के टॉमी पॉल को 2-6, 6-1, 6-2 से हराया। मैच में टॉमी ने मरे के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की। पहले सेट में टॉमी पूरी तरह हावी नजर आये। उन्होंने पहले सेट को 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में मरे ने जबरदस्त वापसी करते हुए टॉमी को टिकने का कोई मौका नहीं दिया और 6-1 से सेट अपने नाम किया। मैच के तीसरे सेट में भी एंडी मरे ने शानदार प्रदर्शन किया और जीत दर्ज की। मरे ने वर्ष 2019 के बाद पहली बार कोई टूर्नामेंट जीता है।

विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में भारत ने जीते तीन कांस्य पदक

हुसामुद्दीन, दीपक और निशांत बनें पदक विजेता

ताशकंद, भारतीय मुक्केबाजों ने उज्बेकिस्तान में आयोजित विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। चैम्पियनशिप में भारत के लिए मोहम्मद हुसामुद्दीन, दीपक भोरिया और निशांत देव ने कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने पहली बार पुरुष मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में एक साथ तीन पदक जीते हैं।

पहली बार विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में खेल रहे मोहम्मद हुसामुद्दीन से भारत को स्वर्ण पदक की उम्मीद थी। प्रतियोगिता में 57 किलो भार वर्ग में हुसामुद्दीन ने क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया के जेवियर इबानेज को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान हुसामुद्दीन के घुटने में चोट लग गई, जिसके कारण हुसामुद्दीन को क्यूबा के सैदल होर्ता के खिलाफ मैच से हटना पड़ा।

फ्लाई वेट भार वर्ग (51 किलो ग्राम) में भारत के लिए दीपक बोरिया ने कांस्य पदक जीता। दीपक को सेमीफाइनल में फ्रांस के बिलाल बेनामा से हार का सामना करना पड़ा। दोनों मुक्केबाजों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बेनामा ने 4-3 से जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता में भारत के लिए तीसरा कांस्य पदक निशांत देव ने जीता। निशांत ने लाइट मिडिल वेट भार वर्ग (71 किलो ग्राम) के क्वार्टर फाइनल में क्यूबा के जॉर्ज सुलर को नॉकआउट कर सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन वे अपने प्रदर्शन को सेमीफाइनल में बरकरार नहीं रख पाये। सेमीफाइनल में निशांत को कजाखस्तान के असलान बेक शिमबर्गेनोव ने 5-2 से हराया।

दिव्या और सरबजोत की जोड़ी ने निशानेबाजी में जीता स्वर्ण पदक

बाकू, अजरबेजान में आयोजित आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में दिव्या सुब्बाराजू थाडिगोल और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। दिव्या और सरबजोत की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में यह स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बाकू में आयोजित इस विश्वकप में भारत ने एक स्वर्ण दो रजत और एक कांस्य सहित कुल चार पदक जीते हैं।

भारतीय जोड़ी ने स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में 581 अंक हासिल कर शीर्ष पर रहते हुए फाइनल राउंड में जगह बनाई थी। फाइनल राउंड में भारतीय जोड़ी को सर्बिया के जोराना अरूनोविच और दामिर मिकेक की जोड़ी से कड़ी टक्कर मिली। भारतीय जोड़ी ने बेहद करीबी मुकाबले में सर्बियाई जोड़ी को 16-14 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस स्पर्धा का कांस्य पदक सिमल विल्माज और

इस्माइल केलेस की तुर्किश जोड़ी ने जीता।

प्रतियोगिता में भारत के लिए नैंसी और हृदय हजारिका ने रजत पदक जीते हैं। नैंसी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में रजत पदक जीता, वहीं हृदय हजारिका पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत सके।

विश्वकप में भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। इस स्पर्धा में रिदम सांगवान ने 219.1 अंकों के साथ कांस्य पदक पर निशाना लगाया।

ला लीगा

बार्सिलोना 27वीं बार बना चैम्पियन

बार्सिलोना, स्पेन के दिग्गज फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा का खिताब अपने नाम किया है। बार्सिलोना वर्ष 2019 के बाद पहली बार ला लीगा चैम्पियन बनी है। बार्सिलोना की टीम अब तक 27 बार स्पेनिश लीग जीत चुकी है।

बार्सिलोना ने एस्पियोनल के खिलाफ मैच को जीतकर खिताब पर कब्जा सुनिश्चित कर लिया। इस मैच में बार्सिलोना ने एस्पियोनल को 4-2 से हराया। मैच में बार्सिलोना के स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवान-डोवस्की ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। मैच में लेवानडोवस्की ने 11वें मिनट में अलेजांद्रो बाल्डे के पास पर पहला गोल दागा। इसके बाद 20वें मिनट में बाल्डे ने गोल कर बार्सिलोना की बढ़त को 2-0 कर दिया। मैच के 40वें मिनट में लेवानडोवस्की ने एक और गोल दागा, जिससे पहले हाफ में स्कोर 3-0 से बार्सिलोना के पक्ष में रहा।

दूसरे हाफ में भी बार्सिलोना का दबदबा रहा। मैच के 53वें मिनट में फ्रेंडी डि जांग ने हेडर के जरिए गोल कर बार्सिलोना की बढ़त 4-0 कर दी। एस्पियोनल के लिए मैच के 73वें मिनट में जावी पाउडो और इंजरी टाइम में जोसेलू ने गोल दाग कर बार्सिलोना की बढ़त को कम किया।

बार्सिलोना ने लीग में चार मैच शेष रहते ही खिताब जीत लिया है। लीग में बार्सिलोना ने अब तक 34 में से 27 मैच जीतकर 85 अंक हासिल किए हैं। वहीं दूसरे स्थान पर रियल मैड्रिड है।

- **बार्सिलोना के लेवानडोवस्की ने इस सत्र में सबसे ज्यादा 21 गोल दागे हैं।**
- **रियल मैड्रिड ने 35 बार जीता है ला लीगा खिताब।**
- **कोच जावी हर्नांडेज के मार्गदर्शन में बार्सिलोना पहली बार ला लीगा चैम्पियन बनी है।**

भारत के 82वें ग्रैंडमास्टर बनें वी. प्रणीत

बाकू, भारत के 15 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी वी. प्रणीत ने अजरबेजान में आयोजित बाकू ओपन के अंतिम दौर में अमेरिका के हांस नीमन को हराकर ग्रैंडमास्टर टर्म हासिल किया है। प्रणीत भारत के 82वें ग्रैंडमास्टर बने हैं। नीमन के खिलाफ जीत से प्रणीत को रेटिंग में 2500 अंक के पार जाने में मदद मिली। इससे पहले प्रणीत ने मार्च 2022 में अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया था। प्रणीत ने कहा कि मेरा अगला बड़ा इवेंट कजाखस्तान में होने वाली एशियन शतरंज चैम्पियनशिप है और उसमें मुझे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि भारत के पहले ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आंनद हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• म्यांमार में •

मोका चक्रवात ने मचाई तबाही

शक्तिशाली तूफान मोका के म्यांमार में दस्तक देने के बाद देश के पश्चिमी तट के पास के इलाकों में 12 फिट तक समुद्र

- **चक्रवात के कारण म्यांमार के कुछ हिस्से में संचार संपर्क टूट गया है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।**

का पानी भर जाने के कारण वहां फंसे करीब 1,000 लोगों को बचावकर्मियों ने निकाला। हालांकि चक्रवात से हुई क्षति और मृतकों की संख्या अभी ज्ञात नहीं है। सितवे में 'रखाइन यूथ फिलांथ्रोपिक एसोसिएशन' के एक नेता के अनुसार तेज हवाएं चलने के कारण हुई घटनाओं में 700 से अधिक लोग घायल हो गए और करीब 20,000 लोगों ने सितवे में मठों, पैगोडा और स्कूलों जैसे स्थानों पर शरण ली है। उन्होंने बताया कि चक्रवात मोका के रखाइन राज्य में दस्तक देने के बाद तटीय क्षेत्र में निचले इलाकों में समुद्र का पानी घुस आया है। निवासी घरों की छतों पर और ऊपरी मंजिलों पर शरण लिए हुए हैं जबकि तेज हवाओं और आंधी के कारण तत्काल बचाव कार्य में बाधा आ रही है। उन्होंने नागरिक संगठनों और अधिकारियों से सहायता भेजने और निवासियों को वहां से निकालने की अपील की।

पुरी और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत

नया भारत स्वदेशी तकनीक का निर्माण कर रहा है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा में 8000 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक रेल

- **ओडिशा में शत-प्रतिशत विद्युतीकृत रेल नेटवर्क का उद्घाटन किया गया।**
- **पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई।**
- **प्रधानमंत्री ने संबलपुर-टिटलागढ़ रेल लाइन के दोहरीकरण, अंगुल-सुकिंदा के बीच एक नई ब्रॉड गेज रेल लाइन, मनोहरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-जम्शा को कनेक्ट करने वाली तीसरी लाइन और विझुपाली-झारतरभा के बीच एक नई ब्रॉड गेज रेल लाइन को भी समर्पित किया।**

परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लोगों को आज वंदे भारत एक्सप्रेस भेंट की जा रही है जो आधुनिक और आकांक्षी भारत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेलवे किसी भी ऐसे नागरिक की पहली पसंद और प्राथमिकता है, जो दूर की यात्रा करना चाहता है। उन्होंने अन्य रेलवे विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिनकी आधारशिला रखी गई है। इनमें पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और आधुनिकीकरण और क्षेत्र में रेल लाइनों का दोहरीकरण और ओडिशा में रेल लाइनों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण समर्पित करना शामिल है।

आजादी के अमृत काल के दौर का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि अगर देश पूरी तरह से एकजुट रहता है तो देश की सामूहिक क्षमताएं शिखर पर पहुंच सकती हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि वंदे भारत एक्सप्रेस ऐसे ही विश्वास का प्रतिबिंब है, जहां यह 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाते हुए देश के विकास का इंजन बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारतीय रेल सबको एक सूत्र में जोड़ती है और बुनती है, इसी कल्पना और विचार के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस भी आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन पुरी और हावड़ा के बीच आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंध को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में पंद्रह वंदे भारत ट्रेनें पहले से ही चल रही हैं जो देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भारत तकनीक का निर्माण स्वदेशी रूप से कर रहा है और उसे देश के कोने-कोने में ले जा रहा है। वंदे भारत ट्रेनों के स्वदेशी निर्माण का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि भारत ने महामारी के दौरान 3जी और टीके जैसी तकनीक विकसित की है। देश में हवाई अड्डों की संख्या 75 से बढ़ कर आज 150 हो गई है, यह जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर विभिन्न तस्वीरों और वीडियो की ओर ध्यान आकृष्ट किया जहां देश के आम नागरिकों को अपनी हवाई यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां आज अध्ययन का विषय बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जब बुनियादी ढांचे के लिए 10 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं तो वह लाखों रोज़गार का सृजन करता है और रेलवे तथा राजमार्ग कनेक्टिविटी द्वारा यात्रा में सुगमता से आगे बढ़कर किसानों को नए बाजारों के साथ, पर्यटकों को नए आकर्षणों और छात्रों को उनके पसंदीदा कॉलेजों के साथ जोड़ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश 'जन सेवा ही प्रभु सेवा' - लोगों की सेवा करना ही ईश्वर की सेवा करना है, की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जगन्नाथ जैसे मंदिरों और पुरी जैसे तीर्थयात्रा के स्थानों का उल्लेख किया जहां सदियों से प्रसाद का वितरण किया जाता रहा है और हजारों निर्धन व्यक्तियों को खाना खिलाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण स्कीम जैसी कल्याणकारी पहलें 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध करा रही हैं और आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला, जल जीवन मिशन तथा पीएम आवास योजना जैसी स्कीमें काम कर रही हैं।

इजराइल ने

गाजा पट्टी में हवाई हमले किए

इजराइली बलों और फिलिस्तीनी आतंकवादियों के बीच संघर्ष लगातार जारी है। इजराइली युद्धक विमानों ने जहां

- **स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, गाजा सिटी स्थित एक इमारत पर हुए इजराइली हवाई हमले में इमारत के सातवें तल पर आग लग गई, जिससे दो लोगों की मौत हुई।**

गाजा पट्टी में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया तो वहीं आतंकवादियों ने इजराइल पर कई रॉकेट दागे।

इस बीच, विदेशी मध्यस्थों द्वारा दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इजराइली हवाई हमले में गाजा पट्टी में दो और आतंकी कमांडर मारे गए थे और इसके साथ ही संघर्ष में अब तक फिलिस्तीनी पक्ष के 33 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, फिलिस्तीन की तरफ से दागे गए रॉकेट से इजराइल में 70 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी।

हमले के बाद इजरायली सेना ने कहा कि उसके युद्धक विमानों ने आतंकी समूह 'इस्लामिक जिहाद' के रॉकेट दागे जाने के ठिकानों पर हमला किया। वहीं गाजा के निवासियों ने राफा शहर के पास खेतों में विस्फोट की जानकारी दी। फिलिस्तीन की तरफ से कई रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल की दक्षिणी सीमा पर सतर्कता आपवर बजाए गए। इससे मिस्र, कतर और संयुक्त राष्ट्र की तरफ से संघर्ष विराम के प्रयासों को झटका लगा है।

अंतरिक्ष में

अब तक का सबसे बड़ा विस्फोट

खगोलविदों ने अंतरिक्ष में अब तक के सबसे बड़े ब्रह्मांडीय विस्फोट को देखा है। उन्होंने अंतरिक्ष में एक ऐसा आग का

- **खगोलविदों ने अब तक के सबसे बड़े विस्फोट को अंतरिक्ष में देखा है।**
- **यह विस्फोट हमारे सौर मंडल से भी 100 गुना बड़ा है। साल 2020 में इसे पहली बार देखा गया था और विस्फोट दो वर्षों से ज्यादा चला।**

गोला देखा है जो हमारे सौर मंडल से 100 गुना ज्यादा बड़ा है। दूर के ब्रह्मांड में अचानक यह तीन साल पहले धधकने लगा था।



खगोलविदों ने कहा कि इस पेचीदा घटना को समझने के लिए और भी ज्यादा शोध की जरूरत है।

इस धमाके को AT2021lwx नाम दिया गया है। ज्यादातर सुपरनोवा के धमाके कुछ महीनों तक ही चलते हैं, लेकिन उनकी तुलना में यह वर्तमान में तीन साल से ज्यादा समय तक चला है। साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के नेतृत्व वाले खगोलविदों का मानना है कि यह विस्फोट गैस के एक विशाल बादल के कारण हुआ है।

संभवतः यह हमारे सूर्य से हजारों गुना बड़ा है, जिसे एक विशाल ब्लैक होल ने अपने अंदर समा लिया। अध्ययन के मुताबिक यह विस्फोट लगभग 8 अरब प्रकाश वर्ष दूर हुआ था। अभी भी दूरबीनों के एक नेटवर्क से इसका पता लगाया जा रहा है। अंतरिक्ष में अब तक देखे गए सबसे बड़े धमाके से जुड़ा अध्ययन रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के मासिक नोटिस में प्रकाशित किया गया है।

यूक्रेन ने सुखोई समेत चार रूसी फाइटर जेट जमींदोज किए

रूस-यूक्रेन युद्ध गहराता जा रहा है। इस बीच, रूसी समाचार आउटलेट कोमर्सेंट ने बताया है कि रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में यूक्रेनी सीमा के करीब चार रूसी लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया है।

ज्ञात रहे कि कोमर्सेंट, एक सम्मानित, स्वतंत्र व्यापार-केंद्रित दैनिक अखबार है, जिसने अपनी वेबसाइट पर कहा कि ब्रांस्क क्षेत्र में रूस के एक सुखोई Su-34 लड़ाकू-बमवर्षक, एक Su-35 लड़ाकू और दो Mi-8 हेलीकॉप्टर को यूक्रेन सीमा के करीब हवा में ही 'गोली मार दी गई' जिससे वह जमींदोज हो गए। हालांकि कॉमर्सेंट ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताया है कि चार लड़ाकू विमानों को यूक्रेनी सेना ने मार गिराया है, लेकिन यही दावा कई सैन्य ब्लॉगर्स द्वारा किया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने भी इस पर त्वरित टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। यूक्रेन की ओर से भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

दूसरी ओर रूसी राज्य समाचार एजेंसी TASS ने बताया कि एक रूसी Su-34 युद्धक विमान उस क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, लेकिन इसका कोई कारण नहीं बताया गया है। TASS ने एक आपातकालीन सेवा के अधिकारी को यह कहते हुए रिपोर्ट किया कि एक रूसी हेलीकॉप्टर के इंजन में आग लगने के कारण यह यूक्रेन की सीमा से लगभग 40 कि.मी. (25 मील) दूर ब्रांस्क में क्लिंत्सी शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

आइएनएस मोरमुगाओ से ब्रह्मोस का सफल परीक्षण

नौसेना की अग्रिम पंक्ति के मिसाइल विध्वंसक आइएनएस मोरमुगाओ से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। इस मिसाइल ने समुद्र में अपने पहले परीक्षण के दौरान लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदा। नौसेना अधिकारियों के अनुसार विध्वंसक युद्धपोत से दागी गई ब्रह्मोस मिसाइल ने बुल्स आई (लक्ष्य के केंद्र बिंदु) पर निशाना साधा। मोरमुगाओ भारत में निर्मित सबसे शक्तिशाली युद्धपोत में से एक है। इसे दिसंबर 2022 में मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना में कमीशन किया गया था। यह युद्धपोत स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता का बड़ा उदाहरण है। इस युद्धपोत ने भारतीय नौसेना की ताकत को कई गुना बढ़ा दिया है। मोरमुगाओ 30 समुद्री माइल की अधिक गति से चल सकता है। मोरमुगाओ में इजराइल का रडार एमएफ-स्टार लगा है जो हवा में लंबी दूरी के लक्ष्य का पता लगा सकता है।

(सोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।